ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 4, अंक 124, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ऑस्ट्रेलिया को मिल सकती है कड़ी टक्कर 13

जापान के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 14



सरोवर नगरी नैनीताल में गुरुवार को मालरोड और सूखाताल तक रेंगते रहे वाहन, एंबुलेंस भी जाम में फंस गई

जाम का झाम, पुलिस का यातायात प्लान नहीं आया काम

हाल ए नैनीताल

- सरोवर नगरी में फिर बढ़ी पर्यटकों की आमद
- मल्लीताल में माल रोड पर कई घंटे तक लगा जाम

संवाददाता, नैनीताल

नैनीझील में नौकायन करते पर्यटक। ● अमृत विचार

मल्लीताल रिक्शा स्टैंड पर जाम में फंसी एम्बुलेंस। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ईद के बाद एक बार फिर से सरोवर नगरी में सैलानियों की आमद में बढ़ोतरी होने लगी है। जिससे स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर रौनक देखने को मिल रही है। वहीं वाहनों के बढ़ते दबाव के कारण जाम की समस्या भी बढ़ रही है।

गुरुवार को देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में सैलानी नैनीताल की सुंदरता का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचे। सैलानियों ने नैनी झील में नौकायन व बारा पत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का जमकर आनंद लिया। इसके अलावा केप गार्डन, सरियालाल, हिमालय दर्शन, स्नो व्यू आदि क्षेत्रो से नैनीताल की सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया। वहीं पंत पार्क स्थित फड़ बाजार, बड़ा बाजार, भोटिया मार्केट व माल रोड से जमकर खरीदारी भी की।

सैलानियों की भीड़ के कारण वाहनों का दबाब एकाएक बढ़ गया। जिससे पुलिस का यातायात प्लान पूरी तरह से फेल हो गया। गुरुवार को सुबह से ही तल्लीताल से मालरोड और सूखाताल तक सड़कों पर वाहन रेंगते रहे। जिससे सैलानियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को घंटों जाम का झाम झेलना पड़ा। इस दौरान एक मरीज को बीडी पांडे अस्पताल लेकर जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही।

सार-संक्षेप

ग्राफिक ऐरा विश्वविद्यालय में एमओयू के दौरान मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

ग्राफिक एरा व आईएसडीसी के बीच हुआ एमओयू

भीमताल : ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउटेंट्स (एसीसीए) से मान्यता प्राप्त एसीसीए व्यावसायिक योग्यता के साथ एकीकृत बीकॉम (आनर्स) और बीबीए कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (आईएसडीसी) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी छात्रों को ग्राफिक एरा भीमताल से स्नातक की डिग्री के साथ-साथ एसीसीए व्यावसायिक योग्यता हासिल करने में सक्षम बनाएगी। एमओयू पर ग्राफिक एरा के भीमताल परिसर निदेशक (सेनि) कर्नल एके नायर एवं आईएसडीसी के क्षेत्रीय प्रमुख निखिल शर्मा ने हस्ताक्षर किये।

शिप्रा नदी में बनेंगे वायरक्रेट चेक डैम

भवाली : शिप्रा नदी में श्यामखेत स्थित क्लार्क इन होटल के पास से रानीखेत रोड में टीकापुर तक जगह-जगह वायरक्रेट चेक डैम बनाये जायेंगे। शिप्रा कल्याण समिति के अध्यक्ष जगदीश सिंह नेगी ने बताया कि जिलाधिकारी वंदना सिंह की संस्तुति के बाद सिंचाई विभाग ने नपाई का कार्य पूरा कर लिया है। वायरक्रेट चेक डैम का कार्य जल्द ही शुरू हो जायेगा। इससे जल संरक्षण के साथ विभिन्न श्रोत भी रिचार्ज होंगे तथा नदी में जल वृद्धि होगी।

नैनागांव के पास पर्यटकों की गाड़ी पलटी

नैनीताल : दिल्ली से नैनीताल घूमने आये पर्यटक को गाड़ी मोड़ना भारी पड़ गया। बुधवार की देर शाम दिल्ली निवासी पर्यटक अपने परिवार के साथ नैनीताल से घूमकर वापस दिल्ली जा रहे थे तभी नैनागांव के पास उन्होंने अपनी गाड़ी मोड़ी और गाड़ी पलट गई। गाड़ी में पत्नी और दो बच्चे मौजूद थे। हादसे में कोई चोटिल नहीं हुआ। ज्योलीकोट चौकी प्रभारी अविनाश मौर्य ने बताया कि सूचना मिलने के बाद टीम को मौके पर भेजा गया। गाड़ी में दो बच्चों सहित चार लोग मौजूद थे।

उत्तराखंड के छह जनपदों में बाल तस्करी की आशंकाएं सबसे अधिक

बाल विकास संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने समीक्षा बैठक में जताई चिंता

संवाददाता, नैनीताल

जिला सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक लेती बाल विकास संरक्षण आयोग की उपाध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना। ● अमृत विचार

अमृत विचार : राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने देश के 100 जिलों को चिन्हित किया है, जिनमें बाल तस्करी का खतरा अधिक है। इनमें उत्तराखंड राज्य के नैनीताल, पिथौरागढ़, चम्पावत, हरिद्वार, उत्तरकाशी और चमोली जिले भी शामिल हैं। इन जिलों में बाल तस्करी रोकने के लिए बैठक और जागरूकता अभियान चलाया जा चुका है।

यह बात गुरुवार को बाल विकास संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने बाल तस्करी, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल प्रताड़ना, लावारिस और लापता, बाल संरक्षण, निराश्रित बच्चों के संबंध में डीएम कार्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बाल तस्करी, शिक्षा, किशोर न्याय के लिए पुलिस तंत्र के अलाव अन्य विभागों को भी सहयोग करना चाहिए। लोगों को हर बच्चा-मेरा बच्चा के भाव के साथ अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। ये जिम्मेदारी व्यक्ति विशेष नहीं बल्कि समाज की है। डॉ. गीता ने कहा कि बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह, भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए ग्रामीण और शहरी इलाकों में जागरुकता अभियान चलाना जरुरी है। विद्यालय, बाल मित्र थाना, स्वास्थ्य विभाग, सरकारी योजनाओं के माध्यम से भी बाल श्रम, ड्रग, अपराध, तस्करी को रोका जा सकता है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, राज्य-अंतराष्ट्रीय बॉर्डर, होटल, धर्मशाला आदि इलाकों में बाल तस्करी का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। तस्करी के बाद बच्चों को कम्पनियों, होटलों, स्पा सेंटरो, ड्रग सप्लाई आदि के लिए प्रयोग किया जाता है। ऐसे इलाकों में पुलिस, खुफिया तंत्र समेत अन्य विभागों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। बैठक में एडीएम पीआर चौहान, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र मौजूदर रहे।

व्यवहार में बदलाव हो तो सतर्क रहें परिजन

डॉ. गीता खन्ना ने कहा कि पहले समय में बच्चों का दायरा परिवार तक ही सीमित था। आज के आधुनिक समय में बच्चा समाज से जल्दी जुड़ता है। जिससे बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन होता है। ऐसी स्थिति में परिजनों को सतर्क रहने की जरुरत है। अगर स्वभाव, पहनावे, खेलकूद, खानपान या परिजनों को समय नहीं देना या मोबाइल का प्रयोग अधिक करना आदि ऐसी स्थिति होती है तो परिजनों को बच्चों की घर में काउंसिलिंग करने की आवश्यता है।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला जज सुबीर कुमार ने शपथ दिलाई।

नैनीताल जिला बार की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : जिला बार एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जिला जज सुबीर कुमार व विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड बार काउंसिल के चेयरमैन महेंद्र पाल मौजूद रहे।

प्रताप भैया सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने जिला बार के नवनियुक्त अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी, सचिव संजय सुयाल, उपाध्यक्ष अनिल हर्नवाल, उप-सचिव मनीष कांडपाल सहित वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य प्रीति साह, मंजू कोटलिया, स्वाति बोरा, यशपाल आर्या को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों से बार व बेंच के बीच सामंजस्य बनाये रखने की बात कही। नवनियुक्त अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी ने कहा कि बार के पारित प्रत्येक प्रस्ताव का सम्मान करना सभी अधिवक्ताओं का कर्तव्य है। वे हमेशा अधिवक्ता हित को आगे रखकर कार्य करेंगे। सचिव संजय सुयाल ने कहा कि वे सभी अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अधिवक्ता कल्याण के लिये कार्य करेंगे। इस दौरान सीनियर सिविल जज हर्ष यादव, पूर्व अध्यक्ष मनीष मोहन जोशी, नीरज साह, दीपक रुबाली, भानु प्रताप मौनी, हरिशंकर कंसल, ज्योति, प्रकाश बोरा मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने शिविर लगाकर किया रक्तदान

नैनीताल : नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर बीडी पांडे अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शार्दुल नेगी, महिला कांग्रेस महामंत्री सुनीता आर्या, नीरु देवी, सुनीता सिंह, आयुष कुमार, रोहित जोशी, सिद्धार्थ टंडन, अमित गोस्वामी, अभिषेक कुमार, शिवम कुमार, संदीप सिंह, संजय कुमार, मो .अमान ने रक्तदान किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष अनुपम कबडवाल, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. भावना भट्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी, सरस्वती खेतवाल, सावित्री सनवाल, धीरज बिष्ट मौजूद रहे।

बिड़ला इंस्टीट्यूट में योग कार्यक्रम आज

भीमताल : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को बिड़ला इंस्टीट्यूट में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए संयोजक शरद पांडे, सह संयोजक सुनिता पांडे और पारस चंद्र ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 6 बजे से शुरू होगा। उन्होंने योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

मलबा हटाने के लिए जेसीबी तैनात

नैनीताल : आगामी मानसून सीजन को लेकर जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सड़कों से मलबा हटाने के लिए विभाग ने दो जेसीबी हैडाखान, दो मंगोली, दो पंगोट और एक जेसीबी नैनीताल में तैनात कर दी है।

ग्राम पंचायत जांगलिया गांव में उज्ज्वला बैठक में पहुंचे ग्रामीण।

फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना का प्रस्ताव पारित

भीमताल : ग्राम पंचायत जंगलियागांव के पंचायत घर में उज्ज्वला स्वायत्त सहकारिता समूह की बैठक ग्राम प्रधान और अध्यक्ष राधा कुल्याल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत जंगलियागांव व नजदीकी ग्राम पंचायतों में नींबू, माल्टा, कागजी नींबू समेत अन्य चीजें बहुत पाई जाती हैं। जिसको मंडी में किसान भेजते हैं, मगर उचित दाम नहीं मिल पाता है। आजीविका बढ़ाने के लिए सभी सदस्यों ने सहकारिता के माध्यम से फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में लक्ष्मी देवी, ममता, मुन्नी, ममता पडियार, मीना कुल्याल, शांति देवी, लक्ष्मी देवी, पुष्पा आर्य, कमला, राहुल जोशी, चारु बिष्ट, चंदन बिष्ट, अंजू पांडे, विशाल रहे।

राज्यपाल ने दी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई

नैनीताल : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा कि योग शरीर, मस्तिष्क एवं आत्मा को एक सकारात्मक व स्वस्थ जीवन जीने की शक्ति देता है। योग हमें सिखाता है कि कैसे संतुलित जीवन जिया जा सकता है। इस वर्ष की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड योग प्रदेश है। हरिद्वार और ऋषिकेश योग के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं। पूरे विश्व को योग की प्रेरणा भारत से ही मिली है। हमें योग को एक अतिरिक्त काम के तौर पर न लेकर अपने दैनिक जीवनचर्या में योग को अपनाना चाहिए।

स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र है बंगाल: राज्यपाल

नैनीताल, अमृत विचार : राजभवन में गुरुवार को पश्चिम बंगाल राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह सहित उत्तराखंड में निवास कर रहे पश्चिम बंगाल के लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के लोगों ने अपनी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किए। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि बंगाल की धरती स्वाधीनता के जन जागरण का केंद्र रही है। बंगाल की पवित्र भूमि रविन्द्र नाथ टैगोर, सुभाष चन्द्र बोस, स्वामी विवेकानंद जैसी महान विभूतियों की जन्मस्थली है। बंगाल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का केन्द्र रहा है और भारत के महान कलात्मक और बौद्धिक केन्द्रों में से एक रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी राज्य के स्थापना दिवस को हर राज्य में मनाने का निर्णय लिया है जो एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करता है। इस तरह के आयोजन एक-दूसरे राज्य की कला, संस्कृति को जानने का अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही अनेकता में एकता हमारी समृद्ध विरासत को दर्शाते हैं। कार्यक्रम में प्रथम महिला गुरमीत कौर, पश्चिम बंगाल की निवासी शर्मिला मित्रा, पांचाली सेन, कृष्णा दत्ता, तुहिना मित्रा, कोहिना मित्रा उपस्थित रहे।

स्थापना दिवस के मौके पर राज्यपाल के साथ बंगाली समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

विपक्ष ने बरगलाया लेकिन जनता झांसे में नहीं आई : भट्ट

संवाददाता, नैनीताल

नैनीताल में सांसद अजय भट्ट का जोरदार स्वागत हुआ। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सांसद बनने के बाद पहली बार नैनीताल पहुंचे अजय भट्ट का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने तल्लीताल धर्मशाला से नैनीताल क्लब तक बाइक रैली निकाली। रोड शो में खुली गाड़ी पर सवार अजय भट्ट ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए अजय भट्ट ने कहा कि कार्यकर्ताओं की लगन व जनता के आशीर्वाद से इतिहास रचते हुए उन्होंने दूसरी बार भारी जीत दर्ज की है। विपक्ष ने जनता को बहलाने का जो काम किया, जनता उस झांसे में नहीं आई। कार्यकर्ताओं ने दिनरात मेहनत कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध व नैनीताल-रानीबाग रोपवे निर्माण की सभी बाधांए दूर हो गई हैं, जिस पर अब तेजी से कार्य होगा। मंत्री पद नहीं मिलने के सवाल पर भट्ट ने कहा कि वह पार्टी के कार्यकर्ता हैं। शीर्ष नेतृत्व व पार्टी जो ड्यूटी दे उसे निभाते हैं। इस दौरान विधायक सरिता आर्य, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, अरविंद पडियार, विमला अधिकारी, तारा राणा, मोहन नेगी, कैलाश रौतेला, भगवत रावत, संजय वर्मा, मारुति साह, विक्की राठौर, तुलसी कठायत, राधा पांडे खोलिया, दया किशन, विमल बिष्ट, नितिन कार्की, अतुल पाल मौजूद रहे।

नालों की मरम्मत के लिए कवायद शुरू

भीमताल, अमृत विचार : झील के मुख्य स्रोतों में शुमार ड्रेन ए की मरम्मत की आस जगी है। इसके लिए सिंचाई विभाग ने 621 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

अक्टूबर 2021 में आई आपदा से ड्रेन ए की हालत खराब है। जहां एक ओर इस नहर की तलहटी कई जगह पर बह गई है। कई स्थानों पर दोनों तरफ की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हैं। स्थानीय लोग लंबे समय से नहर की मरम्मत की मांग कर रहे थे। नहर क्षतिग्रस्त होने के बाद मलवा निकालते समय इसकी तलहटी में लगाए पत्थर भी क्षतिग्रस्त होने से कई स्थानों पर खतरा उत्पन्न हो गया था। इस प्रस्ताव के स्वीकृत होने के बाद राहत मिलने की उम्मीद है। सिंचाई विभाग के एई दिनेश रावत ने बताया कि वर्तमान में ड्रेन ए की मरम्मत की जा रही है। एक प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। मंजूरी मिलने के बाद निविदा प्रक्रिया शुरू होगी।

बारिश से झील के जलस्तर में सुधार नहीं, किसान निराश

आनंद मणि भट्ट।

भीमताल, अमृत विचार : बुधवार की सांय नगर और आसपास के क्षेत्रों में करीब 21 मिमी बारिश हुई। सिंचाई विभाग के कार्यालय में लगे वर्षा मापक यंत्र के मुताबिक 12 घंटे में वर्षा हुई। बारिश से नालियां उफान पर हैं, भीमताल झील के आसपास का कोई भी जल स्रोत सक्रिय नहीं हो पाया। इससे किसानों में निराशा है। बारिश होने के बाद भी झील का जलस्तर नहीं बढ़ सका है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के मुताबिक झील का जलस्तर लगभग 38 फिट पर स्थिर है। प्रगतिशील किसान आनंद मणि भट्ट ने बताया कि पहली बार इतनी भीषण गर्मी देखी, जिसका असर बागवानी और कृषि पर निर्भर फसलों पर पड़ा है। भीमताल, धारी, रामगढ़ व ओखलकांडा ब्लॉक को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए। बारिश न होने की वजह से किसानों पर बहुत बुरा असर पड़ा है।

बदहाली भीमताल के लोगों में जल संस्थान और विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश, जल्द मुख्यमंत्री को मेजरनामा बनाकर सौंपेंगे व्यापारी

हल्की बारिश में ही चरमरा गई बिजली और पेयजल की व्यवस्था

संवाददाता, भीमताल

- क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन सौंप आपूर्ति सुचारू करने की मांग की
- विद्युत विभाग पर उत्पीड़न का भी लगाया आरोप

अमृत विचार : नगर और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार की सांय हल्की बारिश हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में बिजली व पानी की व्यवस्था चरमरा गई। बिजली-पानी की समस्या से परेशान स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने एक मेजरनामा बनाकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपने का निर्णय लिया है।

होटल कारोबारी राहुल जोशी ने बताया कि विद्युत विभाग जबरन होम स्टे के लिए व्यावसायिक संयोजन लेने के दिए दबाव बना रहा है। वहीं क्षेत्र के लोगों की ट्रांसफामर बदलने की मांग आज तक पूरी नहीं हो पाई है। बताया कि हल्की बारिश और हवा चलने पर पूरे क्षेत्र में बिजली गुल हो जाती है। आये दिन विद्युत लाइनों में फाल्ट के कारण व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

बीते बुधवार की सांय हुई बारिश के बाद पूरी रात बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली न होने के कारण कई स्थानों पर पंप भी नहीं चल पाये। जिससे लोगों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ा। राहुल जोशी समेत भारत लोशाली, नितेश बिष्ट, ललित महरा, रविंद्र कनार्टक, राकेश बृजवासी, कार्तिक कनार्टक ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कार्यप्रणाली में सुधार लाने की मांग की है।

विद्युत विभाग जबरन व्यावसायिक संयोजन के लिए दबाव बना रहा है। क्षेत्र के दो ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है। दिन व रात में बिजली कटौती हो रही है। लो वोल्टेज के कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। -**राहुल जोशी**, होटल कारोबारी

विद्युत विभाग को तकनीकी कर्मचारी रखने चाहिए। बिजली की आपूर्ति समय-समय पर बाधित होती रहती है। गैर तकनीकी कर्मचारियों के कारण कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। -**देवेन्द्र चनौतिया**, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष



बिजली-पानी की समस्या से आये दिन बढ़ रही है। लो और हाई वोल्टेज के कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटक भी इससे परेशान हैं। समस्या का शीघ्र समाधान होना चाहिए। -**नवीन पंत**, स्थानीय निवासी



छह माह से बिजली आपूर्ति में व्यवधान हो रहा है। हल्की बारिश और हवा के कारण दो-दो दिन तक आपूर्ति ठप रहती है। अधिकारी फोन तक नहीं उठाते हैं। जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन को मजबूर होंगे। -**चंद्रशेखर बृजवासी**, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 4, अंक 124, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड ने जीता 13

अमिताभ सर के साथ काम करना बड़ी उपलब्धिः प्रभास 14

धामी पहुंचे गुंजी, आदि कैलाश में करेंगे योग

- सीमांत में आईटीबीपी, बीआरओ व सेना के जवानों से मिले

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पार्वती कुंड आदि कैलाश में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार शाम पिथौरागढ़ जिले के सीमांत क्षेत्र गुंजी पहुंचे। धामी वहां आईटीबीपी, बीआरओ व सेना के जवानों से मिलें।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री धामी को आदि कैलाश में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होना है। मुख्यमंत्री गुरुवार शाम पिथौरागढ़ के सीमांत क्षेत्र गुंजी पहुंचे।

पिथौरागढ़ के गुंजी में आईटीबीपी जवानों से मिलते मुख्यमंत्री धामी। ● एजेंसी

जहां प्रशासन, सेना, आईटीबीपी व बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन व अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बाद में मुख्यमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों व प्रशासनिक अफसरों के साथ मीटिंग कर सीमांत क्षेत्र के विकास और समस्याओं पर चर्चा की। उनका कहना था कि हमारे सीमांत क्षेत्रवासी भी सीमाओं के प्रहरी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं के निदान के निर्देश देते हुए अधिकारियों को कार्य करने के लिए कहा।

जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में नहीं छोड़ेंगे कसर

प्रधानमंत्री ने 3 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी, डल झील लेक पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर करेंगे योग

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम दो दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंचे। दौरे के पहले दिन श्रीनगर में उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाना और जम्मू कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने जम्मू कश्मीर को तीन हजार करोड़ से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी। शुक्रवार को वह डल झील लेक पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दिनों जम्मू एवं कश्मीर में हुई आतंकवादी घटनाओं का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को देश को आश्वस्त किया कि दुश्मनों को सबक सिखाने में वह कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार इस पूर्ववर्ती प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू एवं कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है और आज वो यहां का विकास रोकने के लिए आखिरी कोशिश कर रहे हैं। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अब जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरु हो गई हैं। लोकसभा चुनाव में हुए मतदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है।

युवती का अभिवादन स्वीकार करते मोदी।

इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया

मोदी ने कहा अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू एवं कश्मीर की आवाम की, आपलोगों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं। आपने इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया है।

2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार (जेकेसीआईपी) परियोजना की भी शुरुआत की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मोदी ने कहा कि आज जम्मू एवं कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है।

बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाईकोर्ट ने किया रद

सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी, ईबीसी आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65% किया था

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार को तगड़ा झटका देते हुए पटना उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के लिए सरकारी नौकरियों तथा शिक्षण संस्थानों में दिए जाने वाले आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 फीसदी किए जाने के फैसले को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आरक्षण पर आए पटना हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

इन याचिकाओं में नवंबर 2023 में राज्य सरकार द्वारा जाति आधारित गणना के बाद आरक्षण में वृद्धि को लेकर लाए गए कानूनों का विरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकीलों में से एक रितिका रानी ने कहा अदालत ने हमारी याचिका पर मार्च में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। संशोधनों (आरक्षण में वृद्धि को लेकर) ने संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 20 का उल्लंघन किया है। आज अदालत ने हमारी याचिकाएं स्वीकार कर लीं। दरअसल नीतीश कुमार सरकार ने पिछले साल 21 नवंबर को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में वंचित जातियों के लिए आरक्षण 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की सरकारी अधिसूचना जारी की थी। बिहार सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित गणना के अनुसार राज्य की कुल आबादी में ओबीसी और ईबीसी की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी की कुल आबादी 21 प्रतिशत से अधिक है।

सरकार को झटका

- उपमुख्यमंत्री ने कहा- हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती

भाजपा आरक्षण विरोधी : तेजस्वी

पटना। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग आहत हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग किसी भी हालत में आरक्षण को रोकने का काम करेंगे यह हम लोग शुरू से ही कहते रहे हैं और चुनाव के दौरान भी कहा था कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी हैं।

ईडब्ल्यूएस के कोटे से आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी

सरकार का मानना है कि आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन केंद्र द्वारा ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किये जाने के कारण पहले ही हो चुका है। इसलिए राज्य सरकार अपने आरक्षण कानूनों में संशोधन लेकर आई, जिसके तहत दलित, आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एवं ईबीसी (आर्थिक रूप से कमजोर) वर्ग के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। ईडब्ल्यूएस के लिए कोटा मिलाकर बिहार में आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी। इसके अलावा बिहार सरकार ने केंद्र से यह भी अनुरोध किया था कि राज्य के आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में रखा जाए ताकि इसको लेकर कोई कानूनी अड़चन न उत्पन्न हो सके।

नीट काउंसिलिंग रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

याचिकाओं पर केंद्र, एनटीए को नोटिस उच्च न्यायालयों में सुनवाई पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 को रद करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को केंद्र, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट 2024 परीक्षा से संबंधित कुछ लंबित याचिकाओं पर आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए की चार अलग-अलग याचिकाओं पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

इनमें उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। जैसे ही पीठ ने एनटीए की याचिकाओं पर नोटिस जारी किए, एजेंसी की ओर से पेश वकील ने आग्रह किया कि उच्च न्यायालय के समक्ष इन मामलों में कार्यवाही रोक दी जाए। पीठ ने कहा नोटिस जारी किया जाता है, जिस पर 8 जुलाई तक जवाब दाखिल करना होगा। इस बीच, उच्च न्यायालयों के समक्ष आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी। पीठ ने कई अन्य याचिकाओं पर भी विचार किया, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए उन 20 छात्रों की याचिका भी शामिल है, जो 5 मई को आयोजित परीक्षा रद करने का अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने एनटीए और अन्य को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी गुहार लगाई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने स्पष्ट किया कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगा रही है। यह सब पहले दिन से ही चल रहा है और वे (कुछ याचिकाकर्ता) काउंसलिंग पर रोक चाहते हैं। हमने इससे इनकार किया है।

यूजीसी-नेट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने प्राथमिकी की दर्ज

नई दिल्ली। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संदर्भ के मद्देनजर यूजीसी-नेट पेपर लीक मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गुरुवार को एक प्राथमिकी दर्ज की। यूजीसी-नेट जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और भारतीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पीएचडी में प्रवेश के लिए भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने से संबंधित परीक्षा है जो 18 जून को दो पालियों में पूरे देश में आयोजित की गयी थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से सूचनाएं मिलीं कि प्रश्न-पत्र डार्कनेट पर हैं और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर 5-6 लाख रुपये में बेचे जा रहे हैं। सीबीआई अपराधियों को पकड़ने के लिए डार्कनेट एक्सप्लोरेशन सॉफ्टवेयर और आई4सी के साथ काम करेगी। अधिकारियों ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय की शिकायत के अनुसार, आई4सी से मिली जानकारियां प्रथम दृष्टया इस बात के संकेत देते हैं कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किये जाने की आशंका है।

एक नजर

कटनी में बदमाशों ने मैनेजर को जिंदा जलाया

कटनी। मध्यप्रदेश के कटनी जिले में स्थित एक भट्टा कंपनी के मैनेजर को जिंदा जलाने का मामला सामने आया है। यहां कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम कछगवां में भट्टा कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत सम्मू विश्वकर्मा के साथ देररात अज्ञात बदमाशों ने मारपीट करने के बाद उन्हें जिंदा भट्टा में फेंक दिया। इस घटना में सम्मू का आधे से अधिक शरीर का हिस्सा जलकर राख हो गया। वहां काम करने वाले मजदूर डर के कारण भाग खड़े हुए हैं। इस घटना की जानकारी लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

पूर्व तेज गेंदबाज की चौथी मंजिल से गिरकर मौत

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और कर्नाटक के रणजी खिलाड़ी डेविड जॉनसन की गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने से मौत हो गई। वह 52 वर्ष के थे। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है कि कहीं यह मामला आत्महत्या से जुड़ा तो नहीं। क्रिकेट जगत ने जॉनसन की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

आपराधिक मामलों के आरोपी बाहरी लोग राज्य में नहीं खरीद सकेंगे जमीन

ब्यूरो, देहरादून

- बताना होगा आपराधिक विवरण व जमीन खरीदने का उद्देश्य
- कब्जा बर्दाश्त नहीं, ऐसा करने वालों पर हो कठोर कार्रवाई

अमृत विचार : अब आपराधिक बाहरी व्यक्तियों के लिए राज्य में जमीन खरीदना आसान नहीं होगा। उन्हें जमीन खरीदने के उद्देश्य के साथ ही खुद पर दर्ज मामलों का ब्योरा भी देना होगा। साथ ही राज्य की पुलिस के साथ ही अन्य जांच एजेंसियां भी जमीन खरीदने वाले का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालेंगी।

मुख्यमंत्री धामी ने गुरुवार को मुख्य सेवक सदन में उच्चस्तरीय अधिकारियों की बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य में रह रहे बाहरी लोगों का सघनता से सत्यापन किया जाए। जो भी बाहरी व्यक्ति राज्य में जमीन खरीदना चाहते हैं, उनसे जमीन खरीदने का उद्देश्य, आपराधिक ब्योरा भी मांगा जाए। इसके लिए एक निर्धारित प्रारूप में घोषणा पत्र भरवाया जाए। यदि किसी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज हो तो उसका भी स्पष्ट उल्लेख किया जाए। उन्होंने कहा कि सिर्फ घोषणा पत्र पर भरोसा नहीं किया जाए, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी बाहरी व्यक्तियों की सघन जांच करें और आपराधिक रिकॉर्ड खंगालें। यदि किसी के खिलाफ आपराधिक मामला मिले तो चिन्हित कर निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई की जाए।

इस दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, दिलीप जावलकर, शैलेश बगोली, विनय शंकर पांडेय, एडीजी एपी अंशुमन, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी, अपर सचिव जेसी कांडपाल मौजूद थे।

धनशोधन मामले में अरविंद केजरीवाल को जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीठ ने दो दिनों तक चली सुनवाई के बाद देर शाम आदेश किया पारित

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोर्ट ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को उन्हें जमानत दे दी।

विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने केजरीवाल के जमानत आदेश पर 48 घंटे के लिए रोक लगाने का ईडी का आग्रह भी खारिज कर दिया। ईडी इस दौरान ऊपरी अदालत जा सकती थी। विशेष न्यायाधीश ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर केजरीवाल को रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने साथ ही आप नेता पर कई शर्तें भी लगाई, जिनमें यह शामिल है कि वह जांच को बाधित करने या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। विशेष जज ने केजरीवाल को निर्देश दिया कि जब भी जरूरी होगा, वह अदालत में पेश होंगे तथा जांच में सहयोग करेंगे। विशेष जज ने दिन में ईडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। बचाव पक्ष ने दावा किया कि अभियोजन के पास आप नेता को घेरने के लिए सबूत नहीं है।

पूर्व विधायक काशीराम सहित 6 को सात साल की सजा

रामपुर। राणा शुगर मिल में 12 वर्ष पहले हुए मामले में पूर्व विधायक व भाजपा नेता काशीराम दिवाकर समेत छह लोगों को कोर्ट ने सात-सात साल की सजा और एक लाख एक हजार का जुर्माना लगाया है।

15 जनवरी 2012 की रात शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल में ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने पर विवाद हुआ था। अगले दिन कुछ लोगों ने राणा शुगर मिल पर पथराव किया था। मिल के उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह ने पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, सुरेश बाबू गुप्ता, भारत, किशन पाल, संजू, मेघराज समेत 39 को नामजद कराया था।

20 हजार करोड़ के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआर, मुंबई और नागपुर में ईडी ने की कार्रवाई
- एमटेक समूह और इसके निदेशकों पर की जा रही है छापेमारी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को एक कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, मुंबई और नागपुर में करीब 35 परिसरों में छापेमारी की।

कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की हेराफेरी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि एमटेक समूह और इसके निदेशकों- अरविंद धाम, गौतम मल्होत्रा और अन्य के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीबीआई द्वारा एमटेक सूमह की एसीआईएल लिमिटेड कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ईडी इस मामले में धनशोधन की जांच कर रही है। सीबीआई की प्राथमिकी में कई सूचीबद्ध कंपनियों पर 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की धोखाधड़ी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने भी इस मामले की ईडी से जांच की बात कही है।

मंगलौर और बदरीनाथ सीट पर प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

ब्यूरो, देहरादून

- बदरीनाथ सीट पर राजेंद्र भंडारी ने किया नामांकन, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत रहे मौजूद

अमृत विचार: राज्य की दो विधानसभा सीटों मंगलौर (हरिद्वार) और बदरीनाथ (चमोली) में उपचुनाव पर नामांकन प्रक्रिया जारी है। दोनों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन किए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर धामी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

मंगलौर विधानसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना ने गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे। नामांकन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। मंगलौर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन ने रौशनाबाद स्थित जिला कलेक्ट्रेट में नामांकन किया। उनके साथ कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

उधर, बदरीनाथ सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी ने नामांकन किया। उनके साथ कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत उपस्थित रहे। बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

बिनसर वनाग्नि मामले में अज्ञात के खिलाफ केस

अल्मोड़ा। बिनसर वनाग्नि कांड के आठ दिन बाद वन विभाग ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसमें पांच की मौत हो चुकी है। जबकि तीन दिल्ली एम्स में भर्ती हैं।

बिनसर अभ्यारण्य में 13 जून को आग लगी थी, जिसे बुझाने में चार वन कर्मी मौके पर जिंदा जल गए थे, वहीं गंभीर झुलसे हुए चार के एयरलिफ्ट कर दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। आठ दिन बाद बिनसर वन्य जीव विहार के वन दरोगा जीवन सिंह बोरा ने तहरीर दी है। कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

भारतीयों का धन स्विस बैंकों में 70% घटकर 9,771 करोड़ रुपये

गिरावट का मुख्य कारण बॉण्ड, प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट

नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी

स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है।

स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से गुरुवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है। यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। गिरावट का मुख्य कारण बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है।

- आंकड़ों में वह धन नहीं है जो तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर बैंक में रखे गए हैं

स्विस बैंकों की देनदारियों या बकाया राशियों के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक

एसएनबी द्वारा 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों को 'बकाया राशियों' के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक बताए गए हैं। इनमें ग्राहक जमा में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक (2022 के अंत में 39.4 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 42.7 करोड़ स्विस फ्रैंक (111 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम), न्यासों या ट्रस्टों के माध्यम से एक करोड़ स्विस फ्रैंक (2.4 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) और बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के रूप में ग्राहकों को देय अन्य राशियों के रूप में 30.2 करोड़ स्विस फ्रैंक (189.6 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) शामिल हैं। एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, 2006 में कुल राशि लगभग 6.5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। इसके बाद 2011, 2013, 2017, 2020 और 2021 सहित कुछ वर्षों को छोड़कर यह ज्यादातर नीचे की ओर ही रही है।

धामी सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया, कहा-रामनगर से यात्रा शुरू होने पर कुमाऊं मंडल में धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

हरिशरणं सेवा समिति ने किया रामनगर से चारधाम यात्रा का समर्थन

रामनगर, अमृत विचार : रामनगर चार धाम यात्रा का अंतिम पड़ाव बनता है तो उसका अतीत का खोया गौरव इसे फिर से प्राप्त हो जाएगा। श्री हरिशरणं सेवा समिति के सदस्यों का कुछ ऐसा ही मत है। उनका मानना है कि 1950 से पूर्व चार धाम यात्रा एक परिक्रमा के रूप में हुआ करती थी। लोग पहले हरिद्वार से चारों धाम की यात्रा करने के उपरांत रामनगर में अपनी यात्रा का समापन किया करते थे। तब यहां आने वाले तीर्थ यात्रियों की सेवा करने को लोग अपना सौभाग्य समझते थे। श्री हरिशरणं सेवा समिति ने केंद्र के साथ साथ धामी सरकार से भी आग्रह किया है कि चार धाम यात्रा का अंतिम पड़ाव रामनगर बने। आइये जानते हैं इन लोगों की प्रतिक्रिया...

चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने पर राम की नगरी अध्यात्म की नगरी के नाम से भी विख्यात होगी। युवाओं को रोजगार मिलेगा। रामनगर के लोगों के कारोबार फलीभूत होंगे, तो सरकार के खजाने में राजस्व भी बढ़ेगा। यह राजनीतिक लड़ाई नहीं है। सभी की आस्था इसमें जुड़ी है। सभी को अपनी आवाज सरकार तक पहुंचानी होगी। **-नीरज देवल**

चार धाम यात्रा को यदि रामनगर से सरकार जोड़ती है तो अस्थायी राजधानी गैरसैंण का भी विकास होगा। रामनगर की यह आज की नहीं दशकों पुरानी मांग है। चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने से रामनगर से कर्णप्रयाग तक का मार्ग भी बेहतर हो जाएगा। **-अशोक कुमार अग्रवाल**

हरि इच्छा तो यही है कि चारधाम यात्रा को रामनगर से जोड़ा जाए, क्योंकि सालों बाद स्थानीय लोगों के मन में दबी भावना आज उभरकर सामने आई है। राम की नगरी में चार धाम यात्रा के तीर्थयात्रियों के आगमन से यहां के कारोबार बढेगा। **-शशांक भारद्वाज**, संयोजक व कथा वाचक

चारधाम यात्रा रामनगर से जोड़े जाने कुमाऊं के पौराणिक मन्दिरों को भी बाहर से आने वाले श्रद्धालु भी जान पाएंगे। रामनगर से जुड़ने से इस क्षेत्र का आर्थिक विकास के साथ साथ धार्मिक महत्व भी बढ़ जाएगा। कुमाऊं क्षेत्र में एक हद तक युवाओ का पलायन भी रुक जाएगा। राम की नगरी का नाम अध्यात्म की नगरी के रूप में विख्यात हो यही जनमानस की पुकार है। **-अनुज हुंडीवाल**

चारधाम यात्रा को रामनगर से प्रारम्भ किए जाने की मांग को अब पूरा करने का समय आ चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से बीते दिनों रखा गया यह सुझाव भी स्वागत योग्य है। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस दिशा में जल्द आवश्यक कदम उठाएंगे। उनके बयान से रामनगर के जनमानस में उम्मीद की नई किरण जरूर दिखाई देने लगी है। **-संजीव मित्तल टिल्लू**

रामनगर में यदि आर्थिक विकास के साथ साथ यदि अध्यात्म को महत्व देना है तो चारधाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने की मुहिम से हम सबको जुड़ना ही होगा। सभी को मिलकर सरकार का ध्यान इस जनहित की मांग की ओर आकर्षित करना जरूरी है। यह किसी व्यक्ति विशेष की बल्कि सारे रामनगर के लोगों की मांग है। सभी को अपने स्तर पर प्रयास करने होंगे। **- कुलदीप अग्रवाल**

कुमाऊं और गढ़वाल का द्वार कहलाए जाने वाले रामनगर का हाल सिर्फ पर्यटन व खनन तक सीमित रह गया है। पूर्व में सभी कारोबार रामनगर से मगर आज कारोबार समाप्ति की ओर है। रामनगर के कारोबार को संजीवनी रूपी नई ऊर्जा और नई दिशा देने के लिए चारधाम यात्रा को पूर्व की तरह रामनगर से जोड़ा जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उम्मीद है कि इस दिशा में जनप्रतिनिधि भी सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। **- प्रखर मित्तल**

सार-संक्षेप

लालकुआं तहसील में प्रदर्शन करते भाकपा माले कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

भाकपा माले ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

लालकुआं : प्रसिद्ध लेखक अरुंधति रॉय और कश्मीर यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ दिल्ली के उप राज्यपाल की ओर से मुकदमा चलाने की अनुमति देने से आक्रोशित भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को लालकुआं तहसील में प्रदर्शन किया। साथ ही एक ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा। उन्होंने कहा कि अरुंधति रॉय और डॉ. शौकत हुसैन के खिलाफ 2010 के एक प्रकरण में यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति देना हैरतअंग्रेज व हास्यास्पद निर्णय है। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. कैलाश पांडे, धीरज कुमार, विमला रौथाण, कमल जोशी, निर्मला शाही, बिशन दत्त जोशी, आनंद सिंह दानू, त्रिलोक राम, माया देवी, बीएस आजाद, विशाल, आयशा शामिल रहे।

दो घंटे देरी से पहुंची बाघ एक्सप्रेस

हल्द्वानी : हावड़ा से काठगोदाम तक नियमित चलने वाली बाघ एक्सप्रेस गुरुवार को अपने निर्धारित समय से 2 घंटे देरी से काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंची। आमतौर पर ट्रेन सुबह 9.15 बजे काठगोदाम पहुंचती है, लेकिन देरी से चलने के कारण ट्रेन करीब 11:20 बजे स्टेशन पहुंची। स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि ट्रेन को काठगोदाम से अपने समय पर रवाना किया गया।

चार जुआरी और एक सटोरिया गिरफ्तार

हल्द्वानी : भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान वन विभाग द्वितीय गेट वर्कशॉप लाइन से जुआ खेलते चार लोगों को गिरफ्तार किया। फड़ से 29 सौ रुपये बरामद हुए। आरोपियों में अमर सिंह वर्मा निवासी राजेन्द्रनगर राजपुरा, अमरजीत सिंह निवासी राजेन्द्र नगर राजपुरा, ऋषभ आर्या पुत्र नंद किशोर आर्या निवासी राजेन्द्र नगर राजपुरा व अरविंद सागर गांधीनगर बनभूलपुरा हैं।

भाजपा नगर अध्यक्ष के जन्मदिन पर काटा केक

मदन जोशी के जन्म दिन पर केक काटती महिलाएं।

रामनगर : भाजपा महिला मोर्चा व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य माया रावत के नेतृत्व में भाजपा के नगर अध्यक्ष मदन जोशी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कोसी बैराज स्थित एक रिजॉर्ट में माया रावत ने केक काटते हुए मदन जोशी के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान माया रावत, भावना भट्ट, नीमा मठपाल, मनप्रीत, गीता शर्मा, राजरानी, मनीष अग्रवाल, आशीष ठाकुर मौजूद रहे।

व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन

कालाढूंगी : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कालाढूंगी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि संगठन व्यापारियों के हित का कार्य करेगा। गुरुवार को नगर पंचायत सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार गोयल व संचालन महामंत्री मतलूब ईलाही ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से गिरीश गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमरजीत व नाजिम सैफी को उपाध्यक्ष, सरिता बिष्टानिया को महिला उपाध्यक्ष, पंकज सती को कोषाध्यक्ष, बॉबी पांडे को उप कोषाध्यक्ष, नवीन भट्ट को सचिव, शहजाद अली को उपसचिव, प्रकाश जोशी को संगठन मंत्री, तरुण पाल को प्रचार सचिव, फारुख सिद्दीकी व नन्दन सिंह नेगी, हरीश पांडे, वकील अहमद को संरक्षक मनोनीत किया गया। सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल, जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे, कालाढूंगी के निवर्तमान जिला पदाधिकारी भगवत बिष्ट, नंदकिशोर, लाला जायसवाल, प्रदीप सब्बरवाल, शिव कपूर, कुसुम दिगारी, उर्वशी बोरा, योगेश शर्मा ने बधाई दी।

कार्यक्रम में मौजूद हरीश रावत एवं अन्य लोग। ● अमृत विचार

समारोह में छात्रों ने दिखाया सिंगिग, डांसिंग का हुनर

रामनगर : पीएनजी महाविद्यालय में छात्र संघ ने अभिनंदन समारोह धूमधाम से मनाया। इस दौरान जहां सिंगिंग, डांसिंग, मॉडलिंग में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। वहीं उत्तराखंड की लोकप्रिय गायिक माया उपाध्याय ने अपनी मधुर आवाज से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व लोकसभा प्रभारी प्रकाश जोशी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य मोहन चंद्र पांडेय ने की। कार्यक्रम में छात्र संघ अध्यक्ष ललित कडाकोटी ने एक लाख रुपए की पुस्तकें क्षेत्र के सम्मानित लोगों के सहयोग महाविद्यालय को प्रदान की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संजय नेगी, इंदर रावत, हेम भट्ट, प्रणय श्रीवास्तव, गणेश रावत, गिरीश घुघतयाल रहे। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष ललित कडाकोटी, चेतन पंत, अमित कुमार, सुमित लोहनी, सचिन कुमार आर्य, नीलम मनराल, विकास कुमार मौजूद रहे।

अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं

अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने सर्किट हाउस में जनसमस्याओं पर की सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

जनसुनवाई करते अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब।

अमृत विचार : अल्पसंख्यक आयोग ने जन समस्याओं पर सुनवाई की, इसमें भूमि विवाद, मुआवजा, शिक्षा विभाग व पुलिस उत्पीड़न संबंधी कई शिकायतें दर्ज हुईं। मौके पर ही कई शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं, जन सुनवाई से गैर हाजिर और जांच में सहयोग नहीं करने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने गुरुवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में जन समस्याओं पर सुनवाई की। जनसुनवाई में सना परवीन निवासी अल्मोड़ा ने बताया कि बीए परीक्षा में बैक आने पर परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी दो वर्षों तक कुमाऊं विश्वविद्यालय ने उन्हें अंकतालिका नहीं दी। जब सना ने अल्पसंख्यक आयोग में शिकातय की और कुलसचिव को तलब किया गया तब दो वर्ष बाद अंकतालिका दी। इस पर उपाध्यक्ष नवाब ने कुलसचिव को चेतावनी दी कि यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो कड़ी कार्रवाई होगी। शराफत हुसैन निवासी आजादनगर ने बताया कि उनके पुत्र की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी, लेकिन विद्युत विभाग ने मुआवजा नहीं दिया था। बाद में विद्युत विभाग से 4 लाख रुपये की मुआवजा राशि दिलाई।

इकबाल लारी निवासी महुआखेडागंज ऊधमसिंह नगर ने बताया कि विद्युत विभाग ने बिजली बिल व विद्युत चोरी दिखाकर उनका उत्पीड़न किया। विद्युत विभाग ने आरसी पहले काट दी और रकम का आकलन 25 दिनों बाद किया।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए और पीड़ित की शिकायत का समाधान करने को कहा। इकबाल अहमद निवासी गदरपुर ने बताया कि पुलिस ने उत्पीड़न का केस दर्ज नहीं किया है। जब अल्पसंख्यक आयोग ने संज्ञान लिया तो मुकदमा दर्ज हुआ। नवाब ने कहा कि पुलिस की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में इस प्रकार की शिकायतें मिलने पर शासन स्तर से वार्ता कर संबंधित पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

नवाब ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से अल्पसंख्यकों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, इनका लाभ समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनजीओ की जांच हो रही है जो एनजीओ जांच में भ्रष्टाचार में लिप्त मिलेंगी उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अल्पसंख्यक आयोग सचिव जेएस रावत, शमा परवीन, एडीएम शिवचरण द्विवेदी मौजूद रहे।

पानी लाइन का वॉल्व ठीक करने की मांग

हल्द्वानी, अमृत विचार : कुमाऊं कॉलोनी दमुवाढूंगा के लोगों ने पेयजल लाइन की वाल्व ठीक करने की मांग की है। इस संबंध में लोगों ने जल संस्थान के ईई को ज्ञापन भी दिया है। लोगों ने बताया कि कॉलोनी के लिए बिछाई गई पेयजल लाइन में नया वाल्व लगा दिया गया है, जिससे घरों में पानी की आपूर्ति बंद हो गई है। इससे पूर्व जरूरत के हिसाब से पानी मिल जाता था, लेकिन अब तय समय के अनुसार पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके चलते घरों में पानी पहुंचने में दिक्कत हो रही हैं।

बाइक का 13 हजार रुपये का चालान

हल्द्वानी : गांधी इंटर कॉलेज में 12वीं के छात्र को सीपीयू ने रोडवेज के पास से पकड़ा। 17 साल के इस लड़के के पास हेलमेट था और न ही बाइक पर नंबर प्लेट। लाइसेंस मांगा तो पता लगा कि वह नाबालिग है। आरसी भी नहीं थी। जिस पर सीपीयू ने 13 हजार रुपये का चालान काट बाइक को सीज कर दिया।

आढ़ती को मुनीम ने 79 लाख का चूना लगाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मालिक के आढ़त में न बैठने का फायदा आढ़त के मुनीम ने उठाया। वह आढ़त की मालकिन से चेक में हस्ताक्षर कराता रहा और अपने व करीबियों के खाते में पैसे ट्रांसफर करता रहा। ऐसा कर उसने मालिक को 79 लाख रुपये की चपत लगा दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

छड़ायल सुयाल मानपुर पश्चिम देवलचौड़ निवासी घनश्याम शर्मा पुत्र इंद्रमणि शर्मा ने पुलिस को बताया कि कि उनकी बड़ी मंडी में मैसर्स मोहित श्याम एंड कम्पनी के नाम से सब्जी व फल की आढ़त है। आढ़ता में गुनियाखेत मुक्तेश्वर निवासी रोहित पलड़िया पुत्र पूरन चंद्र पलड़िया मुनीम के तौर पर काम करता था। इस आढ़त की असल मालकिन घनश्याम की पत्नी दीपा शर्मा हैं। आरोप है कि रोहित बैंक चेक पर उनकी पत्नी के हस्ताक्षर कराता रहा और चेकों को अपने व करीबियों के खाते में ट्रांसफर कराता रहा। रोहित वर्ष 2018 से आढ़त में काम कर रहा था। घनश्याम पिछले वर्ष अगस्त से लगातार आढ़त पर बैठने लगे तो चोरी का खुलासा हुआ। आठ माह के खातों, कैश बुक, बैंक डिटेल की जांच की तो 8,24,000 रुपये का हिसाब नहीं मिला। रोहित जिन चेकों को अपने खातों में ट्रांसफर करता था उन्हें आढ़त के लेजर, कैशबुक व बैंक स्लिप में जमा दर्ज दिखा देता था। ऐसा कर उसने 79,00,000 रुपये का गबन कर दिया।

आज उत्तराखंडियत को खतरा: हरीश

संवाददाता, रामनगर

पत्रकारों से वार्ता करते हरीश रावत, ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी व आनंद रावत।

अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज उत्तराखंड और उत्तराखंडियत दोनों खतरे में हैं। पलायन से गांव निष्क्रिय होते जा रहे हैं। जो सक्षम हैं वह भी पलायन कर रहे हैं। पहाड़ में आग, पानी और बाघ का भय फैलता जा रहा है। इससे भी बड़ा खतरा जमीनों की अंधाधुंध बिक्री है। जब मिट्टी ही बिक जाएगी तो उत्तराखंड की संस्कृति कहां बचेगी।

एक रिजोर्ट में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए हरीश रावत ने कहा कि एनडी तिवारी सरकार में बने भू-कानून में भाजपा सरकार ने संशोधन कर खतरा पैदा किया है। एक समय ऐसा आएगा जब यहूदियों की तरह उत्तराखण्ड की जमीनें भी हाथ से चली जायेगी। हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से पराजय के सवाल पर रावत ने कहा कि हरिद्वार का पर्वतीय जनमानस धर्मपरायण है। उसकी धर्मपरायणता का भाजपा ने राजनीतिक शोषण किया है। राजनीति से सन्यास लेने के सवाल पर रावत ने कहा कि हम उन सैनिकों में से हैं जो हार के डर से तलवार नहीं डालते। हम आगे भी लड़ेंगे और अपनी हार को जीत में परिवर्तित करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में सिद्दत के साथ चुनाव लड़ेंगे और विपक्ष का रोल मजबूती के साथ पेश करेंगे। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी, हरीश रावत के पुत्र आनंद रावत भी मौजूद रहे।

समाज को तोड़ने वाली नहीं जोड़ने वाली कविता लिखें

संवाददाता, रामनगर

पद्मश्री अशोक चक्रधर को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर से करीब 15 किमी. दूर मोहान स्थित एक रिजॉर्ट में गुरुवार को कवि सम्मेलन समिति के दो दिवसीय अधिवेशन में देशभर से आये कवियों ने समाज को जोड़ने की बात कही। अधिवेशन में सात रचनाकारों को सम्मानित भी किया गया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए नामचीन कवि डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि कवि ऐसी कविताएं लिखें, जो समाज को जोड़ें। व्यक्ति को व्यक्ति से तोड़ने वाले काव्य को रचना धर्मिता नहीं कहा जा सकता। कवि सम्मेलन समिति ने पद्मश्री ख्यातिलब्ध कवि अशोक चक्रधर को विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया। इसके अलावा दिवंगत कवि ओम व्यास को मरणोपरांत कवि सम्मेलन समिति सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके पुत्र तेजस व्यास ने प्राप्त किया। कवियों की नई पौध में रामायण धर द्विवेदी, मनीषा शुक्ला, अशोक चारण और शंभू शिखर सम्मानित किए गए। डॉ. अशोक चक्रधर ने कहा कि वर्तमान दौर आधुनिकता और तकनीकी को कविता से जोड़ने का है। वरिष्ठ कवि हरिओम पवार ने मुख्य अतिथि के रूप में सदन को संबोधित किया और विशिष्ट रचनाओं से श्रोताओं को आनंदित किया। महासचिव रमेश मुस्कान सचिव चिराग जैन, सर्वेश अस्थाना, अध्यक्ष अरुण जैमिनी ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन कवियत्री सोनरूपा विशाल ने किया। इससे पहले बीते वर्ष दिवंगत हुए वाणी पुत्रों को श्रद्धांजलि दी गयी। दूसरे सत्र में नई पीढ़ी के रचनाकारों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं का मन मोह लिया। सत्र का संचालन कवि अजय अंजाम ने किया।

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

37.4⁰	24.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.13	सूर्यास्त 07.14

चेक बाउंस के मामले में छह माह का कारावास

हल्द्वानी : चेक से लेनदेन के मामले में सिविल जज (सीनियर डिवीजन) न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ज्योति बाला ने आरोपी रितेश कुमार को 6 माह साधारण कारावास और 10 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोनों चैकों की कुल धनराशि हर्जाने के साथ 3 लाख रुपये परिवादी को अदा करने के आदेश दिए हैं। वर्ष 2020 में आरोपी रितेश कुमार ने अपने जरूरी कार्य के लिए अरुण देवरानी से 2,90,000 हजार की रकम उधार ली। इसके एवज में उसने दो चेक दिए थे। जिनके बाउंस होने पर अरुण ने आरोपी पर वर्ष 2021 में मुकदमा दर्ज कराया था।

उष्ण लहर से लोगों को मिली राहत, गुरुवार सुबह से आसमान में छाए रहे बादल, दिनभर चलती रहीं ठंडी हवाएं, नैनीताल बारिश से सुहावना हुआ मौसम

पहाड़ों में बारिश से ठंड का एहसास, हल्द्वानी में चार डिग्री गिरा पारा

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

अमृत विचार : पहाड़ों में हुई बारिश का असर हल्द्वानी तक दिखा। गुरुवार को सुबह के समय बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। जिससे ठंडी हवाएं भी चलीं। दोपहर बाद धूप निकली, लेकिन तापमान में कमी आने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत महसूस हुई।

पिछले 12 दिनों से हल्द्वानी उष्ण लहर और तेज धूप से तप रहा था। पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया था। गर्मी से राहत नहीं मिल रही थी। बुधवार की शाम पहाड़ों में बारिश शुरू हुई। जिसके बाद देर रात हल्द्वानी में भी हल्की बूंदाबांदी हुई और तेज हवाएं चलीं। गुरुवार की सुबह भी मौसम बदला रहा। आसमान में बादल छाए रहे। साथ ही ठंडी हवाएं चलती रहीं। वहीं नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में

गुरुवार को नगर में हुई बारिश के बाद नैनी झील का विहंगम दृश्य। ● अमृत विचार

गुरुवार को भी बारिश हुई। जिसका असर हल्द्वानी के मौसम पर भी पड़ा। उष्ण लहर चलना बंद हो गई। दोपहर तक मौसम सुहावना बन गया था। दोपहर बाद धूप निकली, लेकिन विगत दिनों की अपेक्षा काफी राहत थी। बारिश तो नहीं हुई, फिर भी लोगों को गर्मी से कुछ निजात मिली। अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की कमी आई और यह 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। साथ ही न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में बारिश का अनुमान जताया है।

इधर, मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान में सात डिग्री की कमी आई है। बारिश होने से यहां पारा 24.3 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं पिथौरागढ़ में 25 मिमी, बेतालघाट में 21.5 मिमी, शामा में 20 मिमी बारिश हुई है। इसके अलावा अल्मोड़ा, कौसानी, बागेश्वर आदि जगहों पर भी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अभी मानसून आने में करीब एक सप्ताह का समय बचा है। उससे पहले हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिलेगी। उधर, नैनीताल में गुरुवार की सुबह भी हल्की बारिश हुई। जिसके बाद दिनभर गुनगुनी धूप खिली रही। देर शाम के बाद हल्की ठंड का भी एहसास हुआ। जिससे 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को नगर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अंधड़ से कई स्थानों पर गिरे पेड़

भीमताल : भीमताल नगर, नौकुचियाताल और जंगलियागांव में अंधड़ के कारण कई विशालकाय पेड़ गिर गये। जिससे बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। बिजली विभाग के कर्मचारी दिनभर टूटे पेड़ों को हटाकर बिजली व्यवस्था को सुचारू करने में जुटे रहे।

तराई के तापमान में छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट

रुद्रपुर, अमृत विचार : बुधवार की रात तराई में हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ गई है। हालांकि तराई में हुई 4.2 मिलीमीटर हल्की बारिश के बाद लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिली है, लेकिन उमस भरी गर्मी से लोग परेशान नजर आए। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने 23 व 24 जून को प्री-मानसून और 28 व 29 जून को मानसून आने की संभावना जताई है। पिछले कई दिनों से तराई के लोग गर्मी और गर्म हवाओं के थपेड़ों से परेशान थे। बुधवार की रात हवा के साथ हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद लोगों को गर्मी से थोड़ी बहुत राहत मिली है। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वातावरण में नमी की मात्रा 44 फीसदी तक रही, जबकि दक्षिण दिशा से 7 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

हल्द्वानी में रोज की कहानी...न नींद पूरी हो रही और न मिल रहा पानी

अलग-अलग बिजली घरों में लोकल फॉल्ट व अन्य वजहों से गुल हो रही बिजली, जनता झेल रही परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

11 केवी की केबल व बसबार जलने से नैनीताल रोड, स्टेशन रोड, गांधी नगर समेत कई इलाकों में सुबह 6 से 9 बजे तक बाधित रही बिजली आपूर्ति

13 बीघा बिजली घर से धानमिल की केबल किट खराब होने से मंडी गेट तक लगभग 3 घंटे तक बाधित रही आपूर्ति बिजली न होने के कारण पेयजल आपूर्ति भी रही ठप

राजेंद्रनगर गौला गेट के पास टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : इन दिनों लोग चिलचिलाती धूप और गर्मी से परेशान हैं। रात को भी उमस ने लोगों को परेशान किया हुआ है। ऐसे में रात को कभी लोकल फॉल्ट तो कभी अघोषित बिजली कटौती ने नींद भी छीन ली है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज से नलकूप नहीं चल पा रहे हैं, जिससे पानी की आपूर्ति भी ठप हो गई है। कभी सरकारी टैंकर तो कभी निजी टैंकर से लोग प्यास बुझा रहे हैं। यह हालात शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हैं।

गुरुवार को अलग-अलग बिजली घरों में केबल, लोकल फॉल्ट, तकनीकी वजहों से दो से तीन घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। कालाढूंगी चौराहा बिजली घर में 11 केवी की केबल व बसबार जलने से नैनीताल रोड, स्टेशन रोड, गांधी नगर समेत अन्य इलाकों में सुबह 6 से 9 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं, 33 केवी 13 बीघा बिजली घर से धानमिल की केबल किट खराब होने से मंडी गेट तक 3 घंटे तक बिजली गुल रही। हाईडिल गेट, काठगोदाम से मुखानी फीडर से आदर्श नगर के पास 11 केवी लाइन के जम्पर आपस में चिपकने से 2 घंटे तक लोगों को कटौती झेलनी पड़ी। इधर, लो वोल्टेज से पानी की आपूर्ति चरमरा गई है। कई इलाकों में लो वोल्टेज से नलकूप भी नहीं चल पा रहे हैं, जिस वजह से क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि बिजली घरों में केबल किट, जम्पर और अन्य तकनीकी कारणों के चलते दर्जनों इलाकों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिन्हे बिजली कर्मचारियों ने दूर कर दिया है। बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। इधर, बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ रोष पनप रहा है। आये दिन लोग विद्युत कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों के सामने रोष प्रकट कर रहे हैं। बावजूद इसके व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आ पा रहा है।

बिजली कटौती के खिलाफ दिया ज्ञापन

हल्द्वानी : उत्तराखंड क्रांति दल ने गुरुवार को अघोषित बिजली कटौती में रोक लगाने की मांग को लेकर सुभाष नगर स्थित बिजली कार्यालय में एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि भीषण गर्मी में लगातार बिजली कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। अगर बिजली आती भी है तो लो वोल्टेज से पंखे-कूलर शोपीस बन कर रह जाते हैं। नलकूप भी नहीं चल पा रहे हैं, जिसकी वजह से पानी का संकट भी बढ़ गया है। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद रवि वाल्मीकि, सुशीला उनियाल, मोहन कांडपाल, भुवन जोशी, योगेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

रामनगर में विद्युत कार्यालय के बाहर हाथ में लैंप व पंखे लेकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

हाथ पंखे और लैंप लेकर विद्युत कार्यालय पहुंचे लोग, प्रदर्शन

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : बिजली कटौती से परेशान लोगों ने लैंप और हाथ पंखे लेकर विद्युत कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही प्रदेश सरकार को जमकर कोसा। लोगों का आरोप था कि करीब डेढ़ माह से अघोषित बिजली कटौती हो रही है। बिजली न होने के कारण कई जगह 15 दिन से पानी भी नहीं आ रहा है।

उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग और सरकार आपूर्ति बहाल करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। कुंभकर्णीय नींद में सोई सरकार को जगाने के लिए उन्होंने लैंप व हाथ पंखे लेकर तालाबंदी व धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि 24 घंटे में मात्र सात आठ घंटे बिजली आ रही है। जिसका कारण कई गांवों में पानी का अकाल भी पड़ गया है। कहा कि यदि एक हफ्ते से पहले बिजली की आपूर्ति ठीक नही हुई तो पुनः जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख आंनद रावत, ग्राम प्रधान हेमा बिष्ट, ग्राम प्रधान मदन राम, ग्राम प्रधान इमरान खान, क्षेत्र पंचायत सदस्य महावीर रावत, धीरू चौहान, कैलाश चंद्र, राहुल डंगवाल, संजय रावत, भुवन डंगवाल, ललित मौजूद रहे।

बिजली-पानी को लेकर फूंका सरकार का पुतला

लालकुआं, अमृत विचार : क्षेत्र में पिछले 52 घंटे से बिजली आपूर्ति सुचारू न होने के कारण नगर व आसपास के इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मचा है। इससे आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग और प्रदेश भाजपा सरकार का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी की। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर क्षेत्र की घोर उपेक्षा करने का आरोप लगाया। विद्युत कटौती के कारण पेयजल संकट होने से लोगों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। इससे नाराज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार की दोपहर विद्युत विभाग और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुतला दहन करने वालों में नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, गोपी गर्ग, विनोद गुप्ता, हाजी अयूब अली, सईद सिद्दीकी, बीना जोशी, राजकुमार शर्मा, रविशंकर तिवारी, अनूप भाटिया, कमलेश यादव, इमरान खान, मो. अजीज, खीमानंद दुम्का, गोपाल जोशी, अयूब शाह, अनुराग मित्तल, अल्ताह हुसैन, नौशाद अहमद, फिरोज़ खान उपस्थित रहे।

राजेंद्रनगर मुक्ति धाम मार्ग पर टैंकर से पानी भरतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

राजपुरा और महिला डिग्री कॉलेज के नलकूपों की मोटर फुंकी

हल्द्वानी : शहर में जल संस्थान के दो नलकूप ठप होने से 25 हजार की आबादी के सामने पानी का संकट खड़ा हो गया है। पिछले एक सप्ताह पूर्व राजपुरा और महिला डिग्री कॉलेज के नलकूप की मोटर फुंकी थी, जो अब तक नहीं बन सकी है। इस वजह से राजपुरा, जवाहर नगर, टनकपुर रोड, राजेंद्र नगर और कलावती कॉलोनी, मल्ला गोरखपुर, नवाबी रोड में पानी की आपूर्ति ठप है। ईई आरएस लोशाली ने बताया कि मोटर की मरम्मत की जा रही है, जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। गौला गेट, इंदिरानगर, बजूनिया हल्दू, दमुवाढूंगा, हिम्मतपुर तल्ला में 30 टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

आश्वासन पर संयुक्त मोर्चा की हड़ताल हुई खत्म

हल्द्वानी, अमृत विचार : जल निगम-जल संस्थान संयुक्त मोर्चा की ओर से देहरादून स्थित जल भवन मुख्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना गुरुवार को उच्च अधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। मोर्चा की ओर से पेयजल एजेंसियों के राजकीयकरण की मांग पूरी न होने पर 21 जून तक हड़ताल करने का ऐलान किया गया था। हड़ताल के दौरान मोर्चा ने दोनों पेयजल एजेंसियों के प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। मांगों पर मुख्य सचिव से आश्वासन मिलने पर मोर्चा के पदाधिकारियों ने धरना और कार्य बहिष्कार का फैसला वापस ले लिया है। इस दौरान श्याम सिंह नेगी, शिशुपाल रावत, नारायण भट्ट संदीप, आशीष तिवारी, धूम सिंह सोलंकी, सरिता नेगी मौजूद रहे।

कौतूहल आंध्र प्रदेश से उत्तराखंड में पहली बार पहुंचा माइक्रो मिनिएचर जोड़ा, लोगों में बना कौतूहल

काकीनाडा से हल्द्वानी पहुंचीं 18 इंच ऊंची गाय-बैल की जोड़ी

भूपेश कन्नौजिया, हल्द्वानी

अमृत विचार : 18 इंच की गाय बैल की जोड़ी...पढ़कर चौंकिए मत, हल्द्वानी में एक गाय प्रेमी परिवार डेढ़ फुट की ऊंचाई की गाय-बैल की जोड़ी लाया है जो आसपास के क्षेत्रों में कौतूहल का विषय बन गया है। कालाढूंगी रोड स्थित आदर्श नगर निवासी ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम रस्तोगी आंध्र प्रदेश के काकीनाडा के डॉ. कृष्णम राजू की नाड़ीपति गोशाला से माइक्रो मिनिएचर गाय-बैल की जोड़ी लेकर आए हैं।

घनश्याम रस्तोगी बताते हैं कि बीती पांच जून को वह तिरुपति बालाजी दर्शन को गए थे। वहां उनके बेटे वेदांत के गाय पालने के शौक और डॉ. राजू की माइक्रो मिनिएचर पुंगनूर गाय को लेकर घर पर चल रही चर्चा को बल मिल गया। इसके चलते वह अपने को रोक नहीं पाए और आंध्र प्रदेश के काकीनाडा पहुंचे और डॉ. राजू से मुलाकात कर गोवंश का जोड़ा पाले जाने की बात की। वह जोड़े को इनोवा गाड़ी के माध्यम से करीब दो हजार किमी दूर हल्द्वानी लेकर पहुंचे। 15 दिन पहले गोवंश का यह जोड़ा हल्द्वानी स्थित उनके घर पहुंचा तो उसे देखने वालों का तांता लग गया। रस्तोगी परिवार ने इन गाय-बैल का नाम लक्ष्मी-विष्णु रखा है। भीषण गर्मी को देखते हुए दोनों के लिए कूलर लगाया गया है। दोनों अब यहां के वातावरण के अनुकूल हो चुके हैं। घर का प्रत्येक सदस्य आध्यात्मिक है, जिससे लक्ष्मी और विष्णु को भरपूर प्यार तो मिल ही रहा है। घर की सबसे छोटी सदस्य आकांक्षा कक्षा चार में पढ़ती है और उनकी दादी मुन्नी भी बेहद खुश हैं। परिवारजनों का कहना है कि जब से यह जोड़ा घर पर आया है एक सकरात्मक ऊर्जा का संचालन हो गया है।

घनश्याम की पत्नी दिव्या का कहना है कि परिवार बारह ज्योर्तिलिंग की यात्रा कर चुका है। शुरू से आध्यात्मिक माहौल रहा है ऐसे में हमें इस जोड़े को रखकर बेहद खुशी हो रही है। ऐसा लग रहा मानो परिवार पूरा हो गया है।

गाय-बैल की जोड़ी के साथ घनश्याम रस्तोगी व उनके बच्चे। ● अमृत विचार

ऊंचाई महज 12 इंच, खर्च भी कम

घनश्याम बताते हैं कि लक्ष्मी और विष्णु के लिए मात्र 1.5 किलो चारा पर्याप्त है, तरबूज-खरबूज के अलावा अन्य फल, हरी सब्जी इनके पसंदीदा आहार हैं। इस गोवंश की जोड़ी महज 12 इंच है। दुनिया की सबसे छोटी गाय पुंगनूर जब पैदा होती है तो उसकी हाइट 16 से 22 इंच तक ही होती है। माइक्रो मिनिएचर पुंगनूर की ब्रीड को इस तरह डेवलप किया गया है कि उसकी ऊंचाई 7 इंच से 12 इंच होती है। पुंगनूर गाय की 112 साल पुरानी ब्रीड है, जबकि मिनिएचर पुंगनूर को साल 2019 में विकसित किया गया है। 14 साल की मेहनत के बाद पुंगनूर गाय की छोटी नस्ल में सुधार किया गया है। इसके लिए आंध्र प्रदेश के काकीनाडा के डॉ. कृष्णम राजू ने 1600 गायों पर रिसर्च की और आज पूरे विश्व में अपने इन प्रयासों के लिए विख्यात हैं। प्रधानमंत्री मोदी सहित तमाम लोग उन्हें सम्मानित कर चुके हैं।

जेल में दो नई बैरकों में शिफ्ट हुए 150 बंदी

हल्द्वानी, अमृत विचार : जेल में दो नई बैरकें तैयार कर ली गई हैं। जिनमें 150 बंदियों को शिफ्ट भी कर दिया गया है। एक और बैरक का निर्माण जारी है। अगले माह तक इसका निर्माण पूरा हो जायेगा। इस बैरक की क्षमता 80 बंदियों को रखने की होगी।

उप कारागार में अभी तक 10 बैरकें ही थीं। जिसमें एक समय में कम से कम 14 सौ बंदी व कैदी रखे जाते थे। जबकि कारागार की क्षमता करीब साढ़े छह सौ बंदियों को रखने की है। अब जेल में बैरकों की संख्या 12 हो गई है और ओवरलोड जेल का बोझ भी कुछ कम हो गया है। कारागार में सबसे अधिक बंदी ऊधमसिंह नगर जिले के बंद हैं। उप कारागार में पुरुषों को रखने के लिए पहले 9 बैरकें थीं और 10वीं बैरक में महिलाओं को रखा जाता है। जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय ने बताया कि दो नई बैरकों में पुरुषों को शिफ्ट किया जा चुका है।

बाघ के शव को जलाकर नष्ट करते वन अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार

बाघ का शव मिलने से हड़कंप

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के झिरना रेंज में बाघ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सीटीआर के गश्ती दल ने बुधवार को झिरना रेंज के कोठिरो बीट में नर बाघ को मृत अवस्था में देखा। मृत बाघ की उम्र 10 से 12 साल है।

गुरुवार को चिड़ियाघर नैनीताल के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. हिमांशु पांगती व रेस्क्यू सेंटर रानीबाग के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. तरूण गर्ग के पैनल ने मौके पर बाघ के शव का पोस्टमार्टम किया। नर बाघ की मौत प्रौढ़ उम्र के कारण हुई है। उसके अंगों के सैंपलों को आईवीआरआई इज्जतनगर बरेली भेजा गया है। उपनिदेशक सीटीआर दिगन्थ नायक, उपप्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ डॉ. शालिनी जोशी, वन क्षेत्राधिकारी झिरना नन्दकिशोर रूवाली व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में बाघ के सभी अंग जलाकर नष्ट कर दिए गए।

सार-संक्षेप

बीएड प्रशिक्षुओं को जानकारी देते शिक्षक संतोष जोशी। ● अमृत विचार

बीएड प्रशिक्षुओं को सिखाए अच्छा शिक्षक बनने के गुर

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज में गुरुवार को बीएड विभाग में आनंदम-द जॉयफुल लर्निंग कार्यशाला हुई। जिसमें बताया गया कि कैसे आनंद के माहौल में शिक्षक छात्रों को शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। कार्यशाला में शैलेश मटियानी पुरस्कार विजेता शिक्षक संतोष जोशी ने छात्र-छात्राओं को व्याख्यान दिया। संतोष पिछले पांच वर्षों से विभिन्न सरकारी स्कूलों में एससीईआरटी के पाठ्यक्रमानुसार शिक्षकों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। उन्होंने माइंडफुलनेस, स्वअभिव्यक्ति, कहानी में चर्चा व चिंतन के प्रश्न और अन्य गतिविधियों से बीएड प्रशिक्षुओं को अच्छा शिक्षक बनने के गुर सिखाए। कार्यशाला संयोजक शुभ्रा कांडपाल ने बताया कि एससीईआरटी ने 2019 में आनंदम पाठ्यक्रम शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए लागू किया था। इससे पहले प्राचार्य एनएस बनकोटी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान नैक प्रभारी सीएस नेगी, डॉ. अनीता जोशी, डॉ. तनुजा मेलकानी, डॉ. टीसी पांडे, डॉ. सविता भंडारी आदि उपस्थित रहे।

कार्रवाई के दौरान पकड़े गये ट्रक। ● अमृत विचार

चीड़ गुलिया व छिलका से लदे चार ट्रक सीज

हल्द्वानी : छकाता वन क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को हनुमानगढ़ी चेक पोस्ट बागेश्वर वन प्रभाग से चीड़ गुलिया व छिलका से लदे चार ओवरलोड ट्रकों को सीज करने की कार्रवाई की गई। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार पंत ने बताया कि 48.31 घन मीटर चीड़ छिलका व गुलिया चार ट्रकों से अधिक पाई गई है। ट्रकों को बागेश्वर से हल्द्वानी लाया जा रहा था। ट्रकों को सीज कर तिकोनिया रेंज परिसर में खड़ा किया गया है। साथ ही भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत मुकदमा भी पंजीकृत किया जा चुका है।

रोटरी क्लब हल्द्वानी ने अस्पतालों को बांटे कंबल

हल्द्वानी : रोटरी क्लब हल्द्वानी ने सरकारी अस्पताल में मरीजों को सुविधा देने के लिए कुमाऊं क्षेत्र के दूरस्थ अस्पतालों को कंबल बांटे। क्लब ने विभिन्न अस्पतालों में कुल 300 कंबल दिये। क्लब के अध्यक्ष सुनील जोशी ने बताया कि रोटरी समाज के हर वर्ग के लिए कार्य करता है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए सुविधाएं जुटाने को आवश्यकताओं के अनुरूप अपने स्तर से संसाधन उपलब्ध कराएं जाएंगे। सचिव आशीष दुम्का ने रोटरी की कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

वारी गांव का पैदल भ्रमण करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

वन विभाग की आपत्ति निस्तारित करें लोनिवि अफसर

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को ओखलकांडा ब्लॉक के दूरस्थ गांव वारी का पैदल भ्रमण किया और जन समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने सड़क की समस्या उठाई। इस पर विधायक ने वन, लोनिवि अधिकारियों को मौके पर बुलाया और वन विभाग की आपत्तियों के निस्तारण के निर्देश दिए। विधायक कैड़ा ने बताया कि गांव में मोटर मार्ग के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है, लेकिन वन विभाग से अनापत्ति नहीं मिलने से द्वितीय चरण की डीपीआर तैयार नहीं हो पा रही है। उन्होंने चम्पावत डीएफओ रमेश चंद्र कांडपाल एवं लोनिवि ईई मोहन चंद्र तिवारी को मौके पर बुलाकर कहा कि मोटर मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियां हो रही हैं। लोनिवि अधिकारियों को वन अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर वन विभाग की आपत्तियां निस्तारित करने और दूसरे चरण की डीपीआर बनाने को कहा। इस दौरान प्रधान सुरेंद्र लमगड़िया, तेज सिंह बिष्ट, लाल सिंह लमगड़िया, हेम वारियाल, बबलू लमगड़िया मौजूद रहे।

शोक सभा करते उत्थान मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य।

पूरन चंद्र भंडारी के निधन पर जताया शोक

हल्द्वानी : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के मेला संयोजक पूरन चंद्र भंडारी के निधन पर मंच पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने कहा कि संस्था और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए पूरन चंद्र भंडारी ने जो कार्य किए वह सदैव याद रखे जाएंगे। वे विगत 40 वर्षों से मेला संयोजक के पद पर नियुक्त रहे। उन्होंने 20 से 25 वर्षों तक तरणताल में बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण भी दिया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर पूरन भंडारी को श्रद्धांजलि दी गई। शोक व्यक्त करने वालों में देवेंद्र तोलिया, भुवन चंद्र जोशी, गोपाल सिंह बिष्ट, एनबी गुणवंत, हेमंत सिंह बगड़वाल, त्रिलोक बनोली, ब्रजमोहन सिंह बिष्ट, धर्म सिंह, चंद्रशेखर परगाई, लीलाधर पांडे, गोविंद बगडवाल, शोभा बिष्ट, यशपाल मौजूद रहे।

मनपसंद विषय नहीं मिलने पर छात्रों का हंगामा

एमबीपीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान व इतिहास विषय न मिलने पर जताया विरोध, प्रवेश कक्ष में की तालाबंदी

शिक्षा

- प्रवेश समिति के समझाने के बाद छात्र हुए छात्र
- हंगामे के कारण 15 से 20 मिनट तक रुकी प्रवेश प्रक्रिया

संवाददाता, हल्द्वानी

हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश को लेकर प्राचार्य कक्ष में हंगामा करते छात्र नेता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में गुरुवार को प्रवेश का आखिरी दिन था। कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए छात्र-छात्राओं की काफी भीड़ रही। रोजाना की तरह कॉलेज में प्रवेश चल रहे थे, लेकिन इसी दौरान छात्र नेताओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया। जिससे 15 से 20 मिनट तक प्रवेश प्रक्रिया को रोकना पड़ा। छात्रों ने शिक्षा मंत्री और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रवेश कक्ष के चैनल गेट को बंद कर दिया। प्रवेश समिति के समझाने के बाद छात्र शांत हुए।

राजनीति विज्ञान और इतिहास विषय में सभी सीटें फुल हो चुकी हैं। गुरुवार को भी कॉलेज में कई छात्र-छात्राओं ने अपने आवेदन पत्र में राजनीति विज्ञान और इतिहास विषय भरा था, लेकिन यहां पहुंचने पर उन्हें विषय बदलने के लिए कहा गया। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। छात्रों का कहना था कि पिछले वर्ष अधिक प्रवेश दिए गए थे तो इस वर्ष कम प्रवेश क्यूं दिए जा रहे हैं। जिस पर प्रवेश समिति ने छात्रों को समझाया और कहा कि पिछले वर्ष शासन से शाम की शिफ्ट में भी कक्षाएं चलाने की अनुमति मिली थी, जिस कारण अधिक छात्रों ने प्रवेश लिया। लेकिन इस बार शासन से ऐसी कोई अनुमति नहीं मिली है।

प्रदर्शन करने वालों में उमाशंकर तिवारी, यश कुमार, लक्की मेवाड़ी, दिनेश उप्रेती आदि शामिल थे। इधर, प्रवेश प्रभारी अमित सचदेव ने बताया कि शासन से निर्देश हैं कि गौलापार स्थित राजकीय महाविद्यालय, एलबीएस हल्दूचौड़ महाविद्यालय, राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में भी सीटें भरी जानी हैं। बताया कि जिन छात्र-छात्राओं को एमबीपीजी कॉलेज में मनपसंद विषय नहीं मिल रहा है वह आसपास के अन्य कॉलेजों में प्रवेश ले सकते हैं।

कॉलेज में आखिरी दिन हुए 458 प्रवेश

एमबीपीजी कॉलेज में आखिरी दिन कुल 458 प्रवेश हुए। जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर में 298, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 74, बीएससी पीसीएम प्रथम सेमेस्टर में 34 और बीएससी बायो प्रथम सेमेस्टर में 52 प्रवेश हुए। वहीं, कॉलेज में अब तक 2449 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जिसमें 1411 बीए प्रथम सेमेस्टर में, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 489, बीएससी गणित प्रथम सेमेस्टर में 293 और बीएससी बायो प्रथम सेमेस्टर में 256 प्रवेश हुए हैं। इधर, राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में गुरुवार को 419 प्रवेश हुए, जिसमें बीए में 183, बीकॉम में 44, बीकॉम ऑनर्स में 49 बीएससी पीसीएम में 48 और बीएससी जेडबीसी में 95 प्रवेश हुए। छात्र समर्थ पोर्टल से 27 जून तक ऑनलाइन फीस जमा कर सकते हैं।

भाजपा लोकसभा चुनाव में हारे बूथों की करेगी समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

बोले भाजपा जिलाध्यक्ष

लोकसभा चुनाव में जिन बूथों पर भाजपा की हार हुई है उनकी समीक्षा की जाएगी। इसमें हार के कारणों पर मंथन होगा। बाद में यह रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंपी जाएगी और प्रदेश नेतृत्व निर्णय लेगा।

-प्रताप बिष्ट, जिलाध्यक्ष भाजपा नैनीताल

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में हारे हुए बूथों पर हार का मंथन करेगी। इसके लिए जिला स्तरीय समीक्षा की जाएगी और इसकी रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंपी जाएगी। हार के कारणों में यदि पदाधिकारियों की लापरवाही सामने आती है तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी।

नैनीताल जनपद में 1008 बूथ हैं। लोकसभा चुनाव में जिले की छह विधानसभा सीटों पर मुस्लिम बाहुल्य समेत कई बूथों पर भाजपा को बढ़त नहीं मिली। बूथों पर आगे बढ़ने के बजाय पीछे रही और कई बूथों पर मतों का अंतर भी उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा। इसलिए भाजपा हारे हुए बूथों पर हार का मंथन करेगी। इनमें अल्पसंख्यक मतदाता, राजनैतिक, गैरराजैतिक व अन्य कारणों, पदाधिकारियों का रवैया व कार्यशैली आदि सभी बिंदुओं पर गहन मंथन होगा। फिर यह कमेटी एक रिपोर्ट बनाएगी और प्रदेश नेतृत्व को सौंपी जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।

भवाली के कई बूथ रहे थे सुर्खियों में: सूत्रों की मानें तो भवाली के कई बूथ सुर्खियों में रहे थे। आरोप है कि कई पदाधिकारियों ने खुलकर विरोध किया था और विपक्षी के पक्ष में मतदान कराया था। इसको लेकर जिलाध्यक्ष तक शिकायत भी पहुंची थी।

रिटर्न में संशोधन की अनुमति देने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में संशोधन की मांग की है।

व्यापार मंडल के प्रदेश जीएसटी प्रभारी डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने कहा कि आगामी एक जुलाई को जीएसटी लागू हुए सात वर्ष हो जाएंगे, लेकिन जीएसटी काउंसिल व्यापारियों की सहूलियतों पर अब तक ध्यान नहीं दे सकी है। संशोधन की सुविधा व्यापारी को नहीं दी गई है, इस वजह से उन्हें अपील करनी पड़ती है। इसमें टैक्स की 10 प्रतिशत राशि देनी होती है, फिर वापसी के लिए झंझट झेलने होते हैं। जीएसटी से पूर्व वैट कर प्रणाली एवं आयकर में व्यापारियों को संशोधन की सुविधा थी, इसलिए जीएसटी में भी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी आर-1 दाखिल करते समय किसी भी बिक्री का आंकड़ा अनजाने फिट नहीं होता है, तुरंत पकड़ में आने के बाद भी व्यापारी संशोधन नहीं कर पाते हैं। फिर इस प्रकार की बिक्री को अगले माह के रिटर्न में दिखाना होता है लेकिन इस गलती पर व्यापारी को एक माह के वार्षिक ब्याज 18 प्रतिशत की दर से और जुर्माना, नोटिस झेलना पड़ता है।

जीएसटी में व्यापारी अधिक टैक्स दे रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आगामी बैठक में वित्त मंत्री उचित निर्णय लेंगे।

सिटी मजिस्ट्रेट ने रामलीला मंदिर का किया निरीक्षण

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्रशासन ने रामलीला मंदिर परिसर में अतिक्रमण की शिकायत पर मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रशासन ने मंदिर के ट्रस्ट के अध्यक्ष को वार्ता के लिए बुलाया है।

पूर्व पार्षद हितेश पांडे ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि रामलीला मंदिर परिसर में घर-दुकान के निर्माण किए जा रहे हैं। मंदिर की आड़ में सार्वजनिक संपत्तियों पर भी कब्जे हो रहे हैं। इसके बाद हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन की एप में शिकायत दर्ज करने के लिए कहा था। इसी क्रम में गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व तहसीलदार सचिन कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने रामलीला मंदिर परिसर, हनुमान मंदिर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम को मौके पर एक अर्द्ध निर्मित नया निर्माण मिला जो पुराना था। जांच में पता चला कि यह निर्माण विधायक निधि से स्वीकृत हुआ था, लेकिन बजट नहीं मिलने की वजह से निर्माण बंद हो गया। टीम ने शिकायत के अनुसार मंदिर परिसर में घरों-दुकानों, सार्वजनिक सड़क पर किए निर्माण आदि का भी निरीक्षण किया। साथ ही मंदिर के पुजारी वगैरह की भी जानकारी ली। सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेयी ने बताया राममंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। मंदिर के ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्यों को बुलाया है, वे 23 जून के बाद आएंगे।

यूओयू में हुई पोस्टर प्रतियोगिता

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में योग विभाग की ओर से साप्ताहिक योग कार्यक्रम किया जा रहा है। गुरुवार को कार्यक्रत के अतंर्गत योग पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 18 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अनिल कोठारी, नीता दियोलिया, दीक्षा बिष्ट, ललित बिनवाल, यशवंत बहुगुणा, प्रीति शर्मा, इशू खड़ायत मौजूद रहे।

डायलिसिस यूनिट के लिए पहुंचाया पानी

हल्द्वानी, अमृत विचार : बेस अस्पताल में जल संकट पर प्रशासन की सख्ती के बाद काम हो रहा है। अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में पानी की दिक्कत चल रही थी। मामला प्रकाश में आने के बाद मंडलायुक्त दीपक रावत ने सख्ती दिखाई तो अस्पताल में पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है। जल संस्थान प्रतिदिन पानी पहुंचा रहा है। इससे बेस अस्पताल में पानी का संकट कम हो गया है। पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने बताया कि अब पानी की दिक्कत को दूर हो गई है। डायलिसिस यूनिट को भी पानी दिया जा रहा है।

त्वचा रोग विशेषज्ञ दो दिन अवकाश पर

हल्द्वानी : बेस अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ दो दिन ओपीडी में सेवा नहीं देंगे। वह अवकाश पर गए हैं। पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. केसी किरन दो दिनों के अवकाश पर रहेंगे। इस वजह से वह शुक्रवार और शनिवार को ओपीडी में नहीं बैठेंगे। 24 जून को वह ओपीडी में मरीजों को देखेंगे।

नगर आयुक्त के आदेश पर हीरानगर में सड़क से हटा बोर्ड

संवाददाता, हल्द्वानी

हीरानगर में सड़क को बंद करने का बोर्ड तो हटा लेकिन सड़क अभी भी वाहनों के लिए बंद है।

अमृत विचार : हीरानगर क्षेत्र की एक गली में मनमाने तरीके से बोर्ड लगाया गया था। जिस पर लिखा था कि सड़क का इस्तेमाल केवल कॉलोनी वाले कर सकते हैं। साथ ही आज्ञा से नगर आयुक्त भी लिखा हुआ था। हालांकि नगर आयुक्त के संज्ञान में आने के बाद बोर्ड हटवा दिया गया है, लेकिन गली को अभी भी बंद रखा गया है।

हीरानगर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नंदन सिंह बिष्ट पार्क के पास एक गली है, जो दो सड़कों को आपस में जोड़ने का काम करती है। कुछ समय पहले इस गली के एक तरफ पिलर लगा दिए गए और दूसरी तरफ पिलर के साथ ही जंजीर भी बांध दी गई। गली में इस तरह की व्यवस्था कर दी गई कि बाहर से कोई भी इस गली में प्रवेश नहीं कर सकता था। साथ ही एक बोर्ड भी लगा दिया गया है, जिस पर लिखा था कि इस सड़क का इस्तेमाल केवल इस गली में रहने वाले लोग ही कर सकते हैं। यहां तक की बोर्ड पर आज्ञा से नगर आयुक्त भी लिख दिया गया। गली को बंद करने की वजह से स्थानीय लोगों को परेशानी होने लगी। दो सड़कों को जोड़ने वाली गली को बंद करने से लोगों को घूम कर जाना पड़ रहा था। इस बात की जानकारी जब नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को दी गई तो पता चला कि नगर आयुक्त की ओर से इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं हुआ था। नगर आयुक्त ने तुरंत ही बोर्ड हटाने के निर्देश दिए। लेकिन अभी भी मनमाने तरीके से गली को बंद ही रखा गया है।

चोर ने बैंक के बाहर की लूट, पकड़ी गई

हल्द्वानी, अमृत विचार : मुखानी थाना क्षेत्र में चोरी की असफल कोशिश कर फरार हुई चोर ने गुरुवार को नैनीताल रोड पर लूट की कोशिश की। उसने बैंक से निकली एक महिला के हाथ से रुपयों से भरा पर्स लूटा, लेकिन पकड़ी गई। हालांकि इस मामले में पीड़ित महिला ने तहरीर नहीं दी है। पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे एक महिला तिकोनिया स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में गई थी। कुछ देर बाद वह बाहर निकली तो पहले से घात लगाए एक युवती ने महिला के हाथ से पर्स छीन लिया और भाग खड़ी हुई। महिला भी शोर मचाते उसके पीछे दौड़ी। लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया गया और पुलिस आरोपी को कोतवाली ले आई। यहीं युवती के माता-पिता बुलाए गए, लेकिन बेटी की आदत से बाज आ चुके दोनों वहां से चले गए।

जांच की गई तो पता लगा कि यही युवती बुधवार को मुखानी थाना क्षेत्र के बिठौरिया नंबर एक विकासनगर बैंक कॉलोनी स्थित घर में घुस गई थी। घर में रखे जेवर लॉकर से निकाल लिए, तभी मकान मालकिन ने उसे देख लिया। युवती जेवर और अपनी स्कूटी छोड़कर भाग गई थी। पुलिस का कहना है यदि इसी युवती ने मुखानी में चोरी की कोशिश की थी तो मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जाएगा।

दस अधिकारियों का स्थानांतरण

हल्द्वानी, अमृत विचार : शिक्षा विभाग में गुरुवार को दस अधिकारियों के स्थानांतरण हुए। जारी सूची में संयुक्त शिक्षा निदेशक दिनेश चंद्र गौड़ को मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी गढ़वाल से सीमैट का विभागाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, संयुक्त शिक्षा निदेशक कुलदीप गैरोला को मुख्य शिक्षा अधिकारी चमोली से संयुक्त शिक्षा निदेशक मध्याह्न भोजन योजना प्रकोष्ठ, उप शिक्षा निदेशक हरक राम कोहली को प्रभारी प्राचार्य डायट चम्पावत से जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा पिथौरागढ़, उप शिक्षा निदेशक चंडी प्रसाद रतूड़ी को प्राचार्य डायट रतुड़ा रुद्रप्रयाग बनाया गया है। वहीं, उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा शैलेंद्र अमोली को जिला शिक्षा अधिकारी उत्तरकाशी, खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा पिथौरागढ़ से खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर बनाया गया है। इस तरह कुल 10 अधिकारियों के स्थानांतरण हुए हैं।

सूचना

उनकी बैंक मे रईसा बेगम पत्नी सलामत हुसैन निवासी मौहल्ला श्यामनगर सुल्तानपुर बाजपुर (उधमसिंह नगर) द्वारा ग्राम सुल्तानपुर के खसरा न0. 776/2 रकवा 92.94 वर्गमीटर का बैनामा दिनांकित 02.02.2009 वही न. 01 जिल्द 626 पृष्ठ 19 से 38 क्रमांक 232 द्वारा बंधक रखी गई थी। जिसका मूल बैनामा की प्रति बैंक में जमा की गई थी परन्तु प्रार्थी के बैंक मे रेनोवेशन का कार्य चल रहा था जिसके उपरान्त प्रार्थी के बैंक में रखे मूल बैनामे का अन्तिम पृष्ठ कही गुम हो गया है जिसकी काफी खोजबीन करने पर नहीं मिल पाया है। प्रार्थी को भय है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के हाथ उक्त मूल बैनामे के पृष्ठ लगने पर वह उक्त मूल बैनामे के पृष्ठ का दुरूपयोग कर सकता है। यदि उपरोक्त बैनामे के कागज का कहीं भी प्रयोग होता है तो उसे अवैध माना जाए।

विनोद कुमार पुत्र श्री बजीर राम
अधिकृत प्रतिनिधि/शाखा प्रबन्धक
केनरा बैंक प्रधान कार्यालय बैंगलूरू
शाखा कार्यालय रामराज रोड
बाजपुर (उधमसिंहनगर)

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्ध अधिकारी
उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद्
आवास विकास कालोनी, जसपुर (उधमसिंह नगर)

पत्रांक : 87/स.प्र.-जसपुर/175 **सर्वसाधारण को सूचना** दिनांक : 27-02-2024

परिषद की आवास योजना, गदरपुर में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या 175 क्षेत्रफल- 54.35 वर्ग मीटर कार्यालय के प्रदेशन पत्र संख्या-629/सं०प्र०/ दिनांक-31-07-1987 द्वारा श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री दीवान चन्द्र के पक्ष में आंबटित किया गया था। आबंटी द्वारा उक्त भवन का भौतिक कब्जा परिषद से दिनांक-06-11-1987 को स्वयं प्राप्त कर लिया गया था। आबंटी द्वारा आवश्यक विलेखों के निष्पादनोंपरान्त उक्त भवन का विक्रय विलेख परिषद से अपने पक्ष में दिनांक- 26-07-2003 को निष्पादित करा कर, उप-निबन्धक कार्यालय बाजपुर में दिनांक- 07-10-2003 को पंजीकृत करा लिया था।

श्री आशीष अरोरा ने अपने प्रार्थना पत्र के द्वारा सूचित किया है कि उनके पिता श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री दीवान चन्द्र की मृत्यु दिनांक-08-08-2023 को हो गयी है, तथा अपने श्री आशीष अरोरा पुत्र स्व० श्री कृष्ण लाल के पक्ष में उक्त भवन का अन्तरण कराना चाहते है।

यदि किसी व्यक्ति को परिषद की आवास योजना, गदरपुर में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या-175 का अन्तरण श्री आशीष अरोरा पुत्र स्व० श्री कृष्ण लाल के पक्ष में किये जाने में कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति विधि साक्ष्यों, प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्ध अधिकारी, उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद्, आवास विकास कालोनी, जसपुर, उधमसिंह नगर, में प्रस्तुत करने का कष्ट करें। उक्त निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर परिषद नियमानुसार उक्त भवन का अन्तरण श्री आशीष अरोरा पुत्र स्व० श्री कृष्ण लाल के पक्ष में कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी व्यक्ति का किसी प्रकार का कोई भी क्लेम (दावा) परिषद को मान्य नहीं होगा।

अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद

एक नजर

राजपुर गांव में तेंदुए के आतंक से दहशत

जसपुर : फीका नदी के किनारे बसे गांव राजपुर नई आबादी में तेंदुए ने आतंक मचा रखा है। इससे गांव वासियों में दहशत है। जसपुर क्षेत्र का गांव राजपुर फीका नदी के किनारे बसा हुआ है। गांव के बाहरी हिस्से की नई आबादी में तेंदुए ने करीब एक सप्ताह से आतंक मचा रखा है। गांव राजपुर की नई आबादी में रहने वाले लोगों ने बताया कि करीब एक सप्ताह से रात्रि को तेंदुआ रोज उनकी आबादी में आ रहा है। जो गांव के कई कुत्तों को उठा कर ले जा चुका है। उन्होंने वन क्षेत्राधिकारी को पत्र भेज कर आसपास के क्षेत्र में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। पत्र भेजने वालों में अनिल त्यागी, राजकुमार सिंह, संजीव कुमार, राकेश कुमार, रामराज त्यागी, शिवकुमार, हरपाल सिंह, जयप्रकाश सिंह आदि शामिल हैं।

बिजली चोरी करने पर उपभोक्ता पर मुकदमा

रुद्रपुर : बगवाड़ा चौकी इलाके में विद्युत विभाग की छापामार कार्रवाई में एक विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। 19 जून को उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड अंशुल मदान ने टीम के साथ बगवाड़ा इलाके में विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। छापामार कार्रवाई में पाया कि प्रबल एन्क्लेव बगवाड़ा निवासी सुजाता देवी द्वारा एलटी लाइन के माध्यम से विद्युत पोल से आने वाली लाइन से कट लगाकर 202 किलोवाट की विद्युत चोरी की जा रही है। टीम ने विद्युत कनेक्शन काटते हुए तार को सीज कर दिया और उपखंड अधिकारी अंशुल मदान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवती प्रेमी संग फरार

बाजपुर : प्रेम-प्रसंग के चलते युवती अपने प्रेमी के संग फरार हो गई। पीड़ित परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर युवक पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। नगरीय सीमा से सटे एक गांव निवासी महिला अपने परिवार की अन्य महिलाओं के साथ गुरुवार को दोपहर में कोतवाली पहुंची और तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उसकी बेटी 6 जून को घर से बिना बताए चली गई है जिसमें उन्हें पता चला है कि पुलिस चौकी बरहैनी क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी युवक उसे अपने झूठे प्रेम के जाल में फंसाकर भगा ले गया है।

एसएसपी का पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन, श्रमिक नेताओं से अभद्रता करने का मामला

एसएसपी के खिलाफ भड़का श्रमिक मोर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विगत दिनों श्रमिक नेताओं से एसएसपी द्वारा की गई अभद्रता के खिलाफ श्रमिक संयुक्त मोर्चा लामबंद होने लगा है। उन्होंने एसएसपी पर पूंजीपतियों को समर्थन देने का आरोप लगाया। उन्होंने एसएसपी का पुतला फूंककर डीएम को ज्ञापन सौंपा। श्रमिक संयुक्त मोर्चा जल्द ही एक महापंचायत बुलाकर आंदोलन की रणनीति बनाएगा।

गुरुवार को गांधी पार्क के समीप एसएसपी का पुतला फूंकने के दौरान श्रमिक नेता सुब्रत कुमार विश्वास ने बताया कि विगत दिनों संयुक्त श्रमिक मोर्चा का एक शिष्टमंडल एसएसपी से मुलाकात कर गुहार लगाने गया था। बताया कि पिछले कई दिनों से सिडकुल की एक कंपनी द्वारा श्रमिक नेताओं पर गुंडे भेजकर हमले कराने के मामले सामने आए हैं। इसकी सिडकुल चौकी में तहरीर व मेडिकल रिपोर्ट भी प्रेषित की है। बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप था कि एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने फरियाद सुनने की बजाय श्रमिक नेताओं से अभद्रता व फटकार कर बाहर निकाल दिया।

डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते श्रमिक संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

आरोप था कि एसएसपी पूंजीपति उद्योगपतियों को गुंडागर्दी करने का समर्थन कर रहे हैं और सीएसआर योजना के तहत सरकारी कार्य करवा रहे हैं। ऐसे में कार्रवाई करने का कोई औचित्य ही नहीं बनता। उन्होंने एसएसपी के खिलाफ जल्द श्रमिक संयुक्त मोर्चा की बैठक बुलाकर महापंचायत किए जाने का भी ऐलान किया है। इस मौके पर श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष दलजीत सिंह, ललित कुमार, दिनेश भट्ट, वीरेंद्र पटेल, विशाल कुमार, अजय कटारिया, श्रीराम पटेल, राजेश कुमार, सोनू,वीरू, अनीता देवी, राकेश गंगवार, दिनेश प्रजापति, रोहित कुमार, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

पुलिस के चक्कर काट रहे पीड़ित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर जनपद में अफसरशाही इतनी हावी हो चुकी है कि एक पीड़ित परिवार पुलिस कार्यालय और चौकी के चक्कर काटने को विवश है। पीड़ित परिवार का आरोप था कि देवरानी ने अपना परिवार बुलाकर जेठ-जेठानी पर कातिलाना हमला किया और चार साल की मासूम बेटी पर गर्म पानी डालकर जला दिया। बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। पीड़ित दंपति ने एसएसपी को एक बार फिर शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना ट्रांजिट कैंप निवासी जगदीश चंद्र ने बताया कि वह कृष्णा कॉलोनी में परिवार के साथ रहता है। 18 जून को उसकी छोटी बहू से बड़े बेटे की पत्नी का विवाद हो गया था। इस पर छोटी बहू ने अपने परिवार को फोन किया। आरोप था कि छोटी बहू के परिवार के लोग हथियारों से लैस होकर आए और छोटी बहू ने परिवार के साथ मिलकर बड़े बेटे व उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप था कि हमलावरों ने चार साल की मासूम बच्ची पर भी गर्म पानी डालकर जला दिया।

हमले में बहू व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए और घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हल्द्वानी रेफर कर दिया। आरोप था कि घटना के बाद से ही वह कई बार तहरीर लेकर थाना ट्रांजिट कैंप के चक्कर लगा चुका है। दो बार पुलिस कार्यालय में शिकायती पत्र दे चुका है। बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। गुरुवार को एसएसपी से मिलने आए पीड़ित परिवार ने कहा कि यदि एसएसपी ने उनकी गुहार नहीं सुनी तो वह धरना देकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

एसएसपी कार्यालय के बाहर बैठा पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

एनओसी नहीं मिलने से रुका अंडरपास का निर्माण

विधायक अरोरा ने प्रस्तावित अंडरपास स्थल का किया निरीक्षण, स्थानीय लोगों को दिया निर्माण का भरोसा

विवाद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ओमेक्स के पास बन रहे अंडरपास का निर्माण कार्य दो पक्षों के आमने-सामने आने और एनओसी नहीं मिलने के कारण रुक गया है। इसको लेकर विधायक शिव अरोरा ने प्रस्तावित निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पहले मौजूद स्थानीय लोगों की समस्या को सुना और अंडरपास निर्माण कार्य कराने का भरोसा दिया।

ओमेक्स के पास बन रहे अंडरपास का लोकसभा चुनाव से पूर्व रेल मंत्री ने शिलान्यास किया था। आचार संहिता खत्म होने के बाद जब अंडरपास का निर्माण शुरू हुआ तो एक पक्ष निर्माण करने और दूसरा पक्ष निर्माण नहीं कराने को लेकर आमने-सामने आ गया। इसको प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रस्तावित अंडरपास निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया और बाद में अचानक से निर्माण कार्य रोक दिया गया। इसी को लेकर विधायक अरोरा ने अंडरपास स्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों की समस्या को सुना। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि इस अंडरपास के बनने से छतरपुर भूरारानी क्षेत्र से लगे हुए कई गावों के लोगों को सुविधा मिलेगी।

वहीं लोगों का 6 से 7 किमी अतिरिक्त सफर भी बचेगा। सभी ने एक मत से अंडरपास बनाने की मांग रखी। लोगों से बातचीत के बाद विधायक अरोरा ने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप अंडरपास का निर्माण होना चाहिए। एनओसी प्राप्त नहीं हुई है जिसके चलते निर्माण कार्य रुका हुआ है। ऐसे में विभाग की स्वीकृति जरूरी है। विधायक अरोरा ने फोन पर सांसद अजय भट्ट से वार्ता कर समस्या की जानकारी दी। सांसद भट्ट ने कहा कि इसको लेकर प्रशासन स्तर पर वार्ता करनी होगी और निर्माण के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से कहा कि वे जल्द एनओसी कराने का प्रयास करेंगे। ताकि निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके।

प्रस्तावित अंडरपास स्थल के निरीक्षण के दौरान लोगों से बातचीत करते विधायक अरोरा। ● अमृत विचार

ये लोग रहे मौजूद

छतरपुर ग्राम प्रधान हरीश भट्ट, धर्मपुर प्रधान विक्की सिंह, पूर्व पार्षद मोहन खेड़ा, जगदीश सिंह, गुलाब सिरोही, ज्ञान सिंह चौहान, विनय विश्वास, अनमोल विर्क, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, संजय चौधरी, रघुराज रावत, बीडी उपाध्याय, कैलाश पांडेय, मोहन बर्तवाल, ओमकार रावत, प्रदीप कुमार, प्रवेश शर्मा, अरविंद बिंद, बलवंत सिंह, रामदयाल, मंदीप सिंह, कमलेश कुशवाहा, प्रकाश चंडोला, राकेश नौटियाल, संजय आर्य, वीर प्रताप, नवीन खेतवाल, बीडीसी गुरबाज सिंह, प्रकाश राणा, अनिकेत दिवाकर मौजूद रहे।

लो वोल्टेज से निजात के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: गर्मी के मौसम में कम वोल्टेज के कारण परेशानी का सामना कर रहे वार्ड नं- 3 जसपुर खुर्द के वासियों ने निवर्तमान पार्षद अनिल कुमार के नेतृत्व में विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की। एई ने नया ट्रांसफार्मर लगाने के आदेश दिए हैं।

सौंपे ज्ञापन में वार्डवासियों ने बताया कि जसपुर खुर्द, बंसियों वाला मंदिर, गढ़वाल सभा, वसंत बिहार, माधव विहार में पुराने लगे हुए ट्रांसफार्मर से उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है और न ही उनको भरपूर वोल्टेज मिल पाता है। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रांसफार्मर काफी पुराना हो चुका है, इसके स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी ने जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगाने के आदेश दिए हैं। ज्ञापन देने वालों में निवर्तमान पार्षद अनिल कुमार, अनिल गुप्ता, अमर सिंह, रविन्द्र शर्मा, अजय कुमार, सुखलाल, कृष्ण शर्मा, सुनीता देवी, राजरानी, रुचिका आदि शामिल रहे।

उपखंड अधिकारी को ज्ञापत देते जसपुर खुर्द वार्ड नं. 3 के लोग। ● अमृत विचार

रिश्तेदार पर धोखा देकर मकान बेचने का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

- मकान मालिक ने लगाया धमकी देने का भी आरोप

अमृत विचार: रिश्तेदार द्वारा धोखा देकर अपने ही रिश्तेदार का मकान बेचने का मामला सामने आया है। जब मकान मालिक ने कारण पूछा तो रिश्तेदार जान से मारने की धमकी देने लगा।

प्रवीर उर्फ प्रोवीर कुमार गुहा निवासी चुनार मिर्जापुर यूपी ने बताया कि काशीपुर हाईवे स्थित सामिया लेक सिटी में उसका एक मकान है। जिसकी देखभाल के लिए उसने दिनेशपुर के रहने वाले रिश्तेदार को दे दिया था। 18 जून को जब वह मकान पर आया तो देखा कि मकान में एक महिला कुछ लड़कियों के साथ रह रही थी। जब रहने का कारण पूछा तो बताया कि देखभाल के लिए रखे रिश्तेदार द्वारा ही मकान को बेच दिया गया।

आरोप था कि जब रिश्तेदार से मकान बेचने का कारण पूछा और दस्तावेज मांगे तो वह सकपकाने लगा और जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। साथ ही आरोपी महिला ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

बेटे के जन्म पर मिठाई बांटने को लेकर मारपीट

बाजपुर: बेटे के जन्म पर मोहल्ले में मिठाई बांटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने नामजद छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वार्ड नंबर-6 मोहल्ला फिदानगर केलाखेड़ा निवासी रहीस ने पुलिस को बताया कि 18 जून की शाम करीब 7 बजे वह दोस्त फिरोज अहमद के साथ मोहल्ले के घरों में अपने बेटे के जन्म होने की खुशी में मिठाई बांट रहा था। आरोप है कि इसी बीच सद्दाम, बिंदा, इरफान, रफी, मतलूब, फरमूद आदि ने बेवजह गाली-गलौज करते हुए मिठाई बांटने की मजाक बनाना शुरू कर दिया। विरोध किया तो उन्होंने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

घास काटने गई महिला की सर्पदंश से मौत

दुखद

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- महिला की मौत से परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: बगवाड़ा चौकी इलाके की रहने वाली एक महिला की सर्पदंश से मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

बगवाड़ा चौकी इलाके के गांव शिमला पिस्तौर की रहने वाली 40 वर्षीय मैना देवी बुधवार की शाम को घास काटने के लिए गांव की महिलाओं के साथ गई थी। बताया जा रहा है कि घास काटते वक्त अचानक सांप ने महिला को डस लिया और हालत बिगड़ने पर आनन-फानन में महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद भी परिवार के लोग महिला को इधर-उधर लेकर भटकते रहे, लेकिन कही भी कोई राहत नहीं मिली।

सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि महिला के मौत प्रकरण की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वास्तविक पुष्टि होगी। प्रारंभिक पूछताछ में सर्पदंश की बात सामने आई है।

दीवार गिरने से युवक की मौत

शक्तिफार्म : निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरने से गुरुग्राम निवासी युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुग्राम निवासी उत्तम मंडल (45) पुत्र गुरदास मंडल गुरुवार 9 बजे के आसपास अपने निर्माणाधीन भवन की दीवार पर सीढ़ी लगाकर ऊपर चढ़ रहा था। इस दौरान दीवार में बने स्लैब सहित दीवार का हिस्सा नीचे गिर गया। उत्तम दीवार के मलबे के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घरवाले उसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र शक्तिफार्म ले गए। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सितारगंज ले गए। जहां चिकित्सकों ने उत्तम को मृत घोषित कर दिया। घरवाले उसके शव को गुरुग्राम ले आए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया। मृतक की दो पुत्रियां व एक पुत्र है। उत्तम की मौत से पत्नी सपना व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

उत्तम मंडल।

पथराव प्रकरण में एक और आरोपी गिरफ्तार

बाजपुर: चार दिन पहले मुड़िया पिस्तौर में हुई मारपीट व पथराव प्रकरण में पुलिस ने नामजद एक और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। आरोपी के कब्जे से एक चाकू भी बरामद हुआ है। वार्ड पांच मोहल्ला मुड़िया पिस्तौर निवासी सभासद मोहम्मद आसिफ की ओर से सात लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी थी कि 17 जून को लाठी-डंडों व तलवार के साथ एकत्र होकर गाली-गलौज व मारपीट की तथा घर पर पथराव भी किया गया। पुलिस टीम ने नामजद आरोपित वार्ड नंबर-दो मुंडिया पिस्तौर मोनीश को ग्राम नंदपुर नरकाटोपा से गिरफ्तार कर लिया है।

तैयारी सौंदर्यीकरण को लेकर कार्ययोजना के प्रस्तुतीकरण समेत कई बिंदुओं पर चर्चा

राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर बनेगी पार्किंग

- डीएम बोले-50 वर्षों को ध्यान में रखते हुए बनाया जाए ड्रेनेज प्लान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: रामपुर रोड स्थित सोनिया होटल यूपी बॉर्डर से जिला अस्पताल के पास पेट्रोल पंप तक राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर सौंदर्यीकरण के रीडेवलपमेंट प्लान को लेकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सौंदर्यीकरण के संबंध में कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। साथ ही महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ ही संबंधित विभाग से सुझाव भी लिए गए।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला ने बताया कि इस रीडेवलपमेंट प्लान में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर उपलब्ध भूमि में पार्किंग, ड्रेनेज, ग्रीन बेल्ट जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास किए जाने पर प्राधिकरण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों से प्राप्त सुझावों को सम्मिलित करते हुए अन्य सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श करते हुए कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 50 वर्षों को ध्यान में रखते हुए ड्रेनेज प्लान व सर्विस लेन प्रस्ताव बनाए जाएं। प्लान बनाते समय ड्रेनेज की चौड़ाई व ढाल को इस प्रकार बनाएं कि नियमित सफाई भी की जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय, उपायुक्त नगर निगम शिप्रा जोशी, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, यूपीसीएल विजय सकारीया, लोनिवि के ओपी सिंह, साइट इंजीनियर एनएचएआई तुषार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

चोरी की बाइक के साथ आरोपी धरा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक शातिर चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक से रेकी कर चोरियों की घटनाओं को अंजाम देता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम बैलजुड़ी निवासी इकरार ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में बताया था कि उसकी घर के बाहर खड़ी बाइक बीती 10 जून की दोपहर घर के बाहर से चोरी हो गई। मामले में पुलिस ने टीम का गठन कर गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान इमरान निवासी नई बस्ती वार्ड नं. 22 ठाकुरद्वारा को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से बरामद बाइक को ई-चालान मशीन से चेक किया तो उक्त बाइक इकरार की पाई गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूलते हुए बताया कि वह चोरी की बाइक से रेकी कर चोरियों की घटनाओं को अंजाम देता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। टीम में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह राठौर, उपनिरीक्षक मनोहर चन्द शामिल रहे।

घर के बाहर से बाइक चोरी

रुद्रपुर : आदर्श कॉलोनी चौकी इलाके में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। बाइक स्वामी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ईश्वर कॉलोनी निवासी ख्याली राम ने बताया कि 7 जून की रात्रि को उसने अपनी बाइक संख्या यूके-06 पी-7488 को लॉक करके घर के बाहर खड़ी की थी और 8 जून की सुबह नौ बजे देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। काफी खोजबीन के बाद बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिवा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

एक नजर

मधुमक्खियों के हमले में दो महिलाएं घायल

खटीमा : नदन्ना गांव में रास्ते से जा रही वहीं की निवासी बसंती देवी और भावना जोशी पर एकाएक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जब तक महिलाएं कुछ समझ पातीं तब तक मधु मक्खियों ने उन्हें बुरी तरह काट लिया। बाद में लोगों ने उन्हें बचाकर नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया।

श्रमिकों का चौथे दिन भी जारी रहा धरना

काशीपुर : बृहस्पतिवार को कुंडेश्वरी स्थित दवा कंपनी के बाहर कर्मचारी और श्रमिक अपनी मांगों को लेकर धरने पर डटे रहे। वक्ताओं ने तीन साल का पीएफ खाते जमा करने, वेतन वृद्धि करने, वेतन समय से देने की मांग की। इस मौके पर मनोज, योगेंद्र, संतोष, किरणपाल, दीपक, ममता, सरिता, सीमा, मंजू आदि मौजूद रहे।

दुर्घटना में युवक घायल

खटीमा : श्रीपुर बिछुआ निवासी शुभम बडोला बुधवार देर सायं घर जाते हुए अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने शुभम को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

पंतनगर की कई बस्तियां हटाने की योजना पर भड़के विधायक बेहड़

डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, उजाड़ने से पहले स्थापित करने का उठाया मुद्दा

लामबंद

संवाददाता, रुद्रपुर

डीएम कार्यालय गेट पर प्रदर्शन करते किच्छा विधायक बेहड़ व पंतनगर के ग्रामीण। ● अमृत विचार

अमृत विचार: पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की जद में कई बस्तियों को हटाने के खिलाफ किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने बस्ती के लोगों के साथ डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी उदयराज सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने गरीबों को हटाने से पहले बसाने की योजना बनाने का मुद्दा उठाया और आगाह किया कि जबरन लोगों को उजाड़ा गया तो इसका विरोध किया जाएगा।

गुरुवार को ज्ञापन सौंपते हुए विधायक बेहड़ ने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार की योजना संचालित है। 804 एकड़ भूमि नागरिक उड्डयन विभाग सहित कई विभागों के नाम पर दर्ज है, लेकिन दर्ज भूमि में पंतनगर एयरपोर्ट की जद में आई संजय नगर कॉलोनी और नगला की भूमि पर बसे मस्जिद कॉलोनी का नाम दर्ज नहीं है, जबकि वर्षों से कॉलोनी के निवास कर रहे हैं और फ्लाइंग जोन की जद में यह बस्तियां आती हैं। जिनको उजाड़ने की दिशा में विचार चल रहा है। अगर ऐसा होता है, तो सैकड़ों परिवार बेघर हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि उजाड़े जाने से पहले कॉलोनी के लोगों को बसाने पर विचार होना चाहिए। जबरन हटाने की कार्रवाई का पुरजोर विरोध किया जाएगा। उन्होंने आगाह किया कि यदि उनकी मांग पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर अनीता देवी, नसीमा बेगम, शीला देवी, जनार्दन सिंह, जगदीश कुमार, सोनमती देवी, मोहम्मद रहीम अंसारी, अली मोहम्मद, सुनील कुमार, युसुफ खान, शैलेंद्र कुमार, संजय कुमार, सगीर अहमद आदि मौजूद रहे।

153 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

काशीपुर: गौ संरक्षण स्क्वाड ने 153 किग्रा प्रतिबंधित मांस के साथ पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। मौके से मांस काटने के उपकरण बरामद कर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

गौ संरक्षण स्क्वायड किच्छा के प्रभारी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गुलड़िया में एक घर में दबिश देकर प्रतिबंधित पशु का वध कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया। पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम ग्राम गुलड़िया थाना आईटीआई निवासी सलमान हुसैन और उसके पिता लियाकत हुसैन बताया। टीम ने मौके से 153 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस, चापड़, छुरी, लकड़ी का गुटका, तराजू बाट बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस टीम में पैगा चौकी प्रभारी अनिल उपाध्याय, एएसआई सोमवीर सिंह, कांस्टेबल दलीप कुमार व गोवंश संरक्षण स्क्वाड किच्छा के एसआई प्रवीण सिंह आदि शामिल रहे।

मुकदमे की अनुमति के खिलाफ आक्रोश

डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते भाकपा माले कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: वर्ष 2010 प्रकरण में दिल्ली के उप राज्यपाल द्वारा यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज किए जाने की अनुमति देने से भड़के भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। उन्होंने कहा कि सरकार कानून संशोधन के बाद भी पुराने प्रकरण में मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दे रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गुरुवार को ज्ञापन सौंपते हुए भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने बताया कि दिल्ली के उप राज्यपाल ने वर्ष 2010 के पुराने प्रकरण में प्रख्यात लेखिका अरुंधति राय और डॉ. शौकत अली के खिलाफ यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज करने की अनुमति दी है। 14 साल बाद यूएपीए के तहत मुकदमा चलाना हास्यास्पद है। आरोप था कि केंद्र सरकार लोकतंत्र की आवाज उठाने वालों का दमन कर रही है। उन्होंने लेखिका अरुंधति व डॉ. शौकत के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की अनुमति को वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर जिला सचिव ललित मटियाली, नगर सचिव अमनदीप कौर, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, अखिलेश सिंह, केहरी सिंह, दिनेश चंद्र, विजय शर्मा, चंद्रिका भारती आदि मौजूद रहे।

उत्तराखंड से निजी लगाव : डिंपल

पंतनगर एयरपोर्ट पर सपा सांसद डिंपल यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी व मैनपुरी लोकसभा सीट से सांसद डिंपल यादव अपने तीन दिवसीय उत्तराखंड भ्रमण के बाद पंतनगर एयरपोर्ट पर पहुंचीं। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बाबा नीब करौरी की फोटो और बुके देकर स्वागत किया। साथ ही उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में सपा की प्रचंड जीत पर बधाई दी।

गुरुवार को पंतनगर एयरपोर्ट पर सांसद डिंपल यादव ने कहा कि उत्तराखंड हमारा परिवार है। यहां से उनके पूरे परिवार का निजी लगाव है। इसलिए उनका परिवार उत्तराखंड को सिर्फ राजनीतिक दृष्टि से नहीं देखता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि शीघ्र ही समाजवादी पार्टी उत्तराखंड में विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाने का कार्य करेगी।

इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव यूथ अरविंद यादव, अमित कुमार, किसान नेता तेजेंदर विर्क, ओशियन यादव, प्रज्ञा चौधरी, अरविंद दिवाकर, गुरकीरत, दबीर राजा, शीशपाल, शंकर यादव, प्रताप यादव, तेजपाल, सतवीर, पुष्पेंद्र, अनमोल यादव मौजूद रहे।

काम करते वक्त श्रमिक का हाथ कटा

काशीपुर: मानपुर स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में काम करने के दौरान मशीन के अंदर हाथ जाने से एक श्रमिक का हाथ कट गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घायल को गिरीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बुधवार सुबह लगभग 9:30 बजे मानपुर स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़े का रिसाइकिल कर रही झारखंड की एक कंपनी के श्रमिक 65 वर्षीय प्रेमलाल केवट निवासी राजस्थान का हाथ काम करते समय मशीन के अंदर चला गया। हाथ कटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर प्लांट की मशीन को बंद करा दिया गया। वहीं घायल प्रेमलाल को अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि ट्रंचिंग ग्राउंड में प्रेमलाल का काम पानी पिलाने का था, लेकिन सवाल यह है कि वह मशीन की चपेट में कैसे आ गया। हालांकि, कंपनी की तरफ से घायल प्रेमलाल का इलाज कराया जा रहा है।

गांवों को भू-स्वामित्व देने की मांग

वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ ने सीएम से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

सीएम धामी को ज्ञापन सौंपते वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: रुद्रपुर नगर निगम में शामिल 11 गांवों के लोगों को भू-स्वामित्व का लाभ दिलाने की मांग को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने देहरादून में आयोजित चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

सीएम धामी को सौंपे ज्ञापन में वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ ने कहा कि वर्ष 2017 में नगर निगम, नगर पालिका का परिसीमन किया गया। इसके तहत पूरे राज्य के कई गांवों को नगर निगम व नगर पालिका में शामिल किया गया था। यह ऐसे गांव थे जो पहले ग्राम सभा अथवा ग्राम पंचायत में आते थे। इसी क्रम में रुद्रपुर नगर निगम के परिसीमन के बाद भूरारानी, खंडपुर देहात, बिगवाड़ा, शिमला बहादुर, रम्पुरा ग्रामीण, जगतपुरा ग्रामीण, फाजलपुर महरौला, लमरा ग्रामीण, कल्याणपुर और फूलसुंगा व फूलसुंगी आदि गांवों को निगम में शामिल कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि निगम में शामिल होने के बाद से अब तक इन ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना भू-स्वामित्व का लाभ नहीं मिल पा रहा। इससे ग्रामीणों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अपने आवासीय प्लॉट में कोई भी निर्माण कार्य करना चाहते हैं तो उसमें जिला विकास प्राधिकरण काम नहीं करने दे रहा है। यह आवासीय प्लॉट पिछले 75 वर्षों से उनको मिले हुए हैं। वे इस प्लॉट में एक ईंट भी नहीं लगा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनहित में ग्रामीणों को भू-स्वामित्व का लाभ दिया जाए, ताकि वे अपने प्लॉट में निर्माण कार्य करा सकें।

पंत विवि को नगर पालिका में शामिल न किए जाने की मांग

काशीपुर: पंतनगर विश्वविद्यालय को नगला नगर पालिका में शामिल न किए जाने को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में सौंपा। इसमें कहा गया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य में नगर निकाय चुनावों की तैयारी की जा रही है। इसमें नगला से हल्दी तक विश्व स्तरीय उच्च शिक्षण संस्थान कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर को भी शामिल करते हुए 20 वार्डों के साथ नई नगर पालिका नगला बनाई जा रही है। कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय को नगर पालिका में शामिल होने से शिक्षा व शोध कार्य प्रभावित होंगे और विश्वविद्यालय की छवि खराब होगी। उन्होंने मांग की कि पंतनगर विश्वविद्यालय क्षेत्र को नगर पालिका, नगला में शामिल नहीं किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जगदीश चंद बौड़ाई, सरदार हरजाप सिंह, राम सिंह रावत, सतेंद्र सिंह रावत आदि शामिल रहे।

जिला पंचायत की सामान्य बैठक 25 को

रुद्रपुर: जिला पंचायत की विभिन्न समितियों की बैठक एवं जिला पंचायत की सामान्य बैठक 25 जून को जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत की विभिन्न समितियों की बैठक 10 बजे से 11.30 बजे तक और सामान्य बैठक 11.30 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। 12.30 बजे से जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जाएगी। उन्होंने जिला पंचायत के सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर बैठक में पहुंचने की अपील की है।

गर्म राख में धंसने से बच्चे सहित तीन झुलसे

अस्पताल में भर्ती झुलसा बच्चा।

संवाददाता, काशीपुर

भूखंड पर पड़ी गर्म राख को ठंडा करते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: खाली भूखंड में पड़ी पेपर मिल की गर्म राख में धंसने से एक बालक समेत तीन लोग झुलस गए। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राख में फंसकर एक गाय भी झुलस गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद राख को ठंडा किया।

कुंडेश्वरी रोड पर गैस गोदाम के पास किसी व्यक्ति का खाली भूखंड पड़ा है। इस भूखंड में पेपर मिल की राख का भरान कराया गया है। गुरुवार को पड़ोस में रहने वाली मीरा देवी की गाय खुलकर भूखंड में चली गई। गाय अंदर ही अंदर भभक रही राख में धंस गई। दलदल से गाय निकालने पहुंचे मुकेश कुमार (50 वर्ष) व चरण सिंह (55 वर्ष) भी धंसकर झुलस गए। इसी दौरान कुत्ते से डरकर भूखंड की ओर भागा बालक मोहम्मद शमी (8 वर्ष) पुत्र कलुआ भी बुरी तरह झुलस गया। निवर्तमान पार्षद अनिल कुमार ने कुछ लोगों की मदद से झुलसे लोगों को बाजपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने धधकती राख को पानी डालकर ठंडा किया। भूखंड स्वामी के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है।

सिंचाई में लगीं 16 मोटरें कब्जे में लीं

खटीमा: विद्युत विभाग की टीम ने उत्तर प्रदेश सीमा से लगे खेतों में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से चल रहीं डेढ़ दर्जन विद्युत मोटरें कब्जे में लीं।

यूपी सीमा से लगे हल्दी घेरा पावर स्टेशन के अंतर्गत विद्युत उपखंड अधिकारी अंबिका यादव के निर्देशन में विद्युत टीम ने ग्राम बग्गा 54 सरपुड़ा, रघुलिया, वनगवां तथा मझोला में बिजली चोरी से खेतों की सिंचाई करते हुए 16 बिजली की मोटरें पकड़ीं। अवर अभियंता विनोद जोशी ने बताया कि खेतों के आधार पर किसानों को चिन्हित कर बिजली चोरी अधिनियम की कार्रवाई की जाएगी। बुधवार देर शाम लाइन ब्रेक डाउन होने से ग्राम बग्गा चौवन, सरपुडा, रघुलिया, वनगवां, मझोला गांव में सात घंटे बिजली गुल रही।

कार्रवाई | जिला पंचायत की भूमि पर एक व्यक्ति ने किया था अतिक्रमण

अवैध रूप से कब्जाई भूमि को कराया खाली

संवाददाता, गदरपुर

गदरपुर के ग्राम मसीत में अतिक्रमण हटाती राजस्व व पुलिस टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार: जिला पंचायत की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर तहसील प्रशासन और पुलिस ने कब्जा किया। भूमि पर कूड़ा संग्रह केंद्र खोला गया है।

गुरुवार को नायब तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट, जिला पंचायत के संग्रह कार्य अधिकारी हरी मोहन के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम मसीत पहुंची। जिला पंचायत कर अधिकारी हरिमोहन ने बताया कि जल निगम द्वारा काफी समय पूर्व वर्ग 5 की भूमि पर कूड़ा संग्रह केंद्र बनाकर जिला पंचायत को सौंपा था। नगर पालिका द्वारा उक्त भूमि पर गीले और सूखे कूड़े को एकत्र किया जाता था। कुछ दिन बाद कार्य न होने पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा उक्त भूमि पर कब्जा कर लिया गया। साथ ही जानवरों के लिए चारा बो दिया गया। लोगों ने इसकी सूचना तहसील और जिला पंचायत को दी। सूचना पर तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट, जिला पंचायत के संग्रह कर अधिकारी हरिमोहन, उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने व्यक्ति द्वारा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। कब्जा लेने के बाद राजस्व विभाग ने उक्त भूमि जिला पंचायत के सुपुर्द कर दी। आरोपी व्यक्ति को चेतावनी दी कि अगर उक्त भूमि पर दोबारा कब्जा किया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

फीका में क्षतिग्रस्त बंधे के मरम्मत की तैयारी

नादेही चीनी मिल व आसपास के गांवों को बाढ़ से बचाने की कवायद, बरसात के दिनों में होती है लोगों को परेशानी

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : नादेही चीनी मिल व आसपास के गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए बरसात से पूर्व फीका नदी के क्षतिग्रस्त बंधे की मरम्मत किए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

जसपुर क्षेत्र के गांव राजपुर के पास सहकारी चीनी मिल स्थित है, जिसे दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड राजपुर-पूरनपुर-नादेही के नाम से जाना जाता है। इस चीनी मिल परिसर की उत्तर दिशा में फीका नदी बह रही है। वर्षा ऋतु में इससे बाढ़ आने का खतरा बना रहता है और इस नदी में कई बार बाढ़ आ चुकी है। पिछले वर्ष भी वर्षा काल में इस नदी में बाढ़ आ गई थी। जिससे इस नदी पर बना नादेही चीनी मिल परिसर से सटा हुआ बंधा टूट गया था। सूचना मिलने पर प्रशासन ने आनन-फानन तत्काल सिंचाई विभाग के माध्यम से इस बंधे की मरम्मत कराई। तब कहीं जाकर नादेही चीनी मिल बाढ़ की चपेट में आने से बाल-बाल बच पाई थी। जब इस नदी में बाढ़ आती है तो चीनी मिल परिसर में बाढ़ का पानी घुस जाता है। चीनी मिल को बाढ़ से बचाने के लिए चीनी मिल परिसर की उत्तर दिशा में इस नदी पर तटबंध (बंधा) बना हुआ है और हर वर्षा ऋतु में नियंत्रण चौकी स्थापित की जाती है। इसके अलावा इस नदी में आने वाली बाढ़ से निपटने के लिए सिंचाई विभाग को भी अलर्ट कर दिया जाता है।

राजपुर के पास से बहने वाली फीका नदी के क्षतिग्रस्त बंधे का निरीक्षण करते पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल।

राजपुर के ग्रामीणों का होता है काफी नुकसान

जसपुर। गांव राजपुर भी फीका नदी के किनारे बसा हुआ है। इस नदी का जल स्तर बढ़ने व नदी में बाढ़ आने पर गांव राजपुर के लोगों का काफी नुकसान हो जाता है। तेज वर्षा होने पर उन्हें पास से बहने वाली इस नदी में बाढ़ का डर सताने लगता है। इसके अलावा आसपास के अन्य गांव के भी इस नदी में वाली बाढ़ की चपेट में आने का खतरा बना रहता है।

पूर्व विधायक ने किया निरीक्षण

जसपुर। पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता, एसडीओ व जियो ट्यूब्स बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर और अनुभवी ठेकेदारों के साथ गांव राजपुर के पास स्थित फीका नदी के क्षतिग्रस्त बंधे का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर पूरनपुर के ग्राम प्रधान हृदेश चौहान, राजेंद्र सिंह, चेतराम सिंह, रामलाल, रामकिशोर, सूरज, छज्जू सिंह, शमशुद्दीन आदि मौजूद रहे।

जियो ट्यूब्स का किया जाएगा प्रयोग

जसपुर। फीका नदी के क्षतिग्रस्त बंधे की मरम्मत में गुजरात की तर्ज पर जियो ट्यूब्स का प्रयोग किया जाएगा। पिछले वर्ष वर्षा ऋतु में नादेही चीनी मिल व गांव राजपुर के पास से बहने वाली फीका नदी में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए बंधे की मरम्मत कराने के लिए पूर्व विधायक भाजपा नेता डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के जसपुर आगमन पर भी उनके द्वारा फीका नदी के क्षतिग्रस्त बंधे की मरम्मत किए जाने की मांग की गई थी और उन्होंने गुजरात की तर्ज पर नदियों में बाढ़ नियंत्रण हेतु जियो ट्यूब्स के प्रयोग की मांग भी उठाई थी। इस पर मुख्यमंत्री ने जियो ट्यूब्स के प्रयोग का आश्वासन दिया था। अब सिंचाई विभाग ने फीका नदी के क्षतिग्रस्त बंधे में शीघ्र ही 6 जियो ट्यूब्स लगाने की अनुमति दी है।

655 ग्राम अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

बाजपुर। पुलिस ने 655 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। इसके खिलाफ धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है जिसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में टावर के नीचे बने बड़े गोदाम के पास बैठे व्यक्ति की धरपकड़ को घेराबंदी की। अचानक पुलिस को आता देख आरोपित सकपका गया और मौके से भागने का प्रयास करने लगा जिसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम मंडवाबसीपुर पोस्ट नरखेड़ा थाना साही जनपद बरेली (उप्र) निवासी राजेश बताया। सीओ अन्न राम आर्य की मौजूदगी में आरोपित की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 655 ग्राम अफीम बनामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बरेली में गजक का ठेला लगाता है और यह अफीम बरेली में ही एक व्यक्ति से लेकर आया था। पैसों के लालच में वह अफीम बेचने के लिए ट्रेन से बाजपुर आया था।

श्रमिकों को बांटी आवश्यक सामग्री

श्रमिक को आवश्यक सामग्री देते भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : श्रम कार्यालय में कर्मकार बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण कार्य कर रहे श्रमिकों को आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने सभी श्रमिकों को प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने श्रम विभाग से चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि योजनाओं के लाभ के लिए श्रमिक मजदूर श्रम विभाग में संपर्क कर अपना पंजीयन अवश्य कराएं।

इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल, प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, जिला महामंत्री मोहन बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष गुरबक्श बग्गा, मण्डल अध्यक्ष रजत सिद्धू और ब्रजेश, एनजीओ प्रकोष्ठ जिला संयोजक अनूप सिंह तथा जिला कार्यालय मंत्री समरपाल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

वार्ड 34 के प्रभारी बने अर्पित मेहरोत्रा

वार्ड 34 के नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : नगर निगम के वार्ड संख्या 34 गिरीताल एसडीएम कोर्ट रोड वार्ड प्रभारी के रूप में अर्पित मेहरोत्रा को नियुक्त किया गया है।

साथ ही वार्ड अध्यक्ष देव कुमार एवं नगर उपाध्यक्ष विनोद शर्मा (होंडा) के आवास पर कांग्रेस की वार्ड कमेटी का गठन भी किया गया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज पंत ने की। बैठक में आगामी निगम चुनाव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वार्ड प्रभारी अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि आगामी निकाय चुनाव में क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए कांग्रेस को मजबूत बनाएं। इस अवसर पर त्रिलोक सिंह अधिकारी, योगेश जोशी, रामाशंकर, महेंद्र चौधरी, राकेश ठाकुर, राजीव मेहरोत्रा, संजय शर्मा, कुलदीप, संजीव शर्मा, मनीष शर्मा, अभिषेक शर्मा, अक्षित शर्मा, सुनील शर्मा, राहुल रमनदीप कम्बोज, अंकित, रितिक, मनोज प्रजापति आदि मौजूद रहे।

बाइक फिसलने से बच्चे समेत दो लोग हुए घायल

बाजपुर। नेशनल हाइवे पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। इसमें बाइक सवार एक बच्चा सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मोहल्ला पहाड़ी कॉलोनी निवासी शंकर एक छोटे बच्चे कृष्णा के साथ बुधवार की देर रात केलाखेड़ा से बाइक पर अपने घर की ओर आ रहा था।

बताया जाता है कि इस बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर केलाखेड़ा के नजदीक ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। इससे दोनों बाइक के साथ घिसटते हुए काफी दूर तक चले गए। गनीमत रही कि इस बीच कोई दूसरा वाहन नहीं आया जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दोनों को एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

साल बोझी में तीसरे दिन भी हटाया अतिक्रमण

कुछ अतिक्रमणकारियों ने स्वयं तोड़ा निर्माण

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : वन विभाग की टीम ने साल बोझी नंबर एक में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन भी आरक्षित वन भूमि से अतिक्रमण हटवाया।

वन विभाग ने अतिक्रमणकारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया। इसके चलते कुछ अतिक्रमणकारियों ने स्वयं और कुछ अतिक्रमण को वनकर्मियों ने तोड़ा। वन प्रभाग की उपप्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा के नेतृत्व में खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी एमसी जोशी द्वारा नौ रेंजों से पहुंचे वनकर्मियों के साथ बृहस्पतिवार को तीसरे दिन भी अतिक्रमण को हटवाने का कार्य जारी रहा। एक सप्ताह के स्वयं अतिक्रमण हटाने के नोटिस की समयावधि समाप्त होने के बाद वन विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को अतिक्रमण हटवाया। एसडीओ संचिता वर्मा ने कहा कि वन विभाग का तीन दिन 18, 19 और 20 का अभियान था लेकिन यह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि विभाग किसी को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता है इसलिए लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया जा रहा है। इस अवसर पर धन सिंह अधिकारी, भैरव सिंह बिष्ट, जागेश वर्मा आदि मौजूद थे।

खटीमा में जेसीबी से अतिक्रमण हटाते वनकर्मी। ● अमृत विचार

अतिक्रमण हटाने का काम आज करें समाप्त

खटीमा। पूर्वी तराई वन प्रभाग हल्द्वानी के प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरे ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के कार्य को शुक्रवार तक समाप्त करें। उन्होंने यह बात उन्होंने साल बोझी नंबर एक में हटाए जा रहे अतिक्रमण का जायजा लेते हुए उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा से कही।

खटीमा में स्वयं अतिक्रमण हटाते अतिक्रमणकारी। ● अमृत विचार

यूकेडी के पूर्व जिलाध्यक्ष की मां के निधन पर शोक

पंतनगर। नैनीताल जनपद के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश भट्ट की माता का 92 वर्ष की उम्र में बुधवार को निधन हो गया।

बृहस्पतिवार को ऊधमसिंह नगर जिले के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। यहां वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी व यूकेडी संरक्षक दिवान सिंह बिष्ट, केंद्रीय उपाध्यक्ष आंनद सिंह असगोला, चौधरी बृजवीर सिंह, केंद्रीय संगठन मंत्री सरदार हरजाप सिंह, शिव सिंह रावत, गोविंद बिष्ट, जिलाध्यक्ष रामसिंह धामी आदि मौजूद थे।

शांतिपुरी में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हुए सम्मानित

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में तीसरी बार वापसी और जवाहरनगर शांतिपुरी शक्ति केन्द्र के सभी बूथों पर गुरुवार को जबरदस्त जीत पर पार्टी के सीनियर कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष बिशन सिंह मेहरा व संयोजक मोहित नाथ गोस्वामी ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सीएम पुष्कर सिंह धामी व यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सनातन की रक्षा एवं पार्टी की मजबूती के लिए संगठित होकर काम करने की सामूहिक रूप से शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुग्धसंघ निदेशक इन्दर मेहता, सैनिक संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष से.नि. कै. कल्याण सिंह रौतेला, से.नि. शिक्षक एवं पूर्व इकाई अध्यक्ष बलवन्त सिंह कोरंगा तथा पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष खुशाल सिंह कोरंगा ने पार्टी की तीसरी बार केन्द्रीय सत्ता में वापसी पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष बिशन सिंह मेहरा व संयोजक मोहित नाथ गोस्वामी ने पार्टी के पुराने सक्रिय कार्यकर्ता कुलबीर शर्मा, कल्याण सिंह मटियानी, प्रेम सिंह कोरंगा, कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा, गंगा देवी कोरंगा, गंगा देवी बिष्ट, बलवंत सिंह कोरंगा, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, दिगंबर प्रसाद जोशी, शेर राम नेता, भोपाल सिंह ठठोला, गीता तिवारी, सावित्री डिमरी, मोदी चंद कुंवर, गोपाल उपाध्याय, भगवान सिंह, जोत सिंह कोरंगा व दान सिंह कार्की समेत करीब दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को पटका एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी माता का संयुक्त चित्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में देवीदत्त पांडे, सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद जोशी, केडी जोशी, कमल ठठोला, नवीन टाकुली, पूर्व प्रधान लक्ष्मी कोरंगा, श्याम सिंह नौलिया आदि मौजूद रहे।

शांतिपुरी में वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते भाजपाई। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

कार्यशाला में वकीलों को दी नए कानूनों की जानकारी

काशीपुर। काशीपुर बार एसोसिएशन भवन में आगामी 1 जुलाई से लागू होने वाले तीन नये अधिनियमों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य) में से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें अधिवक्तागणों ने अध्याय 10, 11, 12 पर चर्चा की। इसी तरह शुक्रवार को भी वर्कशॉप की जाएगी। इसमें बाकी अध्याय पर चर्चा की होगी। उक्त वर्कशॉप मे एसोसिएशन के उपसचिव सूरज कुमार, वीरेंद्र चौहान एवं संजय शर्मा एडवोकेट, काशीपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नृपेन्द्र कुमार चौधरी, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, ऑडिटर हिमांशु विश्नोई, कामिनी श्रीवास्तव, अमित कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार, संजय शर्मा, वीरेन्द्र चौहान, समर्थ विक्रम, शैलेन्द्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

वर्कशॉप में शामिल अधिवक्ता। ● अमृत विचार

जसपुर में गुरुवार को हुई रिमझिम वर्षा। ● अमृत विचार

बारिश के बाद फिर भीषण गर्मी

जसपुर। बुधवार रात हुई बारिश से लोगों को कुछ राहत तो मिली लेकिन गुरुवार को फिर भीषण गर्मी हो गई। अब सभी की निगाहें आसमान की ओर टिकी हैं।

13 घंटे विद्युत सप्लाई ठप रहने से पेयजल आपूर्ति रही बाधित

दिनेशपुर : अचानक अंधड़ आने से 13 घंटे विद्युत सप्लाई ठप रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। विद्युत सप्लाई ठप रहने से पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही। जलस्तर गिरने से हैंड पंप सूखे पड़े हैं। वहीं विद्युत गुल रहने से बुधवार की सारी रात्रि लोग जागे रहे। गुरुवार को प्रात: से आकाश में बादल छाए रहे वहीं 9 बजे बाद धूप खिलने से विद्युत व पेयजल व्यवस्था ठप रहने से लोग परेशान नजर आए। जबकि बुधवार की रात्रि 11 बजे अचानक आए अंधड़ आने से विद्युत व्यवस्था ठप रहने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। गुरुवार के दोपहर एक बजे विद्युत सुचारु होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। विद्युत ठप रहने से जल संस्थान द्वारा पानी स्टोरेज न कर पाने से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की सप्लाई बाधित रही। दोपहर एक बजे विद्युत व्यवस्था सुचारु होने के बाद लोगों ने गर्मी और पेयजल सुचारू होने पर राहत की सांस ली।


सूखा पड़ा हैंडपंप।

आयोजन

योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद व महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में योग प्रशिक्षण शिविर लगाया

शिविर में मधुमेह, मोटापा दूर करने वाली योग क्रियाएं सिखाईं

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद व महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभिन्न योग क्रियाएं करवाई गईं।

गुरुवार को कार्यक्रम का शुभारंभ आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र खत्री, प्रबंधक सुनील खन्ना, महिला योग समिति की तहसील प्रभारी चंचल चौधरी, भारत विकास परिषद के संरक्षक कुलदीप चौधरी व कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, ईश्वरी प्रसाद गुप्ता, संस्कार भारती के प्रांत प्रमुख देवेंद्र सिंह रावत, निर्मला बत्रा, सुनीता गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस दौरान योग दंपति कुलदीप चौधरी व चंचल चौधरी ने मधुमेह, मोटापा आदि बीमारियों को दूर करने वाली योग क्रियाओं के साथ ही हास्य योग करवाया। कार्यक्रम का संचालन भारत विकास परिषद के संयोजक डॉ. सुरेंद्र जैन ने किया। इस मौके पर अशोक मित्तल, गुरमीत निज्जर, ईश्वर गुप्ता, इंदरपाल राणा, पवन गोयल, संजय गोयल, संजय मित्तल, गोपाल पाली, देवेंद्र रावत, संजीव चावला, आत्मदेव शर्मा, निर्मला बत्रा, सुनीता गुप्ता, अंजना मित्तल, बिम्मी विस्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

शिविर में योग करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

काशीपुर में आज होगा योग

काशीपुर। भारत स्वाभिमान योग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रामलीला ग्राउंड में योग कार्यक्रम का आयोजन करेगा। भारत स्वाभिमान उधमसिंह नगर पश्चिम के तहसील प्रभारी अशोक धीमान ने बताया कि दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को रामनगर रोड स्थित श्री रामलीला ग्राउंड में प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक योग का एक विशाल आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने नगर एवं आसपास क्षेत्र के योग साधकों से आह्वान किया है कि कार्यक्रम में भाग लेकर सामान्य मानव को अपने जीवन में योग को उतारने का संदेश दें।

शिविर में हास्य योग क्रिया करते कुलदीप चौधरी व चंचल चौधरी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यदतप्तं प्रणमति न तत् सन्तापयन्त्यपि।
यश्च स्वयं नतं दारुं न तत् सन्नमयन्त्यपि॥

जो धातु बिना गरम किए मुड़ जाती है, उन्हें आग में तपने का कष्ट नहीं उठाना पड़ता। जो लकड़ी पहले से झुकी होती है, उसे कोई नहीं झुकाता।

संपादकीय

टकराव उचित नहीं

संवैधानिक व्यवस्था में राज्यपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज जब हम सहकारी संघवाद और देश की प्रगति के हित में स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक संघवाद पर जोर दे रहे हैं तो राज्यपाल की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। एक ओर वह केंद्र सरकार के अभिकर्ता के रूप में कार्य करता है, दूसरी ओर राज्य का संवैधानिक प्रमुख भी है। हालांकि देश में राजभवन और राज्य सरकार के बीच टकराव का इतिहास भी रहा है। यह स्थिति तभी बनती है जब केंद्र व राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दल की सरकार होती है। ऐसे में कई राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में काम करते नजर आते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार और राजभवन के बीच लगातार तनातनी बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि राजभवन में तैनात कलकत्ता पुलिस की टुकड़ी के कारण उन्हें अपनी सुरक्षा को खतरा होने की आशंका है। उनका यह बयान पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश देने के कुछ दिनों बाद आया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और भाजपा नेता हिंसा पीड़ितों के साथ 13 जून को राजभवन जा रहे थे, तो पुलिस ने उन्हें रोका था। सुवेंदु को पुलिस ने धरने की इजाजत भी नहीं दी थी। इसके बाद राज्यपाल ने सोमवार को कोलकाता पुलिस को राजभवन खाली करने को कहा था और राजभवन के उत्तरी गेट के पास पुलिस चौकी को जनमंच बनाने की योजना बनाई। हालांकि पुलिस अभी भी गवर्नर हाउस में ड्यूटी पर है। इसी तरह गत वर्ष पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा की गई 10 विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति को खारिज कर दिया था, ये विश्वविद्यालय राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं, जिसे लेकर काफी विवाद पैदा हुआ था।

गौरतलब है कि राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रमुख होने के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होता है। सवाल उठता है कि क्या संवैधानिक पद की गरिमा को बनाए रखने का दायित्व उस पर बैठे व्यक्ति का है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि संवैधानिक पदों की गरिमा को बरकरार रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। महत्वपूर्ण है कि जहां एक ओर राज्यपाल राज्य के नाम मात्र प्रमुख के रूप में कार्य करता है वहीं वास्तविक शक्ति लोगों द्वारा चुने गए राज्य के मुख्यमंत्री के पास होती है। इसलिए राज्यपाल और राज्य सरकार का टकराव किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। यही टकराव लोकतांत्रिक प्रक्रिया को हानि पहुंचाता है।

फेरोमोंस, हार्मोंस की फिजियोलॉजी ने दिए सूत्र

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैं : रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं)।

मनुष्य समेत सभी जीवों में गंध को पहचानने के लिए संवेद संग्राही अर्थात रिसेप्टर्स मौजूद होते हैं। गंध अर्थात एक रसायन, एक मॉलिक्यूल अर्थात कुदरत में मौजूद केमिकल एलिमेंट्स या तत्व एक खास स्ट्रक्चर बनाकर व्यवस्थित रहते हैं। दुनिया में हरेक पदार्थ का क्षरण होता है अर्थात् 'डिके' होता है। इस प्रोसेस में ही पदार्थ के निर्माण में मौजूद तात्विक ढांचे मॉलिक्यूलर एंड एलिमेंटल स्ट्रक्चर का क्षय होता है अर्थात टूट-फूट होती है। पदार्थ की इस प्रकृति को जैन और हिन्दू 'आगमों' में दार्शनिक तरीके से बताया गया है, लेकिन प्राकृत, संस्कृत और यहां तक कि हिंदी भाषा में इन आगमों के स्ट्रक्चरल टेक्स्ट को बताने वाली कृतियों की भाषा ऐसी है कि संस्कृत और प्राकृत का उच्च ज्ञान न रखने वाले को कुछ खास पल्ले नहीं पड़ता। अगर इंग्लिश ट्रांसलेशन उपलब्ध है तो भी टेक्स्ट के प्रवाह और निहतार्थ की गंध पढ़ने वाला ले नहीं पाता। गंध जिसे हम दुर्गंध और सुगंध में भी परसेप्शन अनुसार महसूस करते हैं, का क्रमिक विकास प्राणी में किसलिए हुआ? जाहिर है एव्ल्युशन की प्रक्रिया में जीवों में इनका आकार, प्रकार आकृति और व्यवहार एवं लिविंग एनवायरनमेंट कैसा भी हो, स्वःरक्षा के लिए ही हर प्रकार की गंध की पहचान के लिए प्राणी के मस्तिष्क और ऑल फैक्ट्री सिस्टम (गंध टोही प्रणाली) में 'रिसेप्टर्स' का विकास हुआ। आश्चर्यजनक है कि दुनिया में हर प्रकार की अर्थात लाखों प्रकार की गंध को पहचानने की क्षमता मनुष्य रखता है। गंध को पहचानने वाले रिसेप्टर्स की उत्पत्ति जीव की अपनी रक्षा के लिए हुई, यह तो ठीक है, लेकिन इस विशिष्ट संदर्भ में 'रक्षा' को डिफाइन करना जरूरी है। मूलतः भोजन की तलाश और इसकी उपयुक्तता की पहचान के अलावा अपनी नस्ल को बढ़ाने के लिए जीवों में 'सेक्स्युएल इंस्टिंक्ट' भी पैदा हुई। यह एक खास तरह के हार्मोंस और फेरोमोंस के सहारे आगे बढ़ती है। नर से मादा के मिलन के लिए हॉर्मोन यानी कि एक प्रकार से 'फीरोमोंस' ही दोनों में आकर्षण की मुख्य भूमिका अदा करते हैं। फेरोमोंस तेज गंध वाले रसायन होते हैं, जो मनुष्य शरीर में अधिकांश तौर से बाजू के नीचे की कक्षा में 'ग्लैंड्स' के रूप में और जननांगों में अव्यवस्थित होते हैं। पसीने के साथ ये फेरोमोंस हवा में उड़कर नर और मादा



दोनों की नासिका में मौजूद ग्राहियों अर्थात् रिसेप्टर्स द्वारा ट्रैप कर लिए जाते हैं जिसके बाद इन्हें तेजी से मस्तिष्क द्वारा 'इंटरप्रेट' किया जाता है। यह काम स्पीड से संपन्न होता है जैसे कि इलेक्ट्रो-केमिकल ट्रांसमिशन के जरिये इस संदेश की गति एक सेकंड में एक मीटर तक हो सकती है। बलात्कारियों पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों ने एक बार सुक्षाव दिया था कि बलात्कारी पुरुष के शरीर में ऐसे एंटी-फेरोमोंस रसायन इंजेक्ट किए जाएं ताकि उसके दिमाग में जबरन यौन संपर्क करने की इच्छा ही जाग्रत न हो, लेकिन ह्यूमन राइट कमीशन वालों ने इसे अत्याचार कहा।

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैंः रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं), प्राइमर (यौवन और मासिक धर्म चक्र को प्रभावित करते हैं) और सिग्नलर्स (सूचना प्रदान करते हैं)। सभी जंतुओं के हार्मोनेस और फेरोमोंस एक जैसे रासायनिक संरचना के नहीं होते। हम यहां सिर्फ 'ममेलियन फीरोमोंस' की बात कर रहे हैं। ममेलियन, अर्थात् ऐसे जंतु जो अपने बच्चों को स्तनपान कराते हैं चाहे यह मनुष्य (दोपाया) है या बंदर, गाय है या चमगादड़। इन्सेक्ट फेरोमोंस अलग बनावट के होते हैं। अभी तक 64 किस्म के हार्मोंस की पहचान वैज्ञानिकों ने की है।

सन् 2017 के 'सैल' जर्नल के एक अंक में छपे शोधपत्र में बताया गया है कि 'इंटर-ऑर्गन' कम्युनिकेशन जैसे कि मांसपेशियों और हड्डियों के बीच आपसी संवाद में भी हार्मोंस की बड़ी भूमिका बनी रहती है। शरीर पर जख्म होने के बाद स्थान विशेष को दुरुस्त किए जाने में भी हार्मोंस की कोई भूमिका है, ऐसा सोचकर विज्ञानियों के काम की काफी जानकारी हासिल की है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ (यूपीएफ) औद्योगिक रूप से तैयार किए गए उत्पाद हैं जिनमें सिंथेटिक तत्व भी होते हैं, लेकिन न्यूनतम संपूर्ण खाद्य घटक इनमें रहें ऐसी तसल्ली भी कर ली जाती है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स (यूपीएफ) या ऐसी ही प्रकृति के आहार की वजह से प्रतिरक्षा विकृति से जुड़ी बीमारियों जैसे आंत्र सूजन रोग और संभावित ऑटोइम्यून बीमारी के बढ़ते जोखिम से इनके जुड़े होने की बात हाल के शोधकार्य से मालूम हुई है।

अब तो चूहे और कीट भागने के लिए इंडस्ट्रियल फेरोमोंस का उपयोग किए जाने की बात भी शोधकर्मी बताने लगे हैं। उदाहरण के लिए बिल्ली और चूहे के परस्पर लुका-छिपी का मामला लें। कहते हैं जिस घर बिल्ली है उस घर से चूहे गायब हो जाते हैं। बिल्ली को देखकर चूहे गायब नहीं होते या मन में डर समाने से भी गायब नहीं होते। इसका रहस्य है न्यूरो-फिजियोलॉजीकल द्रव स्राव। इसमें बिल्ली या बिलाव घर के कोणों में अपने मूत्र के जरिए ऐसे रसायनों का छिड़काव करता है, जो एक तरह ही प्रोटीन हैं। इन्हें हम आम भाषा में गंध और दुर्गंध कह सकते हैं। इस केमिकल सिग्नेचर का नाम है 'फेरोमोन'। इसकी तीखी गंध चूहे के नथुनों में जब घुसती है इसके मस्तिष्क में मौजूद रिसेप्टर्स इसे पकड़ कर इस पदार्थ की रचना को समझने की चेष्टा करते हैं और फिर 'फ्लाइट' अर्थात्, 'भाग लो' के, मॉड में तुरंत आकर अपनी जान बचाने के जुगाड़ में लग जाते हैं। बीएमसी बायोलॉजी (ब्रिटिश मेडिकल जर्नल से संबंधित प्रकाशन) के सन् 2018 के एक अंक (16:48) सारा ए.रॉबर्ट्स एवं इनके पांच सहयोगियों ने जो शोधपर्चा इसमें प्रकाशित किया है। इससे ही यह जानकारी मिली है। यूं, फेरोमोंस पर रिसर्च तो दशकों से हो रही है, लेकिन सन् 1959 में पहली बार मार्टिन ल्युशिये और पीटर कार्लसन ने इनकी अवधारणा प्रस्तुत की थी।

प्रकृति ने हर जीव को अपनी रक्षा के लिए कुछ न कुछ तरह के अस्त्र-शस्त्र (जैसे सींग और नाखून एवं दंत, प्रकाश फेंकना, साइज़-शेप एंड फॉर्म जैसे कि व्हेल मछली, काटना आदि) दिए हैं। शिकार पकड़ने, संतान पैदा करने, बचाव करने और शरीर की कुछेक प्रक्रियाओं को रेगुलेट करने में भी फेरोमोंस और हार्मोंस की बड़ी भूमिका मालूम की गई है। इस मामले में बिल्लियों, दुर्गंधयुक्त केमिकल पदार्थ का छिड़काव करने वाले जानवर और इंसेक्ट्स से भी कुछ आगे की सोच रखते हुए इन गंध और दुर्गंधयुक्त एवं सुगंधित केमिकल को केमिकल इंडस्ट्री आर्टिफीसियल तरीके से या सिंथेसाइज करके बनाना किसी भी दिन शुरू कर सकती है। वनस्पति आधारित, तैलयुक्त रिपेलेंट तो बनाए ही जा चुके हैं। हम बिल्ली या हाथी अगर नहीं पाल सकते तो बाजार से इन गंधयुक्त पदार्थों (रिपेलेंट्स एंड ओडोरेंट्स) को ले लेकर उन स्थानों पर छिड़क सकते हैं जहां से इन्सेक्ट, कॉकरोच जैसे वर्मिन्स और चूहे घर में प्रवेश कर सकते हैं।

सिर्फ ऊपर वाली जानकारी को लेकर बात आगे न हो, ऐसा नहीं है। फेरोमोंस और हारमोंस का आधुनिक चिकित्सा तंत्र में बहुत इस्तेमाल होता है। ग्रोथ होर्मोन, एंडोक्राइन हारमोंस, हीट एंड कोल्ड स्ट्रेस में हार्मोन उपचार, मधुमेह जैसे चयापचयी व्याधि के लिए इन्सुलिन हार्मोन, संतानोत्पत्ति योग्य बनाने के लिए हार्मोन ट्रीटमेंट जिसके लिए ग्रोथ हॉर्मोन और गोनाडोट्रोपिन्स का इस्तेमाल होता है और मोटापे को दूर करने के लिए कुछ माने में हॉर्मोन चिकित्सा और कुछ की नई किस्म पर क्लिनिकल इन्वेस्टीगेशन्स हो चुकी है। संबंधित रिसर्च साहित्य विस्तृत और जटिल है, लेकिन हार्मोन उपचार बहुत ही सावधानी से और बहुत ही अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ़ एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबोलिज्म के सन 2011 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित 'ग्रोथ हार्मोन इन द मैनेजमेंट ऑफ़ फीमेल इनफर्टिलिटी' में इस ओर इशारा किया गया है। इसे असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी के जरिये संतान पैदा करने वाली महिला को अत्यंत सावधानी से दिया जाता है। बौनेपन का इलाज करने के लिए अगर ग्रोथ हार्मोन की मात्रा जर्राभर अधिक हो जाए तो शारीरिक विकास चालू होने के बाद अंगों की ग्रोथ पर अंकुश लगाना नामुमकिन हो जाता है।

प्रसंगवश

जनमत कैसे बदल जाता है

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यूपी रोडवेज की बस में आगरा जा रहा था। बस में जो लोग थे, वे सभी पढ़े-लिखे हों, ऐसा भी नहीं, गरीब भी थे, अमीर भी थे, अलग-अलग धर्म और जातियों के थे, लेकिन उन सबको आगरा जाना था। इसलिए ध्येय एक था, उस ध्येय ने उनका एक सम्मिलित मानस बना दिया।

एक सवारी टिकट संख्या से अधिक थी। कंडक्टर बार-बार कह रहा था कोई सवारी बिना टिकट हो तो टिकट ले लो। वह बार-बार सवारी गिन रहा था। कोई नहीं बोला तो वह सबकी टिकट चैक करने लगा। एक अजनबी से आदमी के पास टिकट नहीं थी। बस की सभी सवारियों ने उस आदमी के प्रति गुस्सा जाहिर किया और कहा कि टिकट पहले क्यों नहीं लिया?

समष्टि मन ने उसके टिकट न लेने की निंदा की और कंडक्टर का समर्थन किया, लेकिन परिस्थिति बदली तो समष्टि मन भी बदल गया। बस कंडक्टर तो आपे से ही बाहर हो गया, उसने बीच रास्ते में उसे उतर जाने को कहा, तब लोगों ने कहा कि भाई, टिकट बना दो, जंगल में न उतारो। इस जंगल में यह कैसे करेगा? किंतु उस आदमी के पास पूरे पैसे ही नहीं थे। वह आदमी दयनीय सी मुद्रा में था और बस कंडक्टर अपनी बस कंडक्टरी पर आ गया। पद तो पद होता है न, पद का मद भी होता है। वह उसे उतारने पर ही अड़ गया, जो लोग थोड़ी देर पहले उस अजनबी से आदमी पर गुस्सा जाहिर कर रहे थे, उसे भला-बुरा कह रहे थे। वे अब उसी आदमी के समर्थन में आ गए। लोगों ने कहा कि तू अब यहां से टिकट बना दे, किंतु बस कंडक्टर ने कहा कि दिल्ली से ही किराया लूंगा। लोगों ने कहा- ठीक है, पैसे हम देते हैं। जनमत का दबाव बना तो बस कंडक्टर ने उसी जगह से टिकट बना दी। लोकमानस संवेदनशील होता है। ऐसा नहीं है कि लोग नहीं समझते। लोग नैतिक और अनैतिक को समझते हैं, जो लोग जनता को मूर्ख समझते हैं, वे आदमी को ही नहीं जानते। आदमी की समष्टि यदि मूर्ख है तो वे लोग आदमी भी हैं या नहीं? समष्टि मानस इसी प्रकार से काम करता है।

अपने कोर वोट को भी संभाले रखे भाजपा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद भी कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके।

चर्चा है कि भाजपा मतदाताअभिनंदन यात्रा निकाल रही है। निकाले मगर उत्तर प्रदेश में यदि वह ऐसी यात्रा निकालती है तो हास्यास्पद है। यहां तो भाजपा को विगत सामान्य निर्वाचन के मुकाबले करारी हार मिली है। यहां यह सब कुछ करने के बावजूद अपने पूरे कैडर का आम जनता से जो कनेक्ट टूटा है उसे जोड़ने के लिए उतार देना चाहिए। क्योंकि विधानसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं है। लगता है कि भाजपा के थिंक टैंक में कहीं कुछ मेजर डिफेक्ट आया हुआ है जिसे एक जाने माने राजनीतिक विश्लेषक के शब्दों में कहें तो भाजपा के साफ्टवेयर में कोई वायरस आ गया है।

उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके। मेरे विचार से यह सब छोड़कर भाजपाइयों को अब अपनी निंद्रा त्यागकर सीधे रणभूमि में उतर जाना चाहिए अन्यथा आसार अच्छे नजर नहीं आ रहे। क्या दलित वोट महज अफवाहों के चलते दरक गया? ऐसा अविश्वास आखिर उनमें आया क्यों? इसलिए ही तो कि भाजपाई उनसे डिस्कनेक्ट हो चले थे। उनका सामीप्य खो बैठे थे। भाजपाइयों को हर स्तर पर अपनी आरामतलबी अब छोड़नी होगी। एक बड़ा वोट बैंक उनसे दरकता गया और इसका उन्हें भान तक नहीं हुआ, जबकि एक नहीं डबल इंजन सरकारें यहां काबिज रहीं।

आरएसएस भी कहने का बड़ा संगठन है, मगर सच मानिए यहां उत्तर प्रदेश में उनकी राजनैतिक मौजूदगी कहीं दिखती नहीं। भले ही मानव सेवा के प्रति उनका समर्पण दैवीय आपदाओं में दिख जाता है, किंतु वे राजनीतिक स्तर भी सक्रिय रहे हों, कम से कम उत्तर प्रदेश में तो दिखा नहीं। वे कौन लोग हैं उनके चेहरे-मोहरे कैसे हैं, अपने हैं या विजातीय हैं किसी भी आम आदमी से पूछ लीजिए उसे कुछ पता नहीं है। अब भले ही उनके पदाधिकारी कैसे-कैसे वक्तव्य जारी करते फिरें।

कुछ स्थापनाओं की तो इस चुनाव में भद पिट गई। जैसे सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास बस एक जुमला ही साबित होकर रह गया। गहरा विश्वासघात हुआ है उनके द्वारा जो लाभार्थी योजनाओं का सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। उनका विश्वास भाजपा को न कभी हासिल हुआ है और न होगा। यह बात और सबको तो पता है मगर मोदी जी ही गांठ बांधे बैठे हैं। इस मुगालते से अलग होकर ही नई रणनीति का श्रीगणेश करना होगा। भाजपा को इंडी गठबंधन से भी अधिक फीसद वोट मिला है, मगर इसके बावजूद हार देखनी पड़ी है जिससे एक बात तो बड़ी राहत है कि भाजपा का एक बड़ा वोट बैंक आज भी इंटैक्ट है। बस उसे बिछड़ों को सहेजना भर है, जो उसके कोर वोट बैंक के सापेक्ष बहुत कम है और यह टास्क बहुत मुश्किल नहीं है। अभी के बिछड़ों को तनिक से मान मनौवल और भरोसे से वापस लाया जा सकता है। इसके पहले कि विपक्षी कोई नया कुचक्र न रच दें। साथ ही भाजपा को अपने कोर वोट को भी संभाले रखना होगा। ब्राह्मणों को खास तौर पर। उन्हें लगातार यह लगता रहता है कि यह सरकार उनकी निरंतर उपेक्षा करती रही है। वे केवल और केवल सनातन और हिन्दुत्व के चलते भाजपा का दामन थामे हुए हैं।

मुझे समझ आता है कि इतनी करारी हार के बाद भी भाजपा नेतृत्व अभी भी जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर हवाई किले बनाने में लगा हुआ है। मतदाता अभिनंदन यात्रा काहे निकाल रहे हो भाई। किस खुशी में? इन थोथे उपक्रमों से आम वोटर झांसे में आने वाला नहीं। विपक्ष ऐसी यात्रा निकालता तो उचित भी था। वह मौन होकर अपनी-अगली रणनीति में जुटा है और आप हवाई कारनामों में समय जाया कर रहे हैं।

सोशल फोरम

देश की वर्तमान स्थिति

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

भारत की अर्थव्यवस्था की सुधरती स्थिति के कारण आज वह विश्व में पांचवे स्थान पर पहुंच गई है। यदि यह वृद्धि ऐसी ही होती गई तो आने वाले वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर होगी। ऐसी भविष्यवाणी प्रधानमंत्री कर रहे हैं। बुधवार को वाराणसी में प्रधानमंत्री जी ने देश के 9.25 करोड़ गरीब किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। सरकार 82 करोड़ व्यक्तियों को मुफ्त राशन पहले से ही बांट रही है। विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था तथा 142 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में यदि इतने व्यक्तियों को सरकारी भीख पर जीवनयापन करना पड़े तो फिर ऐसी अर्थव्यवस्था का क्या करना जो कुछ कारपोरेट घरानों में कैद है? देश की राजधानी दिल्ली में पेयजल के गंभीर संकट के समाधान में केंद्र, दिल्ली सरकार, सर्वोच्च न्यायालय असफल हो गए हैं, नीरो जेल में बैठकर वंशी बजा रहा है। आम चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में अतिक्रमण हटाने हेतु बुलडोजर गरज रहा है। अवैध निर्माण हटना चाहिए साथ ही साथ जिन अधिकारियों ने धन लेकर यह अवैध मकान बनवाए, उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। क्या किसी सरकार में साहस है कि वह इन अवैध अतिक्रमण पर एक साथ बुलडोजर चलाकर उसे हटाए तथा दोषियों को दंड दे? बिहार के अररिया जनपद में बकरा नदी में 12 करोड़ रुपए की लागत से बना तथा उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहा पुल ढह गया। पिछले वर्ष भी एक पुल ऐसे ही ढहा था। लगता है बिहार में पुल गिरने के लिए ही बनते हैं। अब फिर से जांच कर दोषी को दंडित करने की घोषणा होगी। देखें 'सुशासन बाबू क्या फरमाते हैं? नीट की परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर देश में छात्र उद्वेलित हैं और गहराई से इसकी जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय भी इसका संज्ञान ले चुका है। देखें, क्या परिणाम होता है। वैसे विगत वर्षों में विभिन्न महत्वपूर्ण परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों से अब लगने लगा है कि हम सफल परीक्षा संचालित करा ही नहीं सकते। प्रत्येक परीक्षा के बाद कुछ लोग पकड़े जाते हैं, लेकिन फिर वही ढाक के तीन पात।

-फेसबुक वॉल से

वैश्विक स्तर पर रोजगार और पूंजी निर्माण का साधन है योग



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भारत समेत दुनिया में इस समय योग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ज्यादातर ट्रेंड अमेरिका और यूरोपीय देशों में है। ऐसे में इस समय सभी जगह योग प्रशिक्षकों की नौकरी के मौके काफी बढ़ रहे हैं।

आध्यात्मिक उन्नति या शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता व महत्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक संप्रदायों ने एकमत व मुक्तकंठ से स्वीकार किया है। अवैदिक जैन और बौद्ध दर्शनों में योग का महत्व सर्वमान्य है। कुछ समय पहले तक जिस योग को ऋषि-मुनियों की साधना और स्वस्थ जीवन का आधार समझा जाता था। आज की तारीख में योग सबसे तेज गति से बढ़ने वाला कारोबार भी बन गया है। देश-विदेश में लोगों पर योग का ऐसा जादू चढ़ा है कि यह अब एक बड़ी इंडस्ट्री बन चुका है।

योग भारत की सबसे प्राचीन विधा है और इसे वैश्विक मान्यता भी मिल चुकी है। योग को समूचे विश्व के लिए भारत का अनुपम उपहार कहा जा सकता है। महात्मा गांधी भी स्वस्थ जीवन के लिए योग को जरूरी मानते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग को आज पूरी दुनिया में एक नई दृष्टि से देखा जाने लगा है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के यूएन के निर्णय से यह साफ है कि एक बार फिर भारतीय वैदिक परंपरा की यह जीवन पद्धति विश्व पटल पर स्वीकार की जा रही है और इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव के तौर पर भी देखा जाना चाहिए। साफ है योग वह जरिया बन गया है जिससे प्राचीन काल से समृद्ध रही भारतीय सभ्यता-संस्कृति का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार हो रहा है। दरअसल योग एक विचार नहीं, बल्कि भारतीय जीवन पद्धति है जिसमें भारतीय जीवन मूल्य समाहित हैं। पश्चिम के देशों में योग का विस्तार तेजी से हो रहा है। 1990 के दशक में पश्चिम के देशों में हुए वैज्ञानिक शोधों से यह निकलकर आया कि लाइफ स्टाइल के कारण उत्पन्न बीमारियों के कारगर इलाज के लिए योग अचूक है। इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और कनाडा जैसे देशों में योग के प्रति आकर्षण बढ़ा और इसका प्रसार होने लगा। दुनिया में 100 श्रेष्ठ नौकरियों की सूची में योगा प्रशिक्षक भी शामिल है। भारत समेत दुनिया में इस समय योग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ज्यादातर ट्रेंड अमेरिका और यूरोपीय देशों में है। ऐसे में इस समय सभी जगह योग प्रशिक्षकों की नौकरी के मौके काफी बढ़ रहे हैं। योग टीचर को अच्छी नौकरी माना जाता है। अमेरिका में एक अनुभवी योग टीचर की सालाना कमाई करीब 42 लाख रुपये तक होती है। योग का बाजार भारत में 490 अरब रुपए का हो चुका है। एक अंतर्राष्ट्रीय मार्केट शोध के अनुसार भारतीय बाजार जल्दी ही 875 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। विदेशों में खासकर अमेरिका (12 अरब डॉलर, करीब डेढ़ लाख योग कारोबारी), ब्रिटेन (1.15 अरब डॉलर), चीन (6.6 अरब डॉलर) एवं आस्ट्रेलिया (62.1 करोड़ का व्यवसाय) में यह एक उद्योग का रुप ले चुका है। योग परिधान पर दुनिया का बाजार करीब 31.1 अरब डॉलर का है, जबकि योग मैट का कारोबार 13 अरब डॉलर है। योग में वेलनेस टूरिज्म, योग रिट्रीट आदि से 915 अरब डॉलर का कारोबार है। योग की बढ़ती लोकप्रियता से प्रभावित होकर हिंदी सीखने वालों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। भाषा सीखाने वाले डूओलिंगों के अनुसार दुनियाभर में विभिन्न भाषाओं को सीखने वालों में सर्वाधिक लोग हिंदी सीखना चाहते हैं। भारत के बाहर पहले योग विश्वविद्यालय की लॉस एंजिलिस में स्थापना की गई है।

भारत में योग और आयुर्वेद से जुड़े प्रोडक्ट्स का बाजार 12 हजार करोड़ रुपए का हो चुका है। एक सर्वे के अनुसार योग करने वालों की तादाद में 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। योग से जुड़े उत्पाद बनाने वाली कंपनियां भी तेजी से बढ़ी हैं। आज योग का बहुत बड़ा बाजार है जिससे लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में योग सीखने वाले लोगों की संख्या करीब 25 करोड़ है। इसके साथ ही योग टीचर्स की मांग सालाना 35 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। देश में योग ट्रेनिंग का कारोबार करीब 3 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है। योग साधना का माध्यम भी है और कमाई का साधन भी है। योग दिवस शुरू होने का अमेरिका में योग बाजार पर कितना बड़ा प्रभाव पड़ा है इसकी बानगी इन आंकड़ों में दिखती है। 2008 के एक आंकड़े के मुताबिक करीब डेढ़ करोड़ लोग योग करते थे, लेकिन 2016 में यह बढ़कर 3.67 करोड़ पर पहुंच गया। जिस रफ्तार से योग करने वाले बढ़े, उसी रफ्तार से योग सीखाने वाले स्कूल भी अमेरिका में खुले। 2008 में सिर्फ 818 योग स्कूल थे अब ये 4000 का आंकड़ा पार कर गया है। आज की तारीख में अमेरिका में योग का बिजनेस करीब दो लाख हजार करोड़ रुपए का हो चुका है। सबसे खास यह है कि अमेरिका में 37 प्रतिशत योग करने वाले 18 साल से कम उम्र के हैं।

योग एलाइंस की रिपोर्ट के अनुसार, 2016 में अमेरिका में 3 करोड़ 60 लाख लोग योग से स्वस्थ रहने के तरीकों को अपना रहे हैं। इसी रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत अमेरिकी योग के बारे में जानते हैं, जबकि 2012 में 70 प्रतिशत को ही इसके बारे में जानकारी थी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा भी योग के मुरीद हैं। उन्होंने कहा योग अमेरिका में आध्यात्मिक अभ्यास की एक सार्वभौमिक भाषा, धर्म और संस्कृतियों की कई रेखाओं को पार कर गया है और लाखों अमेरिकी योग को अपने स्वास्थ्य और समग्र ध्यान में सुधार करने के लिए अपना रहे हैं। ईरान, पाकिस्तान और अरब समेत कुल 47 इस्लामिक देशों ने भी योग के महात्म्य को समझा और इसे स्वीकार किया। कुल मिलाकर यह स्वास्थ्य के साथ-साथ पूंजी निर्माण का बेहतर साधन बन चुका है।

यज्ञ, टोटके और आशिष से बारिश

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भीषण गर्मी से त्रस्त लोग ऊपर मेघों के लिए देख रहे हैं। कहीं-कहीं बारिश शुरू भी है। भाग्य अपना-अपना। मेघों का आगमन दैवाधीन है, फिर भी मानव अपनी सामर्थ्यानुसार कुछ प्रयत्न भी करता ही है। ऐसे प्रयत्नों में धार्मिक अनुष्ठान पहले नंबर पर आते हैं। मेघों के स्वामी इंद्र देव हैं। उनकी प्रसन्नता अभीष्ट होती है। वेदों में इन्द्र की स्तुतियां की गई हैं। यज्ञ से भी वृष्टि होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि "प्राणी अन्न पर निर्भर हैं, अन्न वृष्टि से होता है, वृष्टि बादलों से और बादल यज्ञ से'। हालांकि उस विधि विधान से यज्ञ कराने वाले मिलना मुश्किल है।

संत के आगमन से भी वृष्टि हो सकती है। अंग देश (वर्तमान भागलपुर) के रामायणकालीन राजा रोमपाद ने अपने देश की अनावृष्टि समाप्त करने के लिए विभांडक ऋषि के पुत्र ऋष्यश्रृंग को अपने राज्य में बुलवाया था। उन्होंने इस कार्य हेतु वैश्याएं नियुक्त की थीं। ऋषि ने यज्ञ भी करवाया था। वृष्टि हुई थी, पर आज के संत तो प्रायः भौतिकता में लिप्त हैं। संगीत शास्त्र के मेघ और मल्हार राग भी मेघों को वशीभूत करते हैं। गांव गिरांव में टोटके होते हैं। लेदा मांगने वाले आते हैं। गर्मी में उघारे बदन वे गरम जमीन पर लोटते-पोटते हैं, लोग उन पर पानी डालते हैं। वे गाते हैं, "ल्यादा ल्यादा पानी दे, पानी दे गुरधानी दे। गगरी है छूंछी, बैल पियासे, कारे मेघा पानी दे। ल्यादा ल्यादा पानी दे"। यही नहीं, यदि अतिवृष्टि हो तो उसके भी टोटके हैं। स्त्रियां तवे पर जलता अंगार रखकर ऊपर बादलों की ओर फेंकती हैं। इस सबके अतिरिक्त आशीर्वाद और शुभकामना से भी मेघ वशीभूत होते देखे गए हैं। "मेघदूत" में कालिदास के विरही यक्ष ने रामटेक पर्वत से अलकापुरी में रह रही अपनी नव विवाहिता पत्नी के पास मेघों को अपना संदेशवाहक दूत बनाकर भेजा है। यक्ष ने कहा है कि "हे मेघ! यदि तुम मेरा यह संदेश मेरी प्रिया तक सफलतापूर्वक पहुंचा दोगे, तो तुम्हें तुम्हारी प्रेयसी बिजली का वियोग कभी नहीं होगा'।

जसपुर की विवाहिता की गोली मारकर हुई हत्या

पति के साथ राजस्थान में खाटू श्याम बाबा के दर्शन के लिए गई थी

संवाददाता, जसपुर

विवाहिता वर्षा।

अमृत विचार: अपने पति के साथ राजस्थान तीर्थ यात्रा पर गई जसपुर की एक विवाहिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर आनन-फानन में विवाहिता के परिजन राजस्थान रवाना हो गए हैं।

मोहल्ला चौहान निवासी विशाल पुत्र संजय चौहान हाल ही में अपनी पत्नी 35 वर्षीय वर्षा को किराए की कार से खाटू श्याम के दर्शन कराने राजस्थान ले गया था। वहां पाली जिले के सोजत थाना क्षेत्र के स्टेट हाइवे बिलाड़ा मोड़ मार्ग पर बुधवार सुबह उसका शव लावारिस हालत में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलने पर संबंधित थाने की पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और उसने पाया कि महिला की मौत गोली लगने से हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। बताया गया कि पुलिस के प्रयास से मृतका की शिनाख्त जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश के थाना रेहड़ अंतर्गत गांव उदयपुर निवासी यशपाल सिंह चौहान की विवाहित पुत्री वर्षा के रूप में हुई।

थाना प्रभारी कपूराराम चौधरी ने बताया कि मृतका के सीने पर गहरे घाव के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि यह घाव रिवॉल्वर की गोली के हैं। प्रारंभिक जांच में महिला के सीने पर गोली लगने के दो निशान दिखे हैं। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मिलने के बाद ही पुख्ता जानकारी मिल सकेगी। शव की शिनाख्त होने के बाद राजस्थान पुलिस ने घटना की सूचना मृतका के मायके वालों को दी। घटना की सूचना मिलने पर मृतका के पिता यशपाल सिंह चौहान व भाई राजस्थान के लिए बृहस्पतिवार को रवाना हो गए। मृतका के पिता यशपाल सिंह ने फोन पर बताया कि उन्होंने 19 जून को जसपुर कोतवाली में एक तहरीर देकर अपनी पुत्री वर्षा के पति विशाल व उसके परिजनों पर हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। लेकिन तब कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

9 वर्ष पहले हुई थी शादी

जसपुर : मृतका वर्षा की शादी करीब 9 वर्ष पहले 2015 में विशाल से हुई थी। मृतका की 7 वर्ष की एक पुत्री परी है। उधर घटना के बाद से मृतका का पति विशाल व साथ गया कार चालक लापता है।

चुनाव अधिकारी के प्रतिष्ठान के बाहर भाजपा समर्थित व्यापारियों ने किया प्रदर्शन, एक बड़े नेता के दबाव का आरोप

व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर माहौल गरमाया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। चुनाव संचालन समिति पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने चुनाव संचालन समिति संयोजक के प्रतिष्ठान के बाहर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने चुनाव संचालन समिति को भंग करने तथा समिति पर एक संभावित प्रत्याशी को सहयोग करने का आरोप लगाया।

चुनाव संचालन समिति द्वारा विगत दिनों व्यापार मंडल चुनाव की घोषणा करते हुए 15 जून से 30 जून तक व्यापारियों के वोट की प्रक्रिया के उपरांत 15 जुलाई तक चुनाव संपन्न कराने की घोषणा की गई है। चुनाव संचालन समिति की घोषणा के बाद से चुनाव को लेकर माहौल पूरी तरह से गरमाया हुआ है। क्षेत्र के तमाम भाजपा समर्थित व्यापारी एकत्रित होकर चुनाव संचालन समिति के संयोजक सतपाल गाबा के प्रतिष्ठान पर पहुंचे और प्रतिष्ठान के बाहर प्रदर्शन कर अध्यक्ष पद के एक संभावित प्रत्याशी को समर्थन करने का समिति पर आरोप लगाया। उनका कहना था कि चुनाव संचालन समिति को भंग किया जाए। क्षेत्र के एक बड़े नेता के दबाव में चुनाव समिति काम कर रही है। इस मौके पर नितिन फुटेला, प्रमोद ठुकराल, राजकुमार, अरुण तनेजा, विजय कुमार, छोटेलाल कोली, फिरदौस अहमद, जावेद अहमद, सुमित कुमार, हर्ष कुमार, सत्यनारायण, कमलेश आदि मौजूद रहे।

किच्छा में चुनाव संचालन समिति संयोजक के प्रतिष्ठान के बाहर प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

व्यापारियों के आरोप पूरी तरह से निराधार : गाबा

किच्छा : चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि समिति द्वारा मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापारियों को सदस्य बनने के लिए निश्चित किए गए चार स्थानों की जानकारी पूर्व में दी जा चुकी है तथा समिति पर दबाव में काम करने का आरोप गलत है। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ व्यापार मंडल के चुनाव संपन्न कराए जा रहे हैं। लेकिन कुछ लोग अपने निजी स्वार्थों के चलते मनगढ़ंत आरोप लगाकर चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समिति को भंग करने का पूरा अधिकार शीर्ष नेतृत्व का है और शीर्ष नेतृत्व जो भी निर्णय लेगा, उन्हें मंजूर होगा।

व्यापारियों ने उठाई आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग

किच्छा : वरिष्ठ व्यापारी राजीव अग्रवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापार मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष से 3 वर्ष के कार्यकाल में एकत्रित की गई धनराशि तथा आय-व्यय का विवरण सार्वजनिक किए जाने की मांग करते हुए तीनों पदाधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से व्यापार मंडल के आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया गया है, जबकि व्यापार मंडल के कोष में जमा धनराशि के बारे में जानकारी हासिल करना प्रत्येक व्यापारी का हक है, क्योंकि यह कोष व्यापारियों का है।

देवी-देवताओं के खिलाफ गलत पोस्ट से आक्रोश

आक्रोश

- योगी सेना के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, गदरपुर

गदरपुर तहसील में तहसीलदार लीना चंद्रा को ज्ञापन देते योगी सेना के कार्यकर्ता।

अमृत विचार: हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ गलत पोस्ट डालने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर योगी सेना के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

गुरुवार को राष्ट्रीय योगी सेना गौ रक्षा प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष हरीश रल्हन के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने तहसीलदार लीना चंद्रा को उपजिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि खटीमा निवासी एक व्यक्ति ने हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट डालकर सांप्रदायिक सौहार्द को खराब करने की कोशिश की है। योगी सेना गौ रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष निपुण गगनेजा ने कहा कि उक्त व्यक्ति जानबूझकर सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ गलत पोस्ट डाल रहा है। योगी सेना गौ रक्षा प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष हरीश रल्हन ने कहा कि अगर उच्च व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा।

इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष निपुण गगनेजा, हैप्पी चंद्रा, राकेश बाधवा, कृष्ण कुमार गुंबर, अमित सेतिया, हरबंस लाल कालड़ा आदि मौजूद थे।

बीएड प्रथम सेमेस्टर में शिवांगी ने पाया प्रथम स्थान

सफलता

- दूसरे स्थान पर रही सानिया सैफी, सरिता, साक्षी व सौम्या ने पाया तृतीय स्थान

संवाददाता, काशीपुर

शिवांगी पंवार।

सानिया सैफी।

सरिता भंडारी।

साक्षी सेठी।

सौम्या भट्ट।

अमृत विचार: कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा बीएड प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित हुआ। इसमें रामनगर रोड स्थित श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के सभी प्रशिक्षणार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। समस्त प्रशिक्षणार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसमें प्रथम स्थान शिवांगी पंवार 82.29 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सानिया सैफी 80.86 प्रतिशत और तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से तीन छात्राओं सरिता भण्डारी, साक्षी सेठी और सौम्या भट्ट ने 79.71 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों के शत् प्रतिशत परिणाम की प्रशंसा की।

संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) योगराज सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करते हैं, वह अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त करते हैं।

संस्थान के प्राचार्य (डॉ.) एसएस कुशवाहा ने कहा कि शिक्षक समाज में दोहरी भूमिका निभाता है।

कार्यालय में बनी रसोई में फट गया सिलेंडर

हड़कंप

- आवास-विकास में स्थित कार्यालय का मामला

संवाददाता, रुद्रपुर

रुद्रपुर में फटे सिलेंडर को देखते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : आवास विकास इलाके में स्थित कार्यालय में बनी रसोई में अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं। आग को देखकर कार्यालय संचालिका ने भाग कर जान बचाई। तभी सिलेंडर धमाके के साथ फट गया, जबकि एक सिलेंडर में आग लगने लगी। तभी स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया और मौके पर दमकल कर्मी पहुंचे और सिलेंडर को बाहर निकाला।

आवास-विकास में किरन कार्की का एक कार्यालय है। जहां वह गुरुवार की देर शाम रसोई में चाय बना रही कि अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। जिसे देखकर ऑफिस संचालिका ने दौड़ कर जान बचाई। उसके कुछ ही देर बाद ही सिलेंडर में धमाका हो गया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग भी जुटने लगे और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं और खिड़की तोड़कर कर एक भरा सिलेंडर बाहर निकाला। गनीमत रही कि भरे सिलेंडर में आग नहीं लगी। अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई।

बाघ को पकड़ने की तैयारी में वन विभाग, अनुमति का इंतजार

दहशत

- चकरपुर क्षेत्र में बाघ के आतंक का मामला
- डीएफओ बागरे ने लिया घटना स्थल का जायजा

संवाददाता, खटीमा

चकरपुर में लाए गए पिंजरे का जायजा लेते डीएफओ और एसडीओ। ● अमृत विचार

अमृत विचार: खटीमा रेंज के चकरपुर क्षेत्र में एक माह में दो लोगों को अपना शिकार बनाने वाले बाघ को पकड़ने की तैयारियां वन विभाग ने शुरू कर दी है। इसके चलते घटनास्थल पर पिंजरा पहुंचा दिया गया है। जिसे अनुमति मिलते ही स्थापित कर दिया जाएगा। तराई पूर्वी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरे ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

चकरपुर में एक माह में बाघ के लगातार हमलों में दो लोगों की मौत से जहां वन विभाग सकते में है वहीं ग्रामीणों में भारी दहशत है। ग्रामीणों के आक्रोश के चलते वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा मंगाया है। घटना स्थल पर पहुंचे डीएफओ बागरे को खेतलसंडा खाम के लोगों ने बताया कि बाघ द्वारा एक गाय और बछिया पर भी हमला किया गया है। डीएफओ बागरे ने वन विभाग की टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से जंगल में नहीं जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच ठंडे स्थान की तलाश में बाघ झाड़ियों में बैठ जाते हैं। उन्होंने कहा कि जंगल में बाघों की संख्या बढ़ी है ऐसे में किस क्षेत्र का बाघ यहां है उसकी पहचान जरुरी है। पहचान होने के बाद बाघ को ट्रेंकुलाइज किया जाएगा। डीएफओ बागरे ने कहा कि मानव वन्य जीव संघर्ष न्यूनतम करने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

जंगल किनारे आबादी के क्षेत्र में देखा गया बाघ

खटीमा : चकरपुर क्षेत्र में जहां बीते दिवस बाघ ने हमला कर खेतलसंडा मुस्तजार निवासी 70 वर्षीय प्रेम चंद को अपना शिकार बना डाला था, वहीं बृहस्पतिवार को दिन में बाघ जंगल के किनारे आबादी वाले क्षेत्र में देखा गया। बाघ से डरने के बावजूद कुछ लोगों ने बाघ का वीडियो बना ली। दिनदहाड़े बाघ के देखे जाने से ग्रामीणों में भारी दहशत है।

वर्ग पहेली-107

बाएं से दाएं

2. अहीर या ग्वाला।
5.1. (रामायण) मिथिला नरेश जनक की कन्या जिसका विवाह रामचंद्र से हुआ था, जानकी, वैदेही 2. हल द्वारा जोतने से ज़मीन पर निर्मित रेखाकार गड्ढा 3. हल का फाल 4. कृषिकर्म 5. कृषि की अधिष्ठात्री देवी 6. राजा की व्यक्तिगत कृषि भूमि, सीर 7. प्राचीन काल में सीताध्यक्ष नामक अधिकारी द्वारा प्रजा से एकत्रित अन्न।
6.1. ख़ून, रक्त, रुधिर 2. केसर, सिंदूर 3. तांबा।
8. लेख, आलेख।
10.1. आवेग संबंधी 2. जोशीला, बिना सोचे-समझे कुछ कर गुज़रने वाला 3. आवेगशील, अशांत।

ऊपर से नीचे

1. कमी, त्रुटि।
3.1. सिर में निकाली हुई मांग, स्त्रियों के सिर की मांग 2. हद, सीमारेखा 3. अस्थिसंघात, हड्डियों का जोड़।
4. विकसित, सुसंस्कृत, उन्नत।
7. बहुत दूर तक की बात सोचने वाला, दूरदर्शी, अग्रसोची।
8.1. कुमार्गी, कुपथगामी 2. आचरणहीन, बुरे चाल-चलन वाला।
9.1. वह स्थान जहां तरह-तरह की वस्तुओं की दुकानें हों, वस्तुओं के क्रय-विक्रय का निश्चित स्थान, हाट, मंडी, (मार्केट) 2. क्रय-विक्रय के लिए एकत्रित हुए लोग। (मु.)-करना : ख़रीददारी करना। -तेज़ होना : सभी वस्तुओं का मूल्य बढ़ना।



वर्ग पहेली -106 का हल



सुडोकू -20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		6				1	
5	4						9	
7			9	3	4			6
6				4	9		3	
		2				4		
	1		7	8				9
9			1	2	5			3
	6						7	5
	3				7		8	

सुडोकू - 19 का हल

3	1	6	8	5	9	4	7	2
2	5	9	4	6	7	8	1	3
8	4	7	2	1	3	5	9	6
4	9	8	5	3	1	2	6	7
6	7	1	9	4	2	3	8	5
5	2	3	7	8	6	9	4	1
1	8	5	6	2	4	7	3	9
9	6	4	3	7	5	1	2	8
7	3	2	1	9	8	6	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी-07.31 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा। चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 18.19 तक तत्पश्चात मूल।

मेष
आज छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। कुछ अपने लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। आपको अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। ई-मेल और अन्य दस्तावेजों पर सावधानी पूर्वक जांचकर ही प्रतिक्रिया दें।

वृष
आज पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेतर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ नवाचारी प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा।

मिथुन
आज अनावश्यक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध लोगों की भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइन्ट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है।

कर्क
आज प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपको किसी को वचन नहीं देना चाहिए।

सिंह
आज किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा कर सकते हैं। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों के दृष्टिकोण से दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

कन्या
आज मनोरंजन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर रखें। खान-पान की आदतों में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपके सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से होंगे। मित्रों के साथ कहीं दूर की यात्रा का विचार बनाएंगे।

तुला
आज दिल की बजाय दिमाग से काम करें। अपने काम में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा।

वृश्चिक
आज व्यवहार कुशलता के कारण आप कुछ उलझे हुए मामलों को सुलझा सकते हैं। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशन्सा करेंगे।

धनु
आज कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ संवादहीनता की स्थिति पनप सकती है। जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं।

मकर
आज समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल रखेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा।

कुंभ
आज परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे। कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा, किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें।

मीन
आज आपकी वाणी में सौम्यता परिवार में विशेष सम्मान की दिलाएगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। आपके रुके हुए कार्य संपन्न होंगे। दांपत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

आज की फिल्में

आज का रावण
सुबह : 09.00
जान से प्यारा
शाम : 06.00
शूरवीर
सुबह : 11.05
धमाल
रात : 07.30

इट
सुबह : 10.00
हांस जिमर
रात : 09.00
वलाटी
सुबह : 12.02
मायोन
रात : 08.00
आंखें
सुबह : 08.17
कुछ कुछ होता है
शाम : 06.00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश..

मोनू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू- सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू- क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

एक नजर

अल्मोड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल को तरसे लोग

अल्मोड़ा : जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पानी की जबरदस्त किल्लत से जूझ रहे हैं। जिला मुख्यालय से लेकर अंतिम छोर तक पानी के लिए हाहाकार मचा है। सुबह पौ फटते ही लोग खाली बर्तनों के साथ एक से दो किमी दूर नौलों, धारों की दौड़ लगा रहे हैं। गुरुवार को गुरुड़ाबांज, सलोनी, चेलछीना, क्वैराला, हवालबाग, चायखान, नगरकान, डीनापानी, शीतलाखेत, पनुवानौला, ग्वालाकोट, ठाना मठेना, लोधिया, अडचाली, बरतोली, कुमौती, गुरना, संगराडी, बानठौक, कठपुड़िया, सिमकनी, मनिआगर आदि क्षेत्रों में लोग पीने के पानी के लिए परेशान रहे। नलों में पानी की एक बूंद नहीं टपकी। पानी न मिलने से लोगों की मुसीबत लगातार बढ़ रही है। लोगों ने पेयजल संकट की सूचना जल संस्थान कंट्रोल रूम को दी। इधर जल संस्थान के एई वीएस मेहता ने बताया कि सूचना के बाद प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर से पानी वितरित किया गया। टैंकर पहुंचते ही लोग खाली बर्तनों के साथ पानी के लिए टूट पड़े। पहले पानी भरने के लिए लोगों में होड़ रही।

हिमालय के संतुलन को बनाए रखना जरूरी

जीबी पंत पर्यावरण संस्थान में आयोजित बैठक में विशेषज्ञों ने पहाड़ से हो रहे पलायन पर जताई चिंता

मंथन

- हिमालयी पर्यावरण संस्थान में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता, अल्मोड़ा



बैठक को संबोधित करते पर्यावरण संस्थान के निदेशक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कोसी-कटारमल स्थित जीबी पंत हिमालयी पर्यावरण संस्थान में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न हो गई।

बैठक में संस्थान द्वारा वर्षभर किए गए शोध एवं विकास गतिविधियों की समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों पर किए शोध कार्यों, क्षेत्रीय मुद्दों, उपलब्धियों तथा भविष्य की चुनौतियों हेतु रणनीति आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रो. डीएस रावत तथा अन्य विशेषज्ञों द्वारा संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया। दूसरे दिन बैठक का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील नौटियाल के संबोधन से हुआ। इसके बाद समिति के अध्यक्ष प्रो. डीएस रावत, कुलपति, कुमाऊं विश्विद्यालय ने कहा कि हिमालय बहुत बड़ा क्षेत्र है तथा इसके विकास के लिए संस्थान के पास नई चुनौतियां और संभावनाएं हैं।

संस्थान इस दिशा में अपने लक्ष्यों के अनुरूप कार्य कर रहा है। उन्होंने हिमालय के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने तथा यहां के लोगों का सामाजिक व आर्थिक विकास पर जोर दिया। उन्होंने संस्थान से आग्रह किया कि शोध और विकास के सभी कार्य हिमालय आधारित होने चाहिए और ज्यादा से ज्यादा शोध पत्र भी पैन हिमालय आधारित होने चाहिए। वैज्ञानिक सलाहकार समिति के विषयगत विशेषज्ञ प्रो. आर उमा शंकर ने कहा कि संस्थान अपने सीमित संसाधनों की बदौलत अनुसंधान के क्षेत्र में देश के अग्रणी संस्थानों में स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि संस्थान के प्रत्येक केंद्र को मूल अनुसंधान, आउटरीच कार्यक्रमों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। वैज्ञानिक सलाहकार समिति के विषयगत विशेषज्ञ प्रो. अनिल के गुप्ता ने उच्च हिमालयी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याओं, पर्वतीय क्षेत्रों से होने वाले पलायन तथा जल व जमीन से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर कार्य करने पर बल दिया। डॉ. ललित शर्मा ने वनाग्नि और इससे मानव सहित पशु पक्षियों और जानवरों के साथ ही जैव विविधता और पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए इससे निपटने के लिए उचित मॉडल विकसित करने पर जोर दिया। इसके उपरान्त विश्व पर्यावरण दिवस, 2024 के अवसर पर प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत संस्थान के सूर्यकुंज में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जेसी कुनियाल ने सभी का धन्यवाद किया। बैठक में डॉ. एसपी अग्रवाल, प्रो. अनिल के गुप्ता, प्रो. आर उमा शंकर, डॉ. पूर्वजा रामचंद्रन डॉ. ललित शर्मा, डॉ. सुसान जॉर्ज के, डॉ. आईडी भट्ट, डॉ. संदीपन मुखर्जी, डॉ. सिवरनजिनी एस, ई. किरीट कुमार, डॉ. जेसी कुनियाल, डॉ. आईडी भट्ट आदि रहे।

बाइक-स्कूटी की भिड़ंत में तीन लोग घायल, रेफर

- लोहाघाट-खेतीखान सड़क पर ओवरटेक के प्रयास में टकराए वाहन
- उप जिला अस्पताल से चम्पावत जिला अस्पताल रेफर किए गए घायल

संवाददाता, लोहाघाट/ चम्पावत

हादसे में घायल युवक। ● अमृत विचार

अमृत विचार: लोहाघाट-खेतीखान सड़क पर कोलीढेक के पास एक बाइक और स्कूटी में टक्कर लग गई। बाइक में सवार चार लोगों में से भिड़ंत से तीन लोग बुरी तरह चोटिल हो गए। उप जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को चम्पावत जिला अस्पताल रेफर किया गया। लोहाघाट-खेतीखान सड़क पर गुरुवार सुबह कोलीढेक के पास स्कूटी और बाइक में ओवरटेक के दौरान भिड़ंत हो गई।

हादसे में दोनों वाहनों में सवार तीन लोग जख्मी हो गए। आनन-फानन में तीनों अंशु बिष्ट (20) निवासी रेगड़ू, संदीप पांडे (21) व सौरभ पाटनी (20) दोनों निवासी पाटन गांव को लोहाघाट उप जिला अस्पताल लाया गया। डॉ. अजीम ने प्राथमिक इलाज के बाद सिर में चोट के चलते तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। चम्पावत जिला अस्पताल के डॉ. रवि घायलों का इलाज कर रहे हैं। सिर में चोट के चलते घायलों का सीटी स्कैन कराया जा रहा है। चौथे सवार नीरज सिंह मेहता निवासी रेगरू को मामूली चोट आई। वहीं दुर्घटना स्थल में मौजूद युवा व्यापारी अंकित अग्रवाल, पंकज जोशी सहित कोली व ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पुलिस सेवा 112 के कर्मी ललित रावल और राजू बोहरा अस्पताल पहुंचे।

अंधड़ से टनकपुर, बनबसा में बिजली गुल

- रातभर अंधेरा होने से पूर्णागिरि धाम आए श्रद्धालु रहे परेशान

संवाददाता, टनकपुर

अंधड़ से गिरे पेड़ को हटाने में जुटे कर्मचारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बुधवार सायं अंधड़ से टनकपुर और बनबसा में रातभर बिजली गुल रही। वहीं मां पूर्णागिरि धाम के मेले की बिजली व्यवस्था रात भर ठप रही। इसके चलते श्रद्धालुओं और आम लोगों को दुश्वारी झेलनी पड़ी। अलबत्ता भैरव मंदिर से मुख्य मंदिर तक मंदिर समिति और व्यापारियों की बदौलत अंधेरे से निजात मिली। अंधड़ के कारण टनकपुर-बनबसा में जगह-जगह पेड़ गिर गए, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। रात में छिटपुट हुई बारिश और हवाओं के कारण लोगों को गर्मी से जरूर राहत मिली।

15 जून को सरकारी पूर्णागिरि मेला संपन्न हो जाने से यहां की अस्थाई बिजली व्यवस्था हटा देने से श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी का कहना है कि इस वजह से श्रद्धालुओं को रात में अंधेरे के बीच ककरालीगेट से भैरव मंदिर तक करीब 18 किलोमीटर तक आवाजाही करनी पड़ी। बिजली के साथ ही श्रद्धालुओं से संबंधित दी जाने वाली जरूरी जानकारी देने वाले ध्वनि विस्तारक सिस्टम भी नदारद रहा। पूर्णागिरि धाम के साथ ही टनकपुर-बनबसा क्षेत्र में भी रात अंधेरे में कटी। भीषण गर्मी के बीच लोगों को कई तरह की दुश्वारी झेलनी पड़ी। गुरुवार की सुबह आपूर्ति सुचारू हो गई। जबकि आमबाग गांव समेत कई स्थानों पर अपराह्न 1 बजे बाद बिजली व्यवस्था सुचारू हो सकी।

अंधड़ से टूटे तीन पोल डेढ़ लाख की क्षतिः ईई

टनकपुर। बुधवार रात से अंधड़ और तेज हवा से जिले के मैदानी क्षेत्र में बिजली की लाइनों को नुकसान पहुंचा। विभागीय टीम के लगातार प्रयास के बावजूद रात में आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी। नेपाल सीमा के करीब गढ़ीगोठ के पास 3 पोल टूट गए। जिससे आपूर्ति प्रभावित रही। ऊर्जा निगम के चम्पावत डिवीजन के अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह ने बताया कि बुधवार शाम अंधड़ से कई जगह बिजली लाइनें और पेड़ गिरने से गढ़ीगोठ में तीन खंभे टूट गए। इससे आपूर्ति पर भी असर पड़ा और डेढ़ लाख रुपये से अधिक का नुकसान भी हुआ। विभाग के अधिकारी-कर्मचारी रातभर मरम्मत में जुटे रहे।

जिलाधिकारी ने कर चोरी पर रोक लगाने के दिए निर्देश

अल्मोड़ा, संवाददाता

- बैठक में राजस्व बढ़ोतरी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश
- व्यापारियों की जीएसटी संबंधी कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएं

अमृत विचार : जिला स्तरीय राजस्व संवर्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जनपद में राजस्व में बढ़ोतरी करने तथा कर चोरी रोकने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य कर विभाग के अधिकारी जनपद के बड़े ठेकेदारों व व्यापारियों के जीएसटी आदि की समय-समय पर जांच करते रहें। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की जीएसटी संबंधी कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएं, जिसमें उन्हें आईटीआर दाखिल करने जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग, आबकारी विभाग को भी प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में आबकारी निरीक्षकों द्वारा की जा रही जांच एवं प्रवर्तन की कार्यवाहियों की भी समीक्षा करें। साथ ही अवैध मदिरा आदि की भी जांच करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

ऐपण इकाई का निरीक्षण करते डीडीओ। ● अमृत विचार

डीडीओ ने ऐपण इकाई का निरीक्षण किया

अल्मोड़ा : जिला विकास अधिकारी एसके पंत ने हवालबाग की ऐपण इकाई का दौरा कर इकाई के उत्कृष्ट प्रबंधन पर जोर दिया। जिला विकास अधिकारी एसके पंत ने हवालबाग में ऐपण इकाई का दौरा किया और इकाई के संचालन व प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने टीम को इकाई के सभी पहलुओं के कुशल प्रबंधन और संगठन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विकास खण्ड हवालबाग की ऐपण इकाई पारंपरिक चित्रकला और हस्तशिल्प के लिए एक प्रसिद्ध केंद्र है। पंत के इस दौरे का उद्देश्य टीम का मनोबल बढ़ाना और उच्च गुणवत्ता वाले कार्य की निरंतरता सुनिश्चित करना था। टीम ने अपनी पेंटिंग और हस्तशिल्प में विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। पंत ने उनके कार्य व कला के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। श्री पंत ने टीम के प्रयासों की सराहना की और उन्हें अपने कार्य के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



शिखर मंदिर में हवन यज्ञ करते लोग। ● अमृत विचार

प्रसाद वितरण व भंडारे के साथ भागवत कथा संपन्न

बागेश्वर। शिखर पर्वत स्थित श्री श्री 1008 मूल नारायण भगवान के पावन धाम में आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गई है। इस मौके पर क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि के लिए हवन यज्ञ किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वेद व्यास स्वरूप पंडित रमेश चंद्र पांडे ने कहा कि सत्संग से जहां ज्ञान में वृद्धि होती है वहीं अच्छे समाज का निर्माण भी होता है। ज्ञान और धन बांटने से इनमें वृद्धि होती है पर यह सतपात्र को ही देना चाहिए। कहा कि हवन यज्ञ करने से 33 कोटि देवता प्रसन्न होते हैं तथा अकाल जैसी समस्या नहीं होती है। पर्यावरण की शुद्धि भी होती है। उन्होंने लोगों को श्री देवी भागवत पुराण का आशीर्वाद दिया। संरक्षक और पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत भौर्याल ने अनुष्ठान को भव्य और दिव्य बनाने में दिए गए सहयोग के लिए सभी का आभार जताया।

रानीखेत में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते एसएसबी के जवान व छात्र।

एसएसबी जवानों ने नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली

रानीखेत : यहां एसएसबी के जवानों व अधिकारियों ने आईजी अमित कुमार के निर्देशन में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत जन जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत सशस्त्र सीमा बल के जवानों व अधिकारियों ने जन संपर्क व जनजागरण के माध्यम से स्थानीय बाजार में रैली निकाली। जिसमें नशे से होने वाले नुकसान व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। रैली केमू, टैक्सी स्टैंड व रानीखेत बाजार से होकर सोमनाथ ग्राउंड व स्थानीय गनियाद्योली बाजार होकर सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर देवाशीश पाल कमांडेंट, राम कुमार प्रसाद, अमित कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, विश्वास कुमार, अरविन्द्र कुमार उप कमांडेंट,केवि रानीखेत के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

बारिश होते ही धान की रोपाई की तैयारी में जुटे किसान

बागेश्वर : बुधवार सायं हुई तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। बरसात होते ही खेत पानी से लबालब भर गए हैं। काफी दिनों से बरसात का इंतजार कर रहे किसान रोपाई करने लगे हैं। गुरुवार को कपकोट के कई किसानों ने रोपाई हेतु बिनौड़ा निकालने का कार्य किया। कपकोट व गरुड़ क्षेत्र में कुछ किसानों ने धान की पौध तैयार की थी। परंतु रोपाई के लिए यह पानी पर्याप्त न होने से रोपाई नहीं हो पा रही थी। इधर बुधवार को हुई बारिश के बाद किसानों के चेहरे खिल गए। गुरुवार को कई क्षेत्रों में किसानों ने रोपाई की तैयारी हेतु बिनौड़ा (पौध) निकालने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। कपकोट उत्तरौड़ा के संतोष जोशी, गोकुल जोशी, भुवन जोशी ने बताया कि बीते दिनों पड़ी भीषण गर्मी से वे काफी निराश हो गए थे। किसी तरह धान की पौध को बचाया था। परंतु बारिश न होने से पौध बड़ी होती जा रही थी तथा रोपाई के लिए खेत तैयार नहीं हुए थे। बुधवार को बारिश से कई खेत रोपाई के लिए तैयार हो गए तो उन्होंने शुक्रवार सुबह से ही खेतों में बिनौड़ा निकालने का कार्य प्रारंभ कर दिया।

उत्तरौड़ा गांव में धान की पौध को निकालते ग्रामीण।

मॉकड्रिल से परखी जाएगी आपदा से बचाव की तैयारी

- पूर्णागिरि तहसील टनकपुर में हुई मानसून सीजन को लेकर बैठक

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: मानसून को लेकर टनकपुर और बनबसा में की गई तैयारियों को मॉकड्रिल के जरिए परखा जाएगा। यह जानकारी पूर्णागिरि तहसील में आयोजित आपदा से संबंधित बैठक में एसडीएम आकाश जोशी ने कही। बैठक में डीएम नवनीत पांडेय भी वर्चुअली जुड़े। एसडीएम ने डीएम को मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में आपदा से बचाव के लिए की गई तैयारियों से अवगत कराया।

गुरुवार को हुई बैठक में डीएम ने विभागीय अधिकारियों से मानसून को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी ली। सभी संबंधित अधिकारियों को मानसून में अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि मानसून सीजन को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को उचित निर्देश दिए गए हैं। बताया कि एनएच तथा आंतरिक सड़कों की सभी चोक हुई नालियों को खोले जाने, पहले से ही आपदा के उपकरणों का रख-रखाव किए जाने, आपदा उपकरणों की कमी होने पर मांग किए जाने को कहा गया है। मानसून काल में सभी अधिकारियों को चौबीसों घंटे तत्पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि शीघ्र ही आपदा की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों की माकड्रिल भी कराई जाएगी। ताकि आपदा के समय उचित व्यवस्था बनाई जा सके।

पर्वतीय जंगलों को आग से बचाने के लिए बनाई जाए ठोस रणनीति : बिट्टू

अल्मोड़ा, संवाददाता

जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते पूर्व दर्जा मंत्री। ● अमृत विचार

अमृत विचार: पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जंगलों में लगने वाली आग से बचाव के लिए ठोस रणनीति बनाने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर राज्य में चीड़ आच्छादित वनों को आग से बचाने के लिए ठोस रणनीति बनाने, वन विभाग को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में वनाग्नि में कई लोग जिंदा जल चुके हैं तथा कई लोग झुलसे हैं। संसाधनों की कमी और प्रशिक्षण न होने से ऐसे हादसे लगातार हो रहे हैं। कहा कि राज्य वासियों को उनके हक-हकूक पूर्व की भांति दिए जाएं ताकि ग्रामीणों का लगाव अपने क्षेत्र के जंगलों के प्रति हो सके। इससे वनाग्नि जैसी घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने अग्नि नियंत्रक कर्मी का 25 लाख रुपये का बीमा कराने और फायर वाचर का पारिश्रमिक 25 से 35 हजार रुपये करने की मांग की है। कहा कि बीते दिनों बिनसर सेंचुरी में वनाग्नि में शहीद हुए वन कर्मिकों एवं पीआरडी के जवान के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा 25 लाख रुपये मुआवजा दिया जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में देवेन्द्र कर्नाटक, हयात सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी, नूर अकरम खान, गोपाल खोलिया, दीपक पोखरिया, रोहित शैली, राकेश बिष्ट, अशोक सिंह, बीरेंद्र सिंह कार्की, हेम जोशी, भूपेंद्र भोज, हिमांशु कनवाल, हसन, मनोज कुमार, दिनेश कुमार, दीपक सिंह बिष्ट, ललित सिंह खोलिया, कृष्णा सिंह चिलवाल आदि रहे।

उत्साह चम्पावत में विश्व योग दिवस आज धूमधाम से मनाया जाएगा, योग विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

गोरलचौड़ मैदान में आज एक साथ सैकड़ों लोग करेंगे योग

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

अमृत विचार : विश्व योग दिवस आज चम्पावत में धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम गोरलचौड़ मैदान में होगा। जहां योग उत्सव के तहत जिला मुख्यालय के समस्त विद्यालयों, संस्थानों, विभागों, सम्भ्रांत व्यक्तियों एवं नगर क्षेत्र की जनता द्वारा सामूहिक योग किया जाएगा। योग विज्ञान विभाग की ओर से सामूहिक आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

योग दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए गुरुवार को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, चम्पावत परिसर के योग विज्ञान विभाग द्वारा योग प्रशिक्षुओं का योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षुओं ने जन जागरूकता के लिए पद यात्रा भी निकाली। योग विज्ञान विभाग के नोडल अधिकारी डा. नवीन भट्ट ने बताया कि10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 मई से चला आ रहा आओ हम सब योग करें अभियान भी सम्पन्न हो जाएगा। बताया कि योग विज्ञान विभाग गोरलचौड़ मैदान में आज होने वाले सामूहिक योग कार्यक्रम को भव्य रूप देगा। गुरुवार को आयोजित योग अभ्यास में अनीता पांडे, अपूर्वा वर्मा, दीक्षा राठौर, देवकी, दीक्षा, गंगा, गीतांजलि लसपाल, हर्षित राय, हेमंत सिंह, हिमानी, ऋतिक तड़ागी, जगदीश चन्द्र, ज्योति, कनुप्रिया, किरन, भागीरथी सौन सहित दर्जनों प्रशिक्षक शामिल रहे।

राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में हुआ सामूहिक योग

योग दिवस की पूर्व संध्या पर योगाभ्यास करते लोग।

टनकपुर : राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान एवं प्राचार्य डा. अजिता दीक्षित के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर योगाभ्यास किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण व कार्यालयी कर्मचारियों के साथ विद्यार्थियों ने योग किया। इस दौरान ओम उच्चारण अभ्यास, अनुलोम विलोम, कपाल भाति, पदम्मासन, ताड़ासन, सूर्यनमस्कार, पवनमुक्तासन, मंडूक आसन, त्राटक, हलासन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अतुल कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी पुष्पा द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर डा. डीके गुप्ता, डा. संजय कुमार, डा. रंजना सिंह, संजय कुमार गंगवार, हरीश चन्द्र जोशी, महेश लाल, दशरथ सिंह बोहरा, छात्र ओम प्रकाश जोशी, देवेन्द्र सिंह, चांदनी, हंसा, भागीरथी, तुलसी, रश्मि, लक्ष्मण सिंह, अंजली, अनीता, निकिता, अंजली चौहान आदि रहे।

सैन्य अस्पताल ने योग और आयुर्वेद पर आयोजित किया कार्यक्रम

सैन्य अस्पताल में योग और आयुर्वेद का एकीकृत करने के कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

रानीखेत : भोले बाबा आयुर्वेदिक अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, चिलियानौला और क्षेत्रीय आयुर्वेदिक संस्था के सहयोग से सैन्य अस्पताल रानीखेत द्वारा योग और एकीकृत चिकित्सा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग और आयुर्वेद जैसी पारंपरिक उपचार पद्धतियों को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा में एकीकृत करना है। गुरुवार सुबह 6:30 बजे उज्ज्वल पाराशर के नेतृत्व में योग और ध्यान सत्र में मन-शरीर के सामंजस्य के लाभों पर प्रकाश डाला गया। समारोह में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह सीनियर कर्नल कमांडेंट (एएमसी) ने दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम में एक सीडी का अनावरण भी किया गया। जिसमें समग्र देखभाल, पारंपरिक प्रथाओं और आधुनिक चिकित्सा के बीच सेतुबंधन के बारे में जानकारी थी। मेजर जनरल योगिंदर सिंह, एमजी (मेड), यूबी एरिया ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने आयुर्वेद और योग को मुख्यधारा की देखभाल में एकीकृत करने पर विचार रखे। इस मौके पर ब्रिगेडियर डॉ. अरविंद लाल, लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चोपड़ा, डॉ. गजेंद्र राव, डॉ. हरित कुमारी, डॉ. तरुण कुमार ने महत्वपूर्ण जानकारियां दी। दोपहर में डॉ. एस मिश्रा के मार्गदर्शन में भोले बाबा आयुर्वेदिक अस्पताल के पंचकर्म विभाग के कर्मचारियों ने मर्म मालिश, नासयम और अक्षतर्पणम का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।

मंत्री जोशी ने पुल का निर्माण कार्य एक माह में पूरा करने के दिए निर्देश

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने निर्माणाधीन पुल और सड़क का निरीक्षण किया

संवाददाता, डीडीहाट

डीडीहाट में सड़क का निरीक्षण करते मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सूबे के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को पिथौरागढ़ दौरे के दौरान पीएमजीएसवाई के अंतर्गत डीडीहाट से पंपस्यारी सड़क मार्ग में एनपीसीसी द्वारा निर्माणाधीन पुल तथा मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों के साथ मौका मुआयना कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंत्री ने पुल के निर्माण कार्य पर हो रहे विलंब पर नाराजगी व्यक्त की। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए एक माह के भीतर पुल के निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुल के निर्माण कार्यों में इस्तेमाल सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा निश्चित रूप से पुल के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर आसपास के आबादी क्षेत्र के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत डीडीहाट से पंपस्यारी के मोटर मार्ग का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर सीमांत क्षेत्रों के विकास हेतु संकल्पबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर पीएमजीएसवाई अधिसाशी अभियंता शशांक सिंह, सहायक अभियंता गुरुप्रीत सिंह,एनपीपीसी कनिष्ठ अभियंता अनिल चुफाल, बीजेपी नेता लोकेश भड़, मण्डल अध्यक्ष भरत कन्याल, कमला चुफाल आदि उपस्थित रहे।

मंत्री गणेश जोशी ने डीडीहाट की प्रसिद्ध मिठाई खेंचुवा का लिया स्वाद

डीडीहाट : प्रदेश के कृषि कृषक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने पिथौरागढ़ प्रवास के दौरान डीडीहाट स्थित नेगी मिष्ठान भंडार में पहुंचकर डीडीहाट की प्रसिद्ध मिठाई खेंचुवा का स्वाद लिया। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने नेगी मिष्ठान भंडार के ऑनर और स्थानीय व्यापारियों का हाल जाना और लोगों से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का फीडबैक भी लिया। गौरतलब है कि खेंचुवा एक प्रकार की मिठाई है, जो डीडीहाट में बनती है। 80 के दशक में देवीधुरा से आए नेगी परिवार ने डीडीहाट में खेंचुवा बनाना प्रारंभ किया था। इस दौर दौरान दूध की कमी के चलते खेंचुवा सीमित मात्रा में बनता था। धीरे-धीरे अपनी विशेषता के चलते इसकी मांग बढ़ने लगी। मांग के साथ ही खेंचुवा अधिक बनने लगा। दूध को काफी देर तक उबालकर, उसमें चीनी मिलाकर खेंचुवा तैयार किया जाता है। पिछले 20 वर्षों के बीच डीडीहाट के खेंचुवे ने अपने स्वाद की वजह से अच्छी पहचान बनाई है। डीडीहाट के खेंचुवे की मांग डीडीहाट, पिथौरागढ़ ही नहीं, बल्कि कुमाऊं, गढ़वाल से लेकर मैदानी जिलों तक पहुंच चुकी है।

फॉलोअर्स बढ़ाने को बीयर बांटना यूटयूबर को पड़ा मंहगा

हरिद्वार, अमृत विचार : सोशल मीडिया ऐप 'इंस्टाग्राम'पर अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए यहां प्रतिबंधित क्षेत्र में बीयर बांटना एक यूट्यूबर को महंगा पड़ गया। यूट्यूबर को हिरासत में लेकर उसका पुलिस अधिनियम के तहत चालान काटा गया और उसे सार्वजनिक रूप से लोगों से माफी मांगनी पड़ी।

दो दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें यूट्यूबर अंकुर चौधरी अपने चैनल पर सब्सक्राइबर, कमेंट और लाइक बढ़ाने के लिए कनखल में जगह-जगह मुफ्त में बीयर बांटते दिखाई दिए थे। हरिद्वार के कनखल क्षेत्र में मांस-मदिरा प्रतिबंधित है। 'बीयर चैलेंज' के इस वीडियो को देखकर लोगों में गुस्सा भड़क उठा। तीर्थ पुरोहितों ने यूट्यूबर के खिलाफ करवाई की मांग की। इस पर पुलिस ने यूट्यूबर अंकुर चौधरी को धर दबोचा। पुलिस की हिरासत में आने के बाद प्रतिबंधित क्षेत्र में बीयर मुफ्त में बांटने पर चौधरी ने लोगों से माफी मांगी और कहा कि भविष्य में ऐसी गलती नहीं होगी। एलएलबी की पढ़ाई कर चुके अंकुर का पुलिस अधिनियम के तहत चालान भी किया गया। एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने कहा कि हरिद्वार धार्मिक आस्था का केंद्र है और ऐसे कृत्य यहां किसी भी सूरत में सहन नहीं किए जाएंगे।

दस साल से फरार इनामी हत्यारोपी को पुलिस ने मुम्बई से किया गिरफ्तार

अपराध

- दोस्त की हत्या करने का है आरोप, 20 हजार का इनाम था घोषित
- नाम और भेष बदल पुलिस से बचता रहा, एसटीएच ने किया गिरफ्तार

संवाददाता, अल्मोड़ा

मुंबई में उत्तराखंड पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी तिलकराज उर्फ नागराज।

अमृत विचार : दोस्त की हत्या कर 10 साल से फरार इनामी हत्यारोपी को पुलिस ने मुम्बई से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। सालों तक वह नाम और भेष बदलकर पुलिस को चकमा देता रहा। यहां उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार लमगड़ा थाने में 16 अक्टूबर 2014 को धारा 302 व 201 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ। जांच में प्रकाश में आया कि तिलकराज उर्फ नागराज ने अपने साथ काम करने वाले दोस्त की हत्या की और इसके बाद वह फरार हो गया। वह 10 सालों से फरार था और उसकी गिरफ्तारी के लिए 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ उत्तराखंड को पता चला कि वह मुंबई के एक रेस्टोरेंट में काम कर रहा है। इस पर एसटीएफ उत्तराखंड की टीम हत्यारोपी तिलकराज उर्फ नागराज पुत्र स्व. जेठूराम, निवासी ग्राम पुनदल, तहसील व थाना पघर, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश को मुंबई से गिरफ्तार कर अल्मोड़ा ले आई। गुरुवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

सरिया से हत्या कर शव को जमीन में गाड़ दिया था

हत्यारोपी ने पुलिस पूछताछ में हत्या पर बताया कि वर्ष 2014 में तिलकराज व गुलाब सिंह अल्मोड़ा जिले के थाना लमगड़ा क्षेत्र में लीसा को निकालते थे। दोनों अलग—अलग झोपड़ी में रहते थे। एक रात दोनों खाना—पीना कर रहे थे कि तभी गुलाब सिंह ने तिलकराज को गाली दे दी। इसी बात से गुस्साए तिलकराज ने गुलाब सिंह की गर्दन पर सामने पड़ी सरिया से वार कर दिया, गंभीर चोट से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तिलकराज ने उसके शव को पास के खेत में गड्ढा खोदकर गाड़ दिया। शव को दबाने से पहले उसके चेहरे पर लीसा निकालने में प्रयोग होने वाले तेजाब से जला दिया था। इसके बाद वह अपने गांव भाग गया। बाद में रिपोर्ट दर्ज हुई और पुलिस ने गुलाब सिंह का शव बरामद कर लिया था।

चरस तस्कर को सात साल का कठोर कारावास और जुर्माना

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

फैसला

- विशेष सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त पर 50 हजार का लगाया जुर्माना
- छह वर्ष पुराने मामले में 930 ग्राम चरस के साथ पकड़ा गया था अभियुक्त

अमृत विचार : छह साल पुराने चरस तस्करी के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियुक्त को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

प्रकरण अगस्त 2018 का है। पुलिस ने कार चालक लोहाघाट थाना क्षेत्र के होली पिपलाटी निवासी तथा हाल निवासी उमरूखुर्द, खटीमा, जिला उधमसिंह नगर कैलाश चंद्र भट्ट पुत्र जसोधर भट्ट को बाजरीकोट मोड़ के पास बैग के साथ पकड़ा। संदेह होने पर बैग की तलाशी ली तो उसमें से 930 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने अभियुक्त के पास से डायरी, कैलकुलेटर, आधार कार्ड, वोटर आईडी तथा दो मोबाइल फोन, हाथ में पहनी हुई घड़ी के साथ 17,150 रुपये की नगदी भी जब्त की। जिसे बाद में उसे लौटा दिया गया। चरस तस्करी के आरोप में पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। मामला विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत में चला। साक्ष्यों और गवाहों को ध्यान में रखते हुए विशेष सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार संगल की कोर्ट ने अभियुक्त को चरस तस्करी का दोषी पाया और सात साल के कारावास की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त को एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता विद्याधर जोशी ने पैरवी की।

केमू बस और कार में भिड़ंत, बचे यात्री

अल्मोड़ा : फलसीमा क्षेत्र में गुरुवार को बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। यहां कार व केमू बस में भिड़ंत हो गई। हादसे के दौरान यात्रियों में चीख पुकार मच गई। कार चालक को मामूली चोट आई है। जबकि अन्य यात्री सुरक्षित हैं।

बस संख्या यूके 04-पीए-1011 बागेश्वर से यात्री लेकर हल्द्वानी को जा रहा थी। इसी बीच सिकुड़ा बैंड के पास सामने से आ रही कार संख्या यूके-04-टीए-5281 से बस की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार व बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच पड़ी। सभी घबराकर वाहन से नीचे उतर आए। सौभाग्य से कोई वाहन खाई की ओर नहीं गिरा और बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने बताया कि कार चालक सुशील कुमार को हल्की चोट आई है।

मंत्री ने इनामी योजना का लक्की ड्रा निकाला

- बिल लाओ ईनाम पाओ योजना के तहत 1500 विजेताओं का चयन
- 500 विजेताओं को स्मार्टफोन, 500 को स्मार्ट वॉच बांटे जायेंगे

ब्यूरो, देहरादून

देहरादून में अधिकारियों के साथ बैठक करते वित्त मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल। ● अमृत विचार

अमृत विचार : वित्त मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल द्वारा विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में गुरुवार को बिल लाओ इनाम पाओ योजना के तहत माह मार्च 2024 के भाग्यशाली विजेताओं के लक्की ड्रा निकाले। मंत्री ने कहा कि यह योजना 1 सितम्बर 2022 को लागू हुई थी और 31 मार्च 2024 को समाप्त हो गई थी।

इस योजना के तहत प्रत्येक माह बीएलआईपी एप में क्रय सामग्री के बिल अपलोड करने वाले उपभोक्ताओं का लक्की ड्रॉ के माध्यम से ईनाम बांटे गए। मंत्री ने कहा कि योजना का अन्तिम 17वां लक्की ड्रॉ गुरुवार को निकाला गया। मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं को बिल लेने के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित बिल लाओ ईनाम पाओ योजना प्रदेश में सफल रही है। इससे प्रभावित होकर देश के अन्य राज्य भी इस योजना को लागू करने पर विचार कर रहे हैं। इस योजना के तहत अब तक कुल रजिस्टर्ड उपभोक्ता की संख्या 86905, कुल अपलोड हुए बिलों की संख्या 639057 तथा बिलों का मुल्य 269.50 करोड़ रुपये है। इस अवसर पर आयुक्त राज्य कर डॉ. अहमद इकबाल, अपर आयुक्त (विशेष वेतनमान) राज्य कर आईएस बृजवाल, अपर आयुक्त राज्य कर अनिल सिंह, संयुक्त आयुक्त कर श्याम तिरूवा सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

फाइबर फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दमकल ने बुझाई

नानकमत्ता में स्थित फाइबर फैक्ट्री में लगी आग।

नानकमत्ता : फाइबर फैक्ट्री में गुरुवार को अचानक आग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक लाखों रुपये की मशीनें और सामान जलकर राख हो गया।

गुरुवार को नगर से सटे पूरनगढ़ नौगजा गांव में राठौर लघु उद्योग फाइबर फैक्ट्री में काम चल रहा था। फैक्ट्री में अज्ञात कारणों से अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते आसमान में धुएं के गुबार उठने लगे। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की दो गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। तब तक फैक्ट्री में फाइबर बनाने की आठ लाख की मशीन, लाखों रुपये का कच्चा माल जलकर राख हो गया। फैक्ट्री स्वामी धर्मवीर राठौर ने बताया फैक्ट्री चालू करने की तैयारी के लिये मशीनें और फाइबर बनाने का कच्चा माल रखा था। बताया कि आग लगने से करीब 25 लाख का नुकसान होने का अनुमान है।

क्वैराला झील में तैनात हो जल पुलिस

संवाददाता, टनकपुर /चम्पावत

चम्पावत में व्यापारियों ने एसपी अजय गणपति को सौंपा ज्ञापन। ● अमृत विचार

- व्यापारियों ने एसपी को ज्ञापन सौंप जल पुलिस की तैनाती का आग्रह किया
- झील में रोजाना स्नान के लिए जा रहे 500 से अधिक लोग

अमृत विचार : चम्पावत के व्यापारियों ने क्वैराला झील की सुरक्षा के मुद्दे को पुलिस प्रशासन के सम्मुख उठाया। गुरुवार को एसपी को ज्ञापन देकर उचित कदम उठाने का आग्रह किया गया।

चम्पावत व्यापार मंडल के नव निर्वाचित अध्यक्ष विकास शाह के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसपी अजय गणपति को ज्ञापन देकर क्वैराल झील पहुंच रहे पर्यटकों की सुरक्षा के लिए जल पुलिस की तैनाती सहित अन्य जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया। ज्ञापन देने वालों में व्यापार संघ के जिला महामंत्री कमलेश राय, नगर इकाई के महामंत्री हरीश सक्टा, उपाध्यक्ष कमल दीप तिवारी, भाजपा सह मीडिया प्रभारी सूरज प्रहरी, कुमाऊं टैक्सी यूनियन के उपाध्यक्ष ललित मोहन भट्ट , व्यापारी भगवत शरण राय, मयूख चौधरी, हेमंत वर्मा आदि शामिल थे। एसपी अजय गणपति ने सुरक्षागत उपाय करने का प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया।

डेढ़ माह बाद दर्ज हुआ मारपीट व धमकी का मुकदमा

काशीपुर, अमृत विचार : मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने करीब डेढ़ माह बाद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है। मोहल्ला ओझान निकट खत्री सभा निवासी मोहम्मद फैजल ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह बाजपुर के केयर हॉस्पिटल में नौकरी करता है। बीते 30 अप्रैल की रात्रि में मोहल्ले के ही फैजुल ने उसे मोहल्ला किला शराब भट्टी वाली गली में कुछ जरूरी बात करने के लिए बुलाया था।

उसके साथ मोहसिन समेत 10-15 लोग वहां पहले से ही मौजूद थे। वहां पहुंचते ही फैजुल बोला कि तू हमारी मुखबिरी करता है और हमारे बीच में जबरदस्ती पड़ता है, कहते हुए उन सभी ने लात घूंसों व लाठी डंडे से मारना पीटना शुरू कर दिया।

आरोप है कि मोहसिन ने रॉड से उस पर जानलेवा हमला भी किया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उक्त लोग मौके से भाग गए और जान से मारने की धमकी भी दे गए हैं। तब से उसे अपनी जान व माल का खतरा बना हुआ है। उसने बताया कि उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर फैजुल व मोहसिन को नामजद करते हुए 10-15 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नैनीताल हाईकोर्ट ने अभिकरण के आदेश को रखा बरकरार

नैनीताल, अमृत विचार : हाईकोर्ट ने सरकार की याचिका को खारिज करते हुए उत्तराखंड लोक सेवा अभिकरण के आदेश को बरकरार रखा है। जिसमें अभिकरण ने मुख्य सहायक बाल विकास परियोजना आफिसर द्वाराहाट जिला अल्मोड़ा के बिशन सिंह धपोला को वित्तीय अनियमितता के आरोप में मुख्य सहायक से कनिष्ठ सहायक के पद पर रीवरजन करने व लगभग पच्चीस लाख रुपये की वसूली के लिए निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास देहरादून के जारी आदेश को निरस्त कर दिया था।

हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद बिशन सिंह धपोला को बड़ी राहत मिली है। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उत्तराखंड लोक सेवा अभिकरण के आदेश 19 मार्च 2020 के आदेश को चुनौती दी थी।

जोशीमठ मामले में अगली सुनवाई अब13 अगस्त को

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने जोशीमठ में हो रहे लगातार भू धंसाव को लेकर पीसी तिवारी की जनहित याचिका में पर सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तिथि तय की है। मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खण्डपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार पूर्व में एनटीपीसी की तरफ से प्रार्थनापत्र देकर कहा गया कि उन्हें जोशीमठ में निर्माण कार्य व ब्लास्ट करने की अनुमति दी जाए। क्योंकि उनकी परियोजना जोशीमठ से 15 किलोमीटर दूर है।

इसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि इनकी परियोजना 1. 5 किलोमीटर दूरी पर है। इसलिए इन्हें ब्लास्ट की अनुमति नहीं दी जा सकती। जिस पर कोर्ट ने दोनों से एनडीएमए के पास जाने को कहा था। एनडीएमए ने कोर्ट को बताया कि उसने अंतिम सिफारिश तैयार कर ली है और राज्य को निर्णय लेने के लिए भेज दिया है। अल्मोड़ा निवासी उत्तराखण्ड परिवर्तन पार्टी नेता पीसी तिवारी ने 2021 में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि राज्य सरकार के पास आपदा से निपटने की सभी तैयारियां अधूरी हैं और सरकार के पास अब तक कोई ऐसा सिस्टम नहीं है जो आपदा आने से पहले उसकी सूचना दे। वहीं उत्तराखंड में 5600 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाले यंत्र नहीं लगे हैं और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रिमोट सेंसिंग इंस्टीट्यूट अभी तक काम नहीं कर रहे हैं जिस वजह से बादल फटने जैसी घटनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती।

डॉ. विशाल प्रभाकर के तबादले पर हाईकोर्ट की रोक

नैनीताल : उत्तराखंड हाईकोर्ट ने डॉ. विशाल प्रभाकर मेडिकल ऑफिसर गर्वमेंट आयुर्वेदिक अस्पताल मंगलौर जिला हरिद्वार के स्थानांतरण आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने सचिव आयुष को निर्देशित किया है कि वे याचिकाकर्ता के प्रत्यावेदन को तीन सप्ताह के भीतर निस्तारित करें।

वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार मेडिकल ऑफिसर गर्वमेंट आयुर्वेदिक अस्पताल मंगलौर जिला हरिद्वार में कार्यरत डॉ. विशाल प्रभाकर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि वे हरिद्वारा में 2013 से कार्यरत हैं। शासन ने 8 जून 2024 को आदेश पारित कर याचिकाकर्ता का स्थानांतरण गर्वमेंट एलोपेथिक अस्पताल भरपुर जिला पौडी गढ़वाल कर दिया। याचिकाकर्ता ने इस स्थानांतरण आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

उत्तर प्रदेश

खेत में सिंचाई कर रहे किसान को खींच ले गया बाघ, मिला शव

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

- कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा में हुआ हमला

अमृत विचार: खेत में बुधवार रात सिंचाई कर रहे किसान पर बाघ ने हमला कर मार डाला। किसान का अधखाया शव गुरुवार सुबह पास के ही गन्ने के खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बाघ हमले में किसान की मौत पर ग्रामीण आक्रोशित थे। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने शव उठने दिया।

घटना कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा के समीप बुधवार रात हुई। गांव बांसखेड़ा के पूरनलाल (55) का खेत गांव के नजदीक ही है। बुधवार रात वह धान की रोपाई के लिए तैयार किए जा रहे खेत की सिंचाई करने गए थे। पूरन लाल के साथ उनका भतीजा वीरपाल एवं एक अन्य युवक भी गया था। मौसम खराब होने पर कुछ देर बाद वीरपाल और उसका साथी गांव वापस चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक बारिश की संभावना देख कुछ देर बाद वीरपाल ने इंजन बंद कर दिया। इस बीच वहां मौजूद बाघ ने पूरनलाल पर हमला कर दिया और किसान को पास के ही एक गन्ने के खेत में खींच ले गया। किसान के घर न पहुंचने पर परिजन खेत पहुंचे, लेकिन मौके पर कोई नहीं मिला। परिवार वालों को कुछ ही दूरी पर किसान का अगोंछा पड़ा मिला। आशंका होने पर परिवार वाले आगे बढ़े तो खेत में घसीटने के निशान मिले। अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने गांव में सूचना दी। कुछ देर बाद ही तमाम ग्रामीण खेत परपहुंचे। टॉर्च की रोशनी से किसान की तलाश शुरू की तो करीब 250 मीटर दूर किसान का अधखाया शव पड़ा मिला।

बाघ के हमले में किसान की मौत पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। सूचना पर गुरुवार सुबह माधोटांडा पुलिस और कुछ देर बाद सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी श्रीवास्तव, माला रेंजर रोबिन सिंह भी मौके पर पहुंच गए। इस पर ग्रामीणों ने तार फैंसिंग न होने की बात कहते हुए शव उठाने से इंकार कर दिया। जानकारी मिलने पर सीओ आलोक सिंह, एसडीएम आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार हबीब उर रहमान भी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों के मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी के आश्वासन पर परिजन और ग्रामीण शांत हुए।

आंधी व बारिश से ट्रेनों के संचालन पर पड़ा असर

मुरादाबाद, अमृत विचार : बीते बुधवार की देर रात आई आंधी व बारिश से लखनऊ रेल मार्ग पर पितांबरपुर-टिसुआ के बीच ओएचई पर पेड़ गिरने से ट्रेनों का संचालन बाधित हो गया। रेल संचालन थमने से मुरादाबाद व लखनऊ रूट की अप व डाउन की 60 से ज्यादा ट्रेनों पर असर पड़ा। बुधवार की देर रात अचानक चली आंधी और उसके हुई बारिश से ओएचई पर पेड़ गिर गया। जिससे ओएचई ठप होने से रेल संचालन ठप हो गया। जिससे बरेली, शाहजहांपुर, रोजा समेत तमाम स्टेशनों पर रेल संचालन पर असर पड़ा। हरिद्वार-इलाहाबाद, पदमावत, नौचंदी, अयोध्या कैंट, सत्याग्रह, जलियांवाला बाग, हिमगिरी, शहीद, लखनऊ मेल, श्रमजीवी, जनता एक्सप्रेस समेत तमाम ट्रेनों पर असर पड़ा। जिससे यात्रियों को परेशानी हुई।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 930 फ्लैग 1040 डीएमओ 830 बोल्ड 1105, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1090 डीएमओ 800।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030, **किराना (प्रतिकु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000-16400, अरहर कोरी छोटी 17400, **चीनी**-डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070, बहेड़ी (नई) 4080 रुपये।

असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई न करने से पैदा हो सकती है बड़ी समस्या: दास

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर आरबीआई की कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज में वृद्धि धीमी होने का वांछित प्रभाव पड़ा है। यहां आरबीआई के कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स में वित्तीय मजबूती पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि असुरक्षित ऋण पर प्रतिबंध इस दृष्टिकोण का परिणाम है कि असुरक्षित कर्ज में वृद्धि के कारण इस बाजार में संभावित समस्या हो सकती है।

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे हैं, लेकिन मानकों में ढील, उचित मूल्यांकन का अभाव और कुछ ऋणदाताओं के बीच असुरक्षित ऋण को बढ़ावा देने के लिए अंधी दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के स्पष्ट सबूत हैं। दास ने कहा-हमने सोचा कि अगर इन कमज़ोरियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। इसलिए, हमने सोचा कि पहले से ही कार्रवाई करना और ऋण वृद्धि को धीमा करना बेहतर है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि आरबीआई की कार्रवाई का वांछित प्रभाव पड़ा है, क्योंकि असुरक्षित ऋण में वृद्धि वास्तव में धीमी हो गई है। दास ने कहा कि क्रेडिट कार्ड खंड में वृद्धि आरबीआई की कार्रवाई से पहले के 30 प्रतिशत से घटकर अब 23 प्रतिशत हो गई है, जबकि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को बैंक ऋण देने की वृद्धि पहले के 29 प्रतिशत से घटकर अब 18 प्रतिशत हो गई है। पिछले वर्ष 16 नवंबर को आरबीआई ने गैर-जमानती ऋण और एनबीएफसी को दिए जाने वाले ऋण पर जोखिम भार बढ़ा दिया था, जिससे बैंकों को ऐसी परिसंपत्तियों पर अधिक मात्रा में पूंजी रखनी होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, "भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है।

गेहूं कीमतों में स्थिरता के लिए नीतिगत हस्तक्षेप पर विचार कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी: सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह देश में उपभोक्ताओं के लिए गेहूं की कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करेगी। गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा कि उसने अधिकारियों को गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में दो रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है। आंकड़े दर्शाते हैं कि, 20 जून तक गेहूं का औसत खुदरा मूल्य 30.99 रुपये प्रति किलोग्राम था, जो एक साल पहले 28.95 रुपये था, जबकि गेहूं के आटे की कीमत पिछले साल 34.29 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 36.13 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। मंत्रियों ने बैठक के दौरान गेहूं के स्टॉक और कीमतों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा-केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया कि गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखी जाए और देश के उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप किए जाएं।

- **शाह की अध्यक्षता में समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा**

आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

आयोजित सेरेमनी में पत्रकारों से बात करते डीपी सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : अड़चन न आई तो म्यामांर, भूटान, घाना, चिली, फिजी, इजराइल समेत आठ देशों और उत्तर प्रदेश के बीच 1000 करोड़ के कारोबार की नींव पड़ जाएगी। यह संभावना एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डीपी सिंह ने बीते शनिवार-रविवार को हुए कान्क्लेव को सफल बताते हुए जताई। कान्क्लेव में करीब 30 देशों के राजदूतों और व्यापारिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

गुरुवार को आयोजित सक्सेस सेरेमनी के दौरान डीपी सिंह ने बताया कि इन देशों के बीच प्रमुख रूप से मसाला, चिकन वस्त्र, जरदोजी, श्रमिकों की आपूर्ति, भवन और सड़क निर्माण के लिए कांट्रैक्टर समेत कई बिंदुओं पर निर्यात और आयात पर सहमति बन रही है। एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर मंथन चल रहा है।

उन्होंने कहा कि व्यवसायिक अनुबंधों का यह प्रयास उप्र. प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए संगठन की ओर से उठाया गया एक कदम मात्र है। संगठन की ओर यूपी और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच व्यापार और आयात-निर्यात के लिए मंच उपलब्ध कराया गया। परिणाम उत्साहजनक नजर आ रहे हैं।

- **एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर चल रहा मंथन**
- **मसाले-कृषि उपकरण के साथ श्रमशक्ति के निर्यात पर फोकस**

म्यामांर और भूटान को मसाले की दरकार तो रॉ-मैटीरियल के लिए भारत तैयार: अध्यक्ष बताते हैं कि कोशिश है कि म्यामांर और भूटान समेत दो अन्य देश भारत से मसाले खरीद सकते हैं। वहां से कई वस्तुओं के रॉ-मैटीरियल खरीद के लिए भारत हाथ बढ़ा सकता है। कजाकिस्तान, रूस से जरदोजी वाले चिकन वस्त्र और भदोही के कालीन की मांग पर विचार हो रहा है। यही नहीं फिजी, इजराइल, घाना आदि में मैन पावर की डिमांड है।

खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की मांग

डीपी सिंह ने बताया कि कृषि उपकरणों की मांग है। फिजी, घाना समेत कई देशों को कृषि उपकरणों की खासी जरूरत है। यहां तक खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की जरूरत है। ये देश भारत से बड़ी मात्रा में कृषि उपकरण खरीद सकते हैं।

इजराइल, घाना से श्रमिकों व ठेकेदारों की डिमांड

युद्ध की विभीषिका को देखते हुए इजराइल में सिविल और निर्माण कार्य के लिए विशेषज्ञ ठेकदारों और मैन पावर आपूर्ति के प्रस्ताव पर भी विचार जारी है। सुरक्षा समेत सभी पहलुओं पर विचार होने के बाद ही इस पर आगे बढ़ा जाएगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	92,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,000
गिन्नी (प्रति नग)	55,150-55,350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,350
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,000
चांदी तैयार	90,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,200
सोना जेवरात गिन्नी	71,200
चांदी पक्की	884 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,850
चांदी आभूषण	91,000।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 75 मसूरी 55 अंगूरी 65 बासमती 95, **दाल दलहन**-काला चना 115-125 साबुत चना दाल 70-87 मूंग साबुत 95 राजमा 160 दाल उड़द 125 साबुत मसूर दाल 64 मसूर दाल 71-75 उड़द साबुत 107-120 काबुली चना 65 अरहर दाल 155-160 लोबिया/करमानी 77-83 सोयाबीन 41 मूंगफली 74-80 मटर (सूखी) 50 मक्का 16-18 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104-106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत: 90से 105 रुपये चना देसी: 60से 70 रुपये चना कावली: 90 से 130 रुपये राजमा लाल: 130 से140 रुपये राजमा चित्ता: 125 से 130 लोबिया लाल: 90से 110 रुपये।

सेंसेक्स नए शिखर पर, निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

- **सेंसेक्स ने 77 हजार के पार और निफ्टी 51 अंक उछला**

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 141 अंक चढ़कर नये शिखर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 141.34 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ नई ऊंचाई 77,478.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 305.5 अंक चढ़कर 77,643.09 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 51 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 23,567 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 108 अंक उछलकर 23,624 अंक तक चला गया था। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा-विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले तीन दिन से शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने बताया कि 12,600 करोड़ रुपये की लिवाली की जिसमें कुछ बड़े सौदे शामिल हैं। एफआईआई के मजबूत प्रवाह और बेहतर वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच घरेलू मोर्चे पर बाजार सकारात्मक बढ़त के साथ सुदृढ़ हो रहा है। उन्होंने कहा-इसके अलावा बजट के वृद्धि को बढ़ावा देने वाला होने की उम्मीद से धारणा मजबूत हो रही है और इससे केंद्रित गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

राष्ट्रीय

मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं प्रधानमंत्री : राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने नीट विवाद को लेकर किया दावा, कहा-सरकार चलाने के लिए करेंगे संघर्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट और नीट-यूजी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं और सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूस-यूक्रेन युद्ध रोक देते हैं, लेकिन पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर इसे रोकना नहीं चाहते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भाजपा और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दल संसद के आगामी सत्र में पेपर लीक के मुद्दे को उठाएंगे।

उन्होंने कहा-कहा जा रहा था कि नरेन्द्र मोदी जी ने रूस-यूक्रेन के युद्ध को रोक दिया था। इजरायल और गाजा के बीच युद्ध को को रोक दिया था। लेकिन नरेन्द्र मोदी हिंदुस्तान में पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे हैं या रोकना नहीं चाहते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया, अगर मैं कहूं तो प्रधानमंत्री मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं। वह मनोवैज्ञानिक रूप से ढह गए हैं और इस तरह सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे...मोदी का सरकार चलाने का विचार लोगों में डर पैदा करना, उन्हें डराना और बोलने नहीं देना है।

उन्होंने कहा-इस चुनाव में मोदी की मूल अवधारणा नष्ट हो गई है। अब हमारे पास एक मजबूत विपक्ष है। पेपर लीक के मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा, अगर योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं दी जाएगी, असमर्थ लोगों को कुलपति बनाया जाएगा और परीक्षा के ढांचे में अपनी विचारधारा के लोगों को डालेंगे तो पेपर लीक होगा। पेपर लीक का कारण है कि भाजपा के मातृत्व संगठन ने पूरे तंत्र को कब्जा कर रखा है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि जो संस्थान पहले निष्पक्ष हुआ करते थे, आज एक विचारधारा के साथ चलने लगे हैं तथा इन संस्थानों में असमर्थ लोगों के बैठा दिया गया है।

मोदी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था और भर्ती प्रणाली को तहस-नहस कर दिया : खरगे

कांग्रेस ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार लीक और फ्रॉड के बिना कोई परीक्षा आयोजित नहीं कर सकती। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि इस सरकार ने शिक्षा एवं भर्ती की पूरी व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। मेडिकल में प्रवेश के लिए होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे विवाद के बीच, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा गया है।

तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से एक रिश्तेदार की मौत पर शोक मनाते लोग। ● एजेंसी

तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में स्थित करुणापुरम क्षेत्र में मातम का माहौल है जहां जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत हो गई और इसके चलते कई बच्चे अनाथ हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जहरीली शराब पीने से 100 से अधिक लोग बीमार हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा-कल्लाकुरिची में हुई यह घटना नहीं होनी चाहिए थी और इससे मुझे गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि 'मेथनॉल मिश्रित देशी शराब' पीने से 34 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों की विशेष देखभाल करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इस स्थिति की समीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने इस मामले की जांच करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी गोकुलदास के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग गठित करने का भी निर्देश दिया। यह आयोग अवैध देशी शराब पीने से हुई लोगों की मौत के कारणों की जांच करेगा और साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर सरकार से सिफारिश करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहरीली शराब बेचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने जान गंवाने वाले 34 लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की।

एक नजर

सीजेआई और साथी न्यायाधीश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में लेंगे भाग

नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ और उच्चतम न्यायालय के उनके साथी न्यायाधीश शुक्रवार को आयोजित होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) समारोह में भाग लेंगे। शीर्ष अदालत की ओर से जारी परिपत्र में कहा गया है, 21 जून 2024 को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, उच्चतम न्यायालय के विस्तारित भवन परिसर के 'सी' ब्लॉक में द्वितीय तल पर स्थित सभागार और 'ए' ब्लॉक के चतुर्थ तल पर स्थित योग एवं मनोरंजन हॉल में रजिस्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

अभिनेता दर्शन की पुलिस हिरासत बढ़ी

बेंगलुरु। बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में बृहस्पतिवार को कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप एवं तीन अन्य आरोपियों की पुलिस हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी। धनराज, विनय और प्रदोष तीन अन्य आरोपी हैं जिनकी पुलिस हिरासत बढ़ायी गयी है। तेरह अन्य आरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उनमें दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा भी शामिल हैं।

बिहार के उपमुख्यमंत्री ने नीट प्रश्न पत्र लीक विवाद को राजद से जोड़ा

पटना, एजेंसी

- **विजय कुमार सिन्हा ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की**

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी के राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़े अधिकारियों के साथ संबंध हैं और इसकी उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए।

पटना में संवाददाता सम्मेलन में सिन्हा ने दावा किया कि राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी सिकंदर प्रसाद यादवेंदु के साथ लगातार संपर्क में था। उन्होंने कहा कि राजद नेता से जुड़े अधिकारी और मुख्य आरोपी के बीच संबंधों की गहन जांच की जानी चाहिए। यादवेंदु समस्तीपुर जिले का रहने वाला है। सिन्हा ने कहा, तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी सिकंदर के लिए पटना और अन्य स्थानों के गेस्ट हाउसों में ठहरने की व्यवस्था करता था। मेरे पास उन संदेशों का विवरण है जो अधिकारी ने सिकंदर के ठहरने की व्यवस्था करने के लिए संबंधित व्यक्तियों को भेजे थे। उन्होंने कहा कि उनके पास वह मोबाइल नंबर है जिससे यादवेंदु के ठहरने के लिए संदेश भेजे गए थे। इसकी गहन जांच होनी चाहिए। राजद नेता (तेजस्वी प्रसाद) इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, पूरे घटनाक्रम से पता चलता है कि राजद नेता किस तरह भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं। ऐसी खबरें हैं कि आरोपी रांची में न्यायिक हिरासत के दौरान लालू प्रसाद से जुड़ा था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने बृहस्पतिवार को कहा कि नीट पेपर घोटाले के सरगना के राजद नेता तेजस्वी यादव से संबंधों को लेकर उठ रहे सवालों पर तेजस्वी की चुप्पी से प्रतीत होता है कि दाल में कुछ न कुछ काला जरूर है। उन्होंने कहा-तेजस्वी जी को बताना चाहिए कि आखिर उनके और पेपर घोटाले के सरगना के बीच क्या संबंध हैं।

मप्र में पिता को लीवर देना चाहती है नाबालिग बेटी

इंदौर,एजेंसी

- **उच्च न्यायालय ने सरकार को दिया फैसला करने का निर्देश**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने राज्य सरकार को बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि वह 17 वर्षीय बेटी की सहमति से उसके पिता को यकृत का हिस्सा दान करने से जुड़े अनुरोध पर जल्द से जल्द फैसला करे और तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपे।

अदालत ने शहर के एक सरकारी अस्पताल के प्रबंधन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग लड़की की स्वास्थ्य जांच करके यह बताए कि पिता को लीवर का हिस्सा दान करने के बाद कहीं बेटी को सेहत से जुड़ी कोई समस्या तो नहीं होगी। इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र में खेती-किसानी करने वाले शिवनारायण बाथम (42) ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके गुहार लगाई है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी प्रीति को उन्हें लीवर का हिस्सा दान करने की मंजूरी दी जाए। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ के सामने इस याचिका पर सुनवाई के दौरान बाथम के वकील ने कहा उनके मुवक्किल को लीवर का हिस्सा जल्द प्रत्यारोपित नहीं किया गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। राज्य सरकार के वकील ने अदालत को बताया गया कि यह मामला मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार को भेजा गया है।

अखनूर बस दुर्घटना: जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक निलंबित

जम्मू, अमृत विचार: यूपी हाथरस से शिवखोड़ी जा रही बस गत 30 मई को अखनूर-सुंदरवनी रोड के चौकी चौरा के निकट खाई में जा गिरी थी। इस हादसे में कुल 22 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 70 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे को संज्ञान में लेते हुए जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अधिकारियों ने जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार को निलंबित करके उनको पुलिस हैडक्वार्टर में अटैच कर दिया। इससे पूर्व भी हादसे में लापरवाही को लेकर प्रशासन ने आरटीओ कार्यालय लखनपुर प्रवेश द्वार के एक इंस्पेक्टर सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था। इस मामले में आने वाले दिनों में लापरवाही के चलते कुछ और कर्मचारियों पर भी गाज गिर सकती है।

कर्नाटक में दो लोग मृत पाए गए, शरीर पर गोलियों के निशान

हासन (कर्नाटक)। कर्नाटक के हासन जिले में बृहस्पतिवार को दो लोग मृत पाए गए। उनके शरीर पर गोली लगने के घाव हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस को ऐसा संदेह है कि ये हत्या और आत्महत्या का मामला हो सकता है। हासन पुलिस अधीक्षक एम. सुजीता एम. एस. के अनुसार, दोनों व्यक्ति एक कार से होयसला नगर आए थे और एक भूखंड के पास किसी मुद्दे को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद आसपास रह रहे लोगों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी। एक व्यक्ति कार के बाहर मृत पाया गया, जबकि दूसरा वाहन के अंदर मृत मिला।

लू से 110 लोगों की मौत, 40 हजार से अधिक मामले आए सामने

नई दिल्ली, एजेंसी

भीषण गर्मी का प्रकोप

इस वर्ष एक मार्च से लेकर 18 जून के बीच में देश के बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी ने कम से कम 110 लोगों की जान ले ली और 40,000 से अधिक लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है। यहां लू और तापघात से करीब 36 लोगों की मौत हई है। उसके बाद बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई हैं। एक अधिकारिक सूत्र ने बताया, उपलब्ध आंकड़े राज्यों की ओर से दिए गए अंतिम आंकडें नहीं हैं। इसलिए यह संख्या बढ़ भी सकती है। जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ 18 जून को ही तापघात से छह लोगों की मौत हुई है। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में है, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है और केंद्र को ऐसे मरीजों की देखभाल के लिए अस्पतालों में विशेष इकाईयां स्थापित करने का परामर्श जारी करना पड़ा है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने बुधवार को निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू की जाए।

इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए की अस्पताल गर्मी से प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें। उन्होंने लू और तापघात से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारी की समीक्षा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लू के मद्देनजर राज्यों के स्वास्थ्य विभाग के लिए एक परामर्श जारी किया गया है। इसके तहत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के अंतर्गत राज्य नोडल अधिकारियों से कहा गया है कि वे एक मार्च से तापघात के मामलों और मौतों तथा कुल मौतों के आंकड़ों को प्रतिदिन जारी करना शुरू करें, साथ ही गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत उनकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं। परामर्श में कहा गया है कि सभी जिलों में तापजनित बीमारियों (एचआरआई) पर राष्ट्रीय कार्य योजना का प्रसार सुनिश्चित करें।

सूर्यकुमार और हार्दिक ने खेली शानदार पारी

भारतीय टीम ने बनाए 181 रन, शुरुआत में ही बुमराह ने दो और अक्षर पटेल ने लिया एक विकेट

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में गुरुवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ आठ विकेट पर 181 रन बनाए। सूर्यकुमार ने 28 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 53 रन की पारी खेलने के अलावा हार्दिक पंड्या (32 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 गेंद में 60 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। विराट कोहली (24) और ऋषभ पंत (20) ने भी उपयोगी पारियां खेली। भारत अंतिम छह ओवर में 66 रन जुटाने में सफल रहा।

अफगानिस्तान की ओर से कप्तान राशिद खान ने 26 जबकि फजलहक फारूकी ने 33 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। 181 रनों का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम को शुरुआत में ही 3 बड़े झटके लग गए। बुमराह ने 2 और अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। खबर लिखे जाने तक अफगानिस्तान की टीम ने 7 ओवर में दो विकेट खोकर 45 रन बना लिए थे। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की याद में बांह पर काली पट्टी बांधकर खेली जिनका गुरुवार को निधन हो गया। भारत ने धीमी शुरुआत के बाद तीसरे ओवर में ही रोहित (08) का विकेट गंवा दिया जो फजलहक फारूकी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में राशिद को कैच दे बैठे। ऋषभ पंत ने आते ही फारूकी पर चौका जड़ा जबकि कोहली ने नवीन उल हक का स्वागत सीधे छक्के के साथ किया। पंत ने नबी पर लगातार तीन चौके मारे। दूसरे चौके के दौरान हालांकि वह भाग्यशाली रहे जब नवीन ने उनका कैच टपका दिया। भारत ने पावर प्ले में एक विकेट पर 47 रन बनाए। पंत हालांकि अगले ओवर में राशिद की सीधी गेंद को चूककर पगबाधा हो गए। उन्होंने 11 गेंद में चार चौकों से 20 रन बनाए। कोहली (24) भी राशिद के अगले ओवर में उठाकर शॉट मारने की कोशिश में लॉन्ग ऑफ बाउंड्री पर नबी को कैच दे बैठे। शिवम दुबे (10) ने नूर अहमद जबकि सूर्यकुमार यादव ने राशिद पर छक्का मारा।

53 रन सूर्यकुमार यादव ने 28 गेंदें खेल कर पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से बनाए।

टी-20 वर्ल्डकप

- हार्दिक पांड्या ने खेली 32 रन की मत्वपूर्ण पारी
- राशिद खान ने भारतीय टीम के तीन विकेट झटके

राशिद ने हालांकि दुबे को पगबाधा करके भारत को चौथा झटका दिया। सूर्यकुमार ने अजमतुल्लाह ओमरजई पर दो चौकों के साथ 13वें ओवर में भारत के रनों का शतक पूरा किया। हार्दिक पंड्या ने भी नवीन और राशिद पर चौके जड़कर अपने तेवर दिखाए। उन्होंने 16वें ओवर में नूर की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का भी मारा। सूर्यकुमार ने अगले ओवर में फारूकी की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ सिर्फ 27 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगली गेंद को हवा में लहराकर नबी को कैच दे बैठे। भारत के 150 रन भी इसी ओवर में पूरे हुए। पंड्या ने अगले ओवर में नवीन पर छक्का जड़ा लेकिन फिर बाउंड्री पर ओमरजई को कैच दे बैठे। रविंद्र जडेजा ने भी सात रन बनाने के बाद फारूकी गेंद की गेंद पर गुलबदिन नैब को कैच थमाया। अक्षर पटेल ने पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले नवीन के ओवर में दो चौकों से 14 रन जुटाए।

डेविड के सम्मान में काली पट्टी बांध कर उतरी टीम

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के सम्मान में अफगानिस्तान के खिलाफ यहां गुरुवार को टी-20 विश्व कप सुपर आठ मैच के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1996 में दो टेस्ट खेलने वाले 52 वर्षीय जॉनसन का यहां गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरकर निधन हो गया। स्थानीय पुलिस ने कहा है कि यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि क्या यह आत्महत्या का मामला था। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों बांह पर काली पट्टी बांधकर मैदान पर बल्लेबाजी करने उतरे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां केनसिंग्टन ओवल में मैच शुरू होने से तुंरत पहले सूचित किया कि टीम इंडिया पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की याद में बांह पर काली पट्टी बांधेंगी जिनका गुरुवार को निधन हो गया। सचिन तेंदुलकर सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने जॉनसन के निधन पर शोक व्यक्त किया।

खेल डायरी

सैमंस जिम्बाब्वे पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने

हरारे, एजेंसी। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप के लिये जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के पहले मैच से शुरू होगा। जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज डियोन इब्राहिम सहायक कोच होंगे।

अंविता ने अपने दूसरे ही टूर्नामेंट में खिताब जीता

बेंगलुरू। अंविता नरेंद्र ने अपने दूसरे ही पेशेवर टूर्नामेंट में खेलते हुए गुरुवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के आठवें चरण का खिताब सात शॉट की बढ़त के साथ जीता। न्यू जर्सी में जन्मीं अंविता पिछले हफ्ते अपने पदार्पण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहीं थी। उन्होंने यहां अंतिम दौर में दो अंडर 68 के स्कोर से कुल आठ अंडर 210 का स्कोर बनाया। अंविता ने एमेच्योर खिलाड़ी लावन्या जेडोन को पछाड़ा जो अंतिम दौर में 73 के स्कोर से कुल एक अंडर 209 के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं। अपना दूसरा पेशेवर टूर्नामेंट खेल रहीं विधात्री उर्स तीसरे स्थान पर रहीं।

सेरेवी पुरुष, महिला रग्बी 7 टीमों के मुख्य कोच

नयी दिल्ली, । विश्व रग्बी हाल आफ फेम में शामिल वेसाले सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला रग्बी 7 टीमों का मुख्य कोच बनाया गया है। फीजी के सेरेवी क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर 15 प्रति टीम रग्बी खेल चुके हैं। 'किंग आफ सेवंस' कहलाये जाने वाले सेरेवी ओलंपिक में रग्बी सेवंस को शामिल करने के लिये अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष विश्व रग्बी के सलाहकार भी रह चुके हैं। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल ने कहा कि रग्बी इंडिया में हम सभी का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना है। हम राष्ट्रीय सेवंस टीमों के मुख्य कोच के तौर पर वेसाले सेरेवी का स्वागत करते हैं।

भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके

अंताल्या (तुर्की)। भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं, लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं। विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जायेगी।

बुमराह के मुरीद हैं एम्बरोज

ब्रिजटाउन , एजेंसी

वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्बरोज भारत के जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक हैं और वह नहीं चाहते कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करे क्योंकि उनका मानना है कि हर तेज गेंदबाज चोटिल होने के जोखिम के साथ ही मैदान पर उतरता है।

इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने पिछले साल मार्च में कमर की तकलीफ के कारण सर्जरी कराई थी। लंबे रिहैबिलिटेशन (स्वास्थ्य लाभ) के बाद उन्होंने नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप के जरिये वापसी की और तब से शानदार फॉर्म में हैं। एम्बरोज ने इंटरव्यू में कहा कि गंभीर चोट नहीं होने की दशा में बुमराह को अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिये। मैं जसप्रीत बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। जब से मैने उसे पहली बार देखा है। वह गैर पारंपरिक गेंदबाज है लेकिन बेहद प्रभावी है और मुझे यही पसंद है। उसने भारत के लिये सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं कुछ साल पहले उससे मिला था जब भारतीय टीम एंटीगा में खेल रही थी। उसकी गेंदबाजी देखने में मजा आता है क्योंकि वह इतना अलग है।

विंडीज पर मिली जीत से आत्मविश्वास गहराया : फिल साल्ट

आइलेट, एजेंसी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने कहा है कि टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में वेस्टइंडीज पर आठ विकेट से मिली जीत से सही समय पर उनकी टीम का आत्मविश्वास बढा है और लय मिल गई है।

साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से इंग्लैंड ने 181 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। साल्ट ने मैच के बाद कहा हमारे लिये टूर्नामेंट अभी तक उतार चढाव भरा रहा था। आस्ट्रेलिया से हम हार गए और स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच में बारिश आ गई। हमने अभी तक बहुत क्रिकेट खेला ही नहीं। टूर्नामेंट क्रिकेट में आपको सही समय पर आत्मविश्वास और लय चाहिये होती है।

साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड जीता

ग्रोस आइलेट, एजेंसी

फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को गुरुवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाये, लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17.3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिये। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाये।

वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने 51 डॉट गेंदें डाली। जोफ्रा आर्चर ने 34 रन देकर और आदिल रशीद ने 21 रन देकर एक एक विकेट लिया और किफायती गेंदबाजी की। साल्ट को सात के स्कोर पर निकोलस पूरन ने जीवनदान दिया जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। उन्होंने बेयरस्टो के साथ तीसरे विकेट के लिये 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की। दोनों के बीच के ओवरों में मेजबान स्पिन आक्रमण का बखूबी सामना किया।

धीमी शुरुआत के बाद इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में खुलकर खेलना शुरू किया जब कप्तान जोस बटलर ने रोमारियो शेपर्ड को दो चौके लगाये। वहीं साल्ट ने अगले ओवर में आंद्रे रसेल को छक्का जड़ा। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए पावरप्ले के छह ओवर में स्कोर बिना किसी नुकसान के 58 रन तक पहुंचाया। आफ स्पिनर रोस्टन चेस ने मेजबान को पहली सफलता दिलाई जब बटलर 108 .9 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली उनकी गेंद पर चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए।



क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारे अल्कारेज

लंदन, एजेंसी

विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्कारेज की इस ग्रैंडस्लैम की तैयारियों को झटका लगा जब गुरुवार को यहां वह क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए। यहां गत चैंपियन और शीर्ष वरीय अल्कारेज को जैक ड्रेपर के खिलाफ 6-7, 3-6 से सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है और उन्होंने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन किया। अल्कारेज ने पिछले साल क्वीन्स टूर्नामेंट जीतकर विंबलडन की तैयारी करते हुए पहली बार इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट को जीता था। स्पेन के अल्कारेज को हालांकि फ्रेंच ओपन में खिताब जीतने के बाद अब तक ग्रास कोर्ट पर सिर्फ दो मैच खेलने का मौका मिला है।



ऑस्ट्रेलिया को मिल सकती है कड़ी टक्कर

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

टी-20 वर्ल्डकप

- बांग्लादेश खिलाफ सुपर-8 का मुकाबला आज
- टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हरा चुकी है सीरीज

कागजों पर भले ही यह मुकाबला एकतरफा नजर आता हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप के सुपर 8 के ग्रुप एक में शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना ऑलराउंड खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को इस मुकाबले में उतरने से पहले यह बात अच्छी तरह गांठ बांध लेनी चाहिए कि बांग्लादेश को हल्के से लेना टीम पर भारी पड़ सकता है। बांग्लादेश ने 2021 में अपनी घरेलू धरती पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया था। यहां की परिस्थितियां भी काफी हद तक उपमहाद्वीप से मिलती हैं और ऐसे में किसी भी तरह की ढ़िलाई ऑस्ट्रेलिया को भारी पड़ सकती है।

टीम इस प्रकार है:

ऑस्ट्रेलिया: मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा। रिजर्वः जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मैट शॉर्ट।

बांग्लादेशः नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।

इंग्लैंड और द. अफ्रीका के बीच कड़ा मुकाबला आज

ग्रोस आइलेट, एजेंसी

इंग्लैंड के बल्लेबाजों का सामना द. अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी से

सह मेजबान वेस्टइंडीज को हराकर फॉर्म में लौटे इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के दूसरे मैच में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के दमदार गेंदबाजी आक्रमण की कठिन चुनौती होगी। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में आठ विकेट से हराया।

अब वह ग्रुप में नेट रनरेट (प्लस 1.34) के आधार पर शीर्ष पर है चूंकि दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट उससे कम (प्लस 0.90) है। अब दक्षिण अफ्रीका को हराने पर सेमीफाइनल में उसका प्रवेश लगभग तय हो जायेगा। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में अमेरिका ने कड़ी चुनौती दी हालांकि उसने 18 रन से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के लिये 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से 17.3 ओवर में जीत दिला दी। साल्ट एक बार फिर कप्तान बटलर के साथ इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाना चाहेंगे।

हंगरी को हराकर जर्मनी नॉकआउट में

लीपजिग, एजेंसी

जर्मनी ने जमाल मुसियाला के शानदार गोल की बदौलत यूरो कप के ग्रुप ए के मुकाबले हंगरी को 2-0 से हराकर नॉकाआउट चरण में प्रवेश किया। बुधवार की रात खेले गये मुकाबले में मुसियाला ने पहले हाफ के 22वें मिनट में गोल दाग कर जर्मनी को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने 67वें मिनट में एक आसान गोल कर बढ़त को दो गुना कर दिया। यूरो कप के दो मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। क्रोएशिया और अल्बानिया के बीच और जे रदान शाकिरी के शानदार गोल की मदद से स्कॉटलैंड के साथ ड्रॉ खेला।

सर्बिया के डुसन (बाएं) व स्लोवेनिया के एल्सनिक एक दूसरे से फुटबॉल छीनते हुए।

सर्बिया और स्लोवेनिया ने खेला ड्रा

म्यूनिख। स्थानापन्न खिलाड़ी लुका जोविच के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत सर्बिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में गुरुवार को स्लोवेनिया को 1-1 से बराबरी पर रोका दिया। इसके साथ ही स्लोवेनिया की टीम यूरोपीय चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज करने से भी महरूम रह गई।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम के साथ जा सकते हैं लक्ष्मण

नयी दिल्ली, एजेंसी। वीवीएस लक्ष्मण और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उनका सहयोगी स्टाफ छह जुलाई से शुरू हो रही पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा कर सकता है जबकि गौतम गंभीर के कोच के तौर पर अपना कार्यकाल श्रीलंका दौरे से शुरू करने की उम्मीद है। जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा इस हफ्ते के अंत में होगी जो 22 या 23 जून को हो सकती है। गंभीर महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच डब्ल्यूवी रमन को पछाड़कर इस समय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच बनने के प्रबल दावेदार हैं।

बांग्लादेश से दो टेस्ट व तीन टी-20 खेलेगा भारत

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी सीनियर पुरुष टीम के 19 सितंबर से 12 फरवरी तक के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अपने कैलेंडर में पांच घरेलू टेस्ट के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा।

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई और कानपुर में दो टेस्ट मैच खेलेगी जिसके बाद बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी। इन पांच टेस्ट के अलावा भारत को घरेलू मैदानों पर आठ टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा जबकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे की पूर्ण श्रृंखला 22 जनवरी से 12 फरवरी तक खेली जायेगी।

बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम वनडे से भारत का घरेलू सत्र भी खत्म हो जायेगा क्योंकि इसके बाद टीम चैम्पियंस ट्राफी के लिए रवाना होगी जिसके 'हाइब्रिड मॉडल' में खेले जाने की उम्मीद है क्योंकि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के पाकिस्तान की यात्रा करने की उम्मीद नहीं है। भारत का घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगा और दूसरा टेस्ट कानपुर में 27 सितंबर से खेला जायेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ
पहला टेस्ट: बेंगलुरु (16-20 अक्टूबर)
दूसरा टेस्ट: पुणे (24-28 अक्टूबर)
तीसरा टेस्ट: मुंबई (1-5 नवंबर)

बांग्लादेश के खिलाफ
पहला टेस्ट: चेन्नई (19-23 सितंबर)
दूसरा टेस्ट: कानपुर (27 सितंबर-एक अक्टूबर)
पहला टी-20: धर्मशाला (6 अक्टूबर)
दूसरा टी-20: दिल्ली (9 अक्टूबर)
तीसरा टी-20: हैदराबाद (12 अक्टूबर)

इंग्लैंड के खिलाफ
पहला टी-20: चेन्नई (22 जनवरी)
दूसरा टी-20: कोलकाता (25 जनवरी)
तीसरा टी-20: राजकोट (28 जनवरी)
चौथा टी-20: पुणे (31 जनवरी)
पांचवां टी-20: मुंबई (2 फ़रवरी)
पहला वनडे: नागपुर (6 फरवरी)
दूसरा वनडे: कटक (9 फरवरी)
तीसरा वनडे: अहमदाबाद (12 फरवरी)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

रूस-उत्तर कोरिया समझौते पर भड़का दक्षिण कोरिया

सियोल, एजेंसी

- कहा- यूक्रेन को लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच हुए उस समझौते की निंदा की, जिसमें युद्ध की स्थिति में आपसी रक्षा सहयोग की बात कही गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह यूक्रेन को आपूर्ति को सीमित करने की अपनी नीति पर पुनर्विचार करेगा।

राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह टिप्पणी की। इससे पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को प्योंगयांग में अपने शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच हुए समझौते की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि यह समझौता दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा है और इसका रूस-दक्षिण कोरिया संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि दक्षिण कोरिया इसके जवाब में यूक्रेन को रूसी हमले से लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा। दक्षिण कोरिया एक उभरता हथियार निर्यातक है और उसके पास अमेरिका समर्थित एक सुसज्जित सेना है।

कुआलालंपुर जा रहा विमान तकनीकी गड़बड़ी से लौटा

हैदराबाद। कुआलालंपुर के लिए हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पिछली रात उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मलेशिया एयरलाइंस के पायलट को इंजन में किसी तकनीकी खराबी का पता चला और वह विमान को यहां वापस ले आया। हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार उड़ान एमएच 199 ने बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात पौने एक बजे यहां से रवाना हुई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से कुछ देर बाद वह वापस लौट आयी। सूत्रों ने बताया कि विमान में 138 यात्री सवार थे। विमान को बुधवार देर रात 12 बज कर 15 मिनट पर रवाना होना था। सूत्रों ने बताया कि यह उड़ान तीन बजकर 21 मिनट पर हवाई अड्डे पर लौट आयी।

किस परियोजना में तैयार

उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना में कुल 119 किलोमीटर की 38 सुरंगें शामिल हैं। सबसे लंबी सुरंग टी-49 की लंबाई 12.75 किलोमीटर है। यह देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है। परियोजना में 927 पुल (कुल लंबाई 13 किलोमीटर) भी शामिल हैं। इन पुलों में चिनाब पुल भी है। यह एफिल टावर से लगभग 35 मीटर ऊंचा है।

इंजीनियरिंग का नमूना है पुल

चेनाब पुल का निर्माण तीव्र गति की हवा को ध्यान में रखकर किया गया है। इसका डिजाइन 266 किलोमीटर प्रति घंटा की हवा को आसानी से झेल सकता है। चेनाब पुल पर दो ट्रैक बिछाए गए हैं। पुल को इंक्रीमेंटल लॉन्चिंग से लॉन्च किया गया है। इस तरीके से लॉन्च करते हुए इसे एक कर्व में भी धकेला गया है। इस प्रकार का कार्य इंजीनियरिंग का नमूना है।

भारत में तैयार दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च पुल

भारत में तैयार दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च पुल पर रेलवे का ट्रायल चल रहा है। जल्द ही इस पर भारतीय रेल दौड़ती नजर आएंगी। जिससे इस पर यात्रा करने वालों को एक अलग ही अनुभव होगा। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की चेनाब नदी पर बना यह पुल देश के लिए किसी गौरव से कम नहीं है। आइए जानते हैं दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च पुल की खासियतें।

120 सालों तक सेवा में रहेगा

चेनाब पुल की ऊंचाई नदी तल से 359 मीटर है। चेनाब पुल की कुल लम्बाई 1315 मीटर है, जिसमें से 530 मीटर वायाडक्ट यानी जमीन के ऊपर और शेष भाग 785 मीटर चेनाब वैली पर बना है। चेनाब पुल को 120 वर्षों के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मतलब यह है कि पुल एक सदी से भी अधिक समय तक बड़ी आसानी से भारतीय रेलवे में सेवारत रहेगा।

27,000 टन स्टील की खपत

चेनाब पुल में कुल मिलाकर 18 खम्बे हैं, सबसे ऊंचा कंक्रीट पिलर करीब 49.343 मीटर का है और सबसे ऊंचा स्टील पिलर करीब 130 मीटर ऊंचा है। इस ब्रिज में लगभग 27,000 टन से भी ज्यादा स्टील की खपत हुई है। डीआरडीओ की मदद से इस पुल को ब्लास्ट लोड के लिए भी डिजाइन किया गया है। ब्रिज को जोड़ने के लिए विश्व स्तरीय वेल्डिंग का उपयोग किया गया है।

एक नजर

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से बात की

नयी दिल्ली। इंडोनेशिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो से फोन कॉल पाकर खुशी हुई।

पेन्सिलवेनिया प्रांत में गोलीबारी, सात घायल

न्यूयॉर्क। अमेरिका में पेन्सिलवेनिया प्रांत के फिलाडेल्फिया में गोलीबारी में सात लोग घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार की शाम को शहर में हुई गोलीबारी में सात लोग घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हमलावर एक वाहन में बैठकर घटनास्थल से भाग गए। फिलहाल घटनास्थल पर कोई हथियार नहीं मिला है। घटना की जांच जारी है।

10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मियों की मौत

गाजा। दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में इजरायली सेना के हमले में 10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गयी। फिलिस्तीनी सुरक्षा एवं चिकित्सा सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि इजरायली विमानों ने राफ़ा के पूर्व में वाणिज्यिक ट्रकों पर रखे सामानों की सुरक्षा कर रहे सुरक्षाकर्मियों के एक समूह को निशाना बनाया। हमले में 10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मी मारे गये और अन्य घायल हो गये। घायलों को बुधवार को यूरोपीय गाजा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

रूस ने यूक्रेन के पावर ग्रिड पर फिर हमला किया

कीव। रूस ने यूक्रेन के पावर ग्रिड पर हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए हैं जबकि कीव की सेना ने सीमा पार ड्रोन से हमला कर एक बार फिर रूसी तेल सुविधाओं को निशाना बनाया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। लगभग 1,000 किलोमीटर की सीमा पर कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होने की सूचना के साथ युद्ध में दोनों पक्षों ने दूर स्थित बुनियादी ढांचा संबंधी लक्ष्यों को निशाना बनाया है। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने मध्य और पूर्वी यूक्रेन में ऊर्जा सुविधाओं और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर नौ मिसाइलें और 27 शाहिद ड्रोन दागे।

भारतीय चुनाव प्रक्रिया की सराहना

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की

नयी दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी कांग्रेस की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में भारत की यात्रा आये सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने देश में लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में नैन्सी पेलोसी, ग्रेगरी मीक्स, मारियानेट मिलर-मीक्स, निकोल मल्लियोटाकिस, अमेरीश बाबूलाल 'अमी बेरा' और जिम मैकगवर्न शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने भारत में हाल ही में संपन्न दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया के पैमाने, निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने भारत-अमेरिका संबंधों को महत्वपूर्ण बताते हुए व्यापार, नई और उभरती प्रौद्योगिकी, रक्षा, लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित सभी क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक वैश्विक साझेदारी को और प्रगाढ बनाने के लिए समर्थन व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने में अमेरिकी कांग्रेस के निरंतर और दोनों दलों के समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। यह साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति सम्मान और मजबूत लोगों से लोगों के संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने वैश्विक भलाई के लिए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने गत जून की अमेरिका की अपनी राजकीय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दौरान उन्हें अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करने का अवसर मिला था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करता अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल।

- प्रधानमंत्री ने वैश्विक भलाई के लिए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई

दलाई लामा राजनीतिक प्रस्तावों में सुधार करें : चीन

बीजिंग, एजेंसी। चीन ने गुरुवार को तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा से कहा कि वह वार्ता के लिए अपने राजनीतिक प्रस्तावों पर विचार करते हुए उन्हें पूरी तरह से दुरुस्त करें। इसके साथ ही उसने अमेरिका से कहा कि वह तिब्बत से जुड़े मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता का सम्मान करे, क्योंकि वाशिंगटन एक सख्त तिब्बत नीति कानून पारित करने वाला है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि 14वें दलाई लामा के साथ केंद्र सरकार के संपर्क और संवाद के बारे में चीन की नीति सुसंगत और स्पष्ट है। चीन ने अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की धर्मशाला यात्रा और दलाई लामा (88) के साथ उनकी बैठक पर करीबी नजर रखी। प्रतिनिधिमंडल की यात्रा ऐसे समय में हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों द्वारा पारित तिब्बत नीति विधेयक पर हस्ताक्षर करने वाले थे।

शेख हसीना आज आएंगी भारत

नयी दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को आ रही हैं। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री शेख हसीना 21-22 जून को भारत की राजकीय यात्रा करेंगी। भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में नयी सरकार बनने के बाद यह पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा होगी। विज्ञप्ति के अनुसार यात्रा के दौरान हसीना प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय परामर्श करने के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

100 भारतीय शिक्षकों की नियुक्ति करेगा भूटान

थिम्पू, एजेंसी

- शिक्षा और कौशल विकास मंत्री यीज़ांग डी थापा के हवाले से रिपोर्ट में जानकारी दी गई

भूटान सरकार देश में एसटीईएम शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए जुलाई में भारत से करीब 100 शिक्षकों को नियुक्त करेगी। एसटीईएम संवर्ग में वे शिक्षक होते हैं, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों को पढ़ाते हैं। भूटान के कुएन्सेल समाचारपत्र ने शिक्षा और कौशल विकास मंत्री यीज़ांग डी थापा के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक सरकार जुलाई में 35 गणित शिक्षकों, 18 भौतिकी शिक्षकों, 19 रसायन विज्ञान शिक्षकों और 28 आईसीटी प्रवासी शिक्षकों को नियुक्त करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि जून तक भूटानी स्कूलों में 135 एसटीईएम शिक्षकों की कमी है, जिनमें गणित में 46, आईसीटी में 38, भौतिकी में 22 और रसायन विज्ञान में 29 शामिल हैं। पिछले वर्ष 1,263 शिक्षकों की कमी थी। गत जनवरी में कुल 187 शिक्षाशास्त्र (बी.एड) शिक्षकों की भर्ती की गई।

अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- बिल नेल्सन बोले- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय यात्री को मिलेगा प्रशिक्षण

नासा प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी भारत के साथ सहयोग बढ़ाएगी तथा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर संयुक्त प्रयास करेगी, जिसमें एक भारतीय यात्री को भी शामिल किया जाएगा। नेल्सन का बयान अमेरिका और भारत द्वारा एक तथ्यपत्र जारी किये जाने के बाद आया है। इस तथ्यपत्र में कहा गया है कि दोनों देश अमेरिका में इसरो के अंतरिक्षयात्रियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण शुरू करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

यह तथ्यपत्र जारी किये जाने से पहले सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और (भारतीय) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच 'आईसीईटी (महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका की पहल)' वार्ता हुई थी। नेल्सन ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, पिछले साल की मेरी भारत यात्रा के बाद आगे बढ़ते हुए नासा मानवता के फायदे के लिए महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर अमेरिका एवं भारत की पहल को बढ़ाती रहेगी। साथ मिलकर हम अंतरिक्ष में दोनों देशों के सहयोग का विस्तार कर रहे हैं तथा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर संयुक्त प्रयास में इसरो के एक अंतरिक्ष यात्री को शामिल करेंगे।

जापान के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

टोक्यो, एजेंसी

- लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के गुटों के राजनीतिक फंड के बारे में कुछ नहीं बोलने का आरोप

जापान की विपक्षी कॉन्स्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की कैबिनेट के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिस पर आज ही मतदान होने की उम्मीद है। जापानी प्रसारक एनएचके ने मसौदा दस्तावेज के हवाले से कहा, प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के गुटों के राजनीतिक फंड के बारे में सच्चाई को सामने नहीं लाया है और रिश्वत प्रथा के उभरने की समस्या के बारे में अब तक कुछ नहीं कहा है। जापानी संसद के निचले सदन के पूर्ण सत्र में कुछ देर बाद मसौदा प्रस्ताव पर मतदान होने की उम्मीद है।

मंगलवार को विपक्षी निप्पॉन इशिन नो काई पार्टी ने जापानी संसद के ऊपरी सदन में किशिदा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। बहस के दौरान विपक्षी नेताओं ने किशिदा के इस्तीफे और अधिक सक्षम उत्तराधिकारी की नियुक्ति की मांग की। जवाब में, प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने सरकार के सामने आने वाले जरूरी कार्यों पर प्रकाश डाला।

समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की शुरुआत

कोलंबो, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से गुरुवार को समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की संयुक्त रूप से शुरुआत की। समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र के निर्माण के लिए भारत ने 60 लाख डॉलर का अनुदान दिया है। जयशंकर सुबह श्रीलंका पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात की।

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहलों पर हुई प्रगति की सराहना की। जयशंकर ने पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के मार्गदर्शन में भारत-श्रीलंका के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई, विशेष रूप से बिजली, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, बंदरगाह बुनियादी ढांचे, विमानन, डिजिटल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्रों में। हमारे पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों के निरंतर विकास के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध। राष्ट्रपति के मीडिया विभाग ने बताया कि दोनों नेताओं ने श्रीलंका के राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे और जयशंकर ने श्रीलंका में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र की पट्टिका का डिजिटल माध्यम से अनावरण किया और औपचारिक तौर पर केन्द्र की शुरुआत की।

- समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र के निर्माण के लिए भारत ने 60 लाख डॉलर का अनुदान दिया

इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का अपहरण

लाहौर, एजेंसी

- देर रात लाहौर के खयाबन-ए-अमीन स्थित अपने घर से निकले थे गुलाम शब्बीर

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर अपहरण कर लिया है। मीडिया में आई खबरों में गुरुवार को यह जानकारी दी गई।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने खबर दी है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता शाहबाज गिल के बड़े भाई गुलाम शब्बीर का दो दिन पहले अज्ञात व्यक्तियों ने उस समय अपहरण कर लिया, जब वह इस्लामाबाद जा रहे थे। इस बाबत कान्हा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी उनके बेटे बिलाल ने दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि शब्बीर देर रात लाहौर के खयाबन-ए-अमीन स्थित अपने घर से निकले और इस्लामाबाद की ओर चल दिए। इस बारे में और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। पीटीआई पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक खान पिछले साल अगस्त से जेल में हैं, जब उन्हें कुछ मामलों में दोषी करार दिया गया था। उनके खिलाफ करीब 200 मामले दर्ज हैं।

बॉलीवुड हलचल

भोजपुरी गाना सौतिनिया के सड़िया हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सुपर स्टार राकेश मिश्रा और अभिनेत्री श्यामली श्री का नया भोजपुरी गाना सौतिनिया के सड़िया रिलीज हो गया है। सौतिनिया के सड़िया गाना में राकेश मिश्रा और श्यामली श्री की लाजवाब केमेस्ट्री भी नज़र आ रही है। इस गाने को देसी लोटा एंटरटेनमेंट एंड शूट सॉल्यूशन द्वारा प्रस्तुत किया गया है और इसके निर्माता धुन बजा भोजपुरी हैं। गाना सौतिनिया के सड़िया को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना मस्त है और हमने इसे बेहद खूबसूरती से बनाया है। उम्मीद करता हूं सबों को पसंद आयेगा। उन्होंने कहा कि इस गाने में पहली बार उन्होंने खूबसूरत अदाकारा श्यामली श्री के साथ काम किया है। गाने को बनाने में सबों का योगदान सराहनीय रहा है। जहां तक बात श्यामली का है तो उसकी अदाकारी भी कमाल की है। इस गाने के जरिये उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल को दर्शकों के सामने रखा है। वहीं, श्यामली श्री ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बेहद ख़ास है। गाने में एक महिला की पीड़ा को दिखाया गया है, जब उसको ये पता चलता है कि उसके पीठ पीछे उसका पति किसी परायी स्त्री को साड़ी देकर आ रहा है।

अमिताभ सर के साथ काम करना बड़ी उपलब्धि : प्रभास

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास का कहना है कि महानायक अमिताभ बच्चन के साथ कल्कि 2898 एडी में काम करना उनके लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित साइंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी की प्री रिलीज इवेंट मुंबई में आयोजित की गयी। प्रभास ने बताया कि फिल्म कल्कि 2898 एडी के सेट पर कैसे अमिताभ बच्चन के पहली बार पैर छूने के बाद उन्हें दोबारा ऐसा न करने की सख्त ताकीद गई। वह भी इस चेतावनी के साथ कि यदि ऐसा वह दोबारा करेंगे तो अमिताभ बच्चन भी उनके पैर छू लेंगे। प्रभास ने अपने बचपन के दिनों की याद करते हुए बताया कि कैसे उन दिनों साउथ के हर लंबे आदमी को अमिताभ बच्चन ही कहकर बुलाया जाता था और कैसे उन्होंने अमिताभ बच्चन की तमाम फिल्में तमाम जतन करके देखी हैं।

माही-गोल्डी का लोकगीत पिया काली साड़ी रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का नया लोकगीत पिया काली साड़ी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि अपने पति से काली साड़ी लाने की डिमांड करके नसीहत देकर माही श्रीवास्तव काफी खुश हैं। वह ठुमका लगाते हुए अपनी सहेलियों संग खूब मस्ती और डांस करते हुए कहती है कि... जहिया बजरिया सवारिया जी, डाले है पड़ोसन नजरिया जी, आप मेरे हीरो मैं हीरोइन आपकी, पेन्ह के लगूंगी ऐश्वर्या जी, दूनों दिलवा के बात दिलवाले पिया, गोरे देहिया प लागा ताड़ी काले पिया... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत पिया काली साड़ी के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को गोल्डी यादव ने गाया है।

खगोल विज्ञान स्पेन के बास्क सिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा

190 साल पुराना है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट 190 साल पुराना है। यह एक भीषण तूफान है, जो 450 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ता है। स्पेन के बास्क सिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों में यह खुलासा किया है।

हमारे सौर परिवार का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति ग्रेट रेड स्पॉट को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है। किसी भी दूरबीन की पहली नजर इस तूफान पर पहले जाती है और हर कोई इस तूफान के बारे में जानना चाहता है। मगर नया शोध हैरत में डालने वाला है। जिसमें बृहस्पति के रेड स्पॉट की गहनता से जांच परख की है। जिसमें खासकर यह पता चलता है कि यह तूफान सीधे आगे न जाकर भंवर के रूप में एक सीमा के अंदर घूमता है। इस शोध ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह रेड स्पार्ट वह स्थान नहीं है, जिसे खगोलविदों द्वारा 1600 के दशक में पहली बार देखा गया था। नया विशाल नारंगी प्रतिचक्रवात है। 17 जून को शोधकर्ताओं ने कहा कि आज हम बृहस्पति पर जो ग्रेट रेड स्पॉट देखते हैं, यह वह तूफ़ान नहीं है जो खगोलविदों ने 1600 के दशक में देखा था। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह तूफान करीब 190 साल पहले बना था। यह सौर मंडल में सबसे लंबे समय तक रहने वाला भँवररूपी चक्रवाती तूफान है। जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में यह शोध प्रकाशित किया गया है। ग्रेट रेड स्पॉट का आकार और रंग पिछले कुछ वर्षों में भिन्न-भिन्न रहा है। 1879 में वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया कि ग्रेट रेड स्पॉट की चौड़ाई 39,000 किमी थी। मगर अब 14,000 किमी चौड़ा और गोलाकार है। वर्तमान में इसका आकार लगभग पृथ्वी व्यास के बराबर है।

बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान का ताजा चित्र।

उथला व पतला है ग्रेट रेड स्पॉट

नैनीताल : ग्रेट रेड स्पॉट उथला और पतला है। शोधकर्ताओं ने जोवियन वातावरण में पतले भंवरों के व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए कंप्यूटर मॉडलिंग का उपयोग किया। तूफ़ान कैसे बना होगा, इस बारे में अध्ययन किया। यह एक विशाल महातूफान छोटे भंवरों के विलय या शायद वायुमंडलीय कोशिका बनाने वाली हवाओं में अस्थिरता का परिणाम हो सकता है।